Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
NA
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-105

### भाजपा ने जारी किया घोषणा-पत्र, नाम दिया संकल्प-पत्र

# एक देश एक कानून का संकल्प

- *भाजपा की गारंटी : मोदी की गारंटी पूरी होने की गारंटी*
- *भाजपा की प्राथमिकता : गरीब, युवा, किसान और महिला*
- *भाजपा का लक्ष्य : घुसपैठियों से देश को खाली करना है*
- *भाजपा का फैसला : गरीबों का मुफ्त राशन जारी रहेगा*




**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज सुबह लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया। भाजपा ने इसे संकल्प-पत्र कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में भाजपा का घोषणा-पत्र जारी किया गया। घोषणा-पत्र से यह स्पष्ट है कि देश की विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ भाजपा का अगला लक्ष्य समान नागरिकता कानून लाना और अवैध घुसपैठियों को बाहर निकालना है। ये दोनों मसले देश की अनिवार्यता हैं, जिसे भाजपा ने अपने संकल्प में शामिल किया है। भाजपा का घोषणा-पत्र केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 27 वरिष्ठ नेताओं की समिति ने तैयार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस समिति की संयोजक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा-पत्र जारी करते हुए कहा, भाजपा ने घोषणा-पत्र की शुचिता और पारदर्शिता को फिर स्थापित किया है। यह संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान को सशक्त करता है। हमारा फोकस नौकरी पर है। घोषणा-पत्र जारी किए जाने के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को लेकर आगे बढ़ रही है। भाजपा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। लोकसभा चुनाव-2024 के संकल्प पत्र के विमोचन के दौरान पीएम ने इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। पीएम मोदी ने कहा कि एक व्यक्ति एक व्यक्ति आज भरोसे का पर्याय बन चुका है। क्योंकि मोदी की गारंटी पूरी होने की गारंटी है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के होंगे, यह मोदी की गारंटी है।

▶9 पर

### भाजपाई संकल्प-पत्र के महत्वपूर्ण बिंदु

- समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी।
- सीमापार घुसपैठ पर कारगर तरीके से नकेल कसेगी।
- मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी।
- हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।
- पर्यावरण अनुकूल शहरों का विकास किया जाएगा।
- तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वादा।
- महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा।
- कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा।
- पेपर लीक नियंत्रण के लिए कानून लागू किया जाएगा।
- 70 साल से ज्यादा के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में लाया जाएगा।
- सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर बनाए जाएंगे।
- 80 करोड़ परिवारों को पांच और साल मुफ्त राशन देना जारी रहेगा।
- आयुष्मान योजना के दायरे में ट्रांसजेंडर भी होंगे।
- हर घर नल से जल योजना का विस्तार किया जाएगा। सरकार की उज्ज्वला योजना जारी रहेगी।
- राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन की समीक्षा होगी। एमएसपी में बढ़ोतरी जारी रहेगी।
- हर गरीब को पक्का घर देने की योजना जारी रहेगी।
- स्वनिधि योजना का गांवों तक विस्तार होगा।
- सभी को स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा।
- मछुआरों के लिए बीमा योजना लागू होगी।
- वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार होगा। वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो ट्रेन चलेंगी।
- मुद्रा योजना के तहत 20 लाख रुपए के ऋण दिए जाएंगे।
- पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम किया जाएगा।

### होशंगाबाद की जनसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे मोदी

# शाही परिवार का शहजादा जादूगर भी है




**कांग्रेस-राज में गरीबी नहीं हटी, अब जादू से हटाएंगे**

**इंडी गठबंधन अत्यंत खतरनाक, संभल कर रहना है**

**भोपाल, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी को जादूगर बताया और कहा कि सबसे अधिक समय पर कांग्रेस ने देश पर राज किया लेकिन गरीबी नहीं हटी, अब जादूगर कौन सा जादू लाए हैं जिससे एक झटके में गरीबी हटा देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इनकी पूरी राजनीति देश के भोले-भाले लोगों को ऐसे ही झांसा देकर सत्ता हासिल करने की रही है। प्रधानमंत्री मोदी नर्मदापुरम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह के समर्थन में पिपरिया में आयोजित सभा में बोल रहे थे। मां नर्मदा के जयघोष से भाषण की शुरुआत करने के बाद मोदी ने इंडी गठबंधन, कांग्रेस, राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कांग्रेस पर बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। एक झटके में गरीबी दूर करने वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी को शहजादा और जादूगर भी कहा। पीएम ने इंडी गठबंधन और उसमें शामिल दलों के घोषणा-पत्रों को खतरनाक बताया और कहा कि इनसे संभल कर रहना चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा, अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब मध्य प्रदेश ने पूरे देश को चौंका दिया था और होशंगाबाद ने तो कमाल कर दिया था। यहां से जो लहर उठी थी, वह लहर पूरे देश में फैल चुकी है। आज देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है, फिर एक बार मोदी सरकार। आज संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की जन्म जयंती है। उनकी जन्मस्थली महू यहां से ज्यादा दूर नहीं है। महू में उनका घर हो या देश-विदेश में वे जहां भी रहे, उन स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का सौभाग्य भाजपा सरकार को मिला है।

संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को जो सम्मान कांग्रेस ने कभी नहीं दिया, वह सम्मान करने का सौभाग्य हमें मिला है। कांग्रेस जैसी पार्टियों ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित करने का ही काम किया है। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया है, उसके कारण ही आज गरीब मां का ये बेटा नरेंद्र मोदी आपसे तीसरी बार सेवा करने का आशीर्वाद मांग रहा है। ये बाबा साहेब का संविधान है, जिसके कारण आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी परिवार की बेटी हैं। जिस समाज को सबसे अंत में पूछा गया, जिसको वंचित रखा गया, उस समाज की बेटी आज देश की राष्ट्रपति के रूप में पहली नागरिक है।

▶9 पर

### जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सुरक्षा की पुख्ता तैयारी

## पूर्वी लद्दाख के लिए बनेगी सेना की नई डिवीजन




**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए एक नई सेना डिवीजन बनाने की लंबे समय से रुकी योजना इस साल लागू होने जा रही है। यह योजना जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र के लिए बदलावों की एक श्रृंखला का हिस्सा होगी। सेना उत्तरी कमान के तहत पूर्वी लद्दाख में संभावित तैनाती के लिए 72 डिवीजन को बढ़ाने पर विचार कर रही है, जिसे मूल रूप से पानागढ़ (पश्चिम बंगाल) स्थित 17 माउंटेन स्ट्राइक कोर (एमएससी) के तहत काम करना था। एक डिवीजन में लगभग 14,000 से 15,000 सैनिक होते हैं। हालांकि, अतिरिक्त मैनपावर भर्ती करने के बजाय, अन्य संरचनाओं से नए डिवीजन में तैनाती के लिए मौजूदा कर्मियों को पुनर्गठित करने की संभावना है। ▶9 पर

### हमास के समर्थन में ईरान भी युद्ध में कूद पड़ा

# इजराइल ने नाकाम किया ईरान का ड्रोन हमला

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** हमास का लगातार समर्थन कर रहा ईरान अब इज़राइल के खिलाफ खुद युद्ध में कूद पड़ा है। ईरान ने इज़राइल पर ड्रोन और मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमला किया, लेकिन ईरान के सारे ड्रोन तबाह कर दिए गए। अमेरिका ने इज़राइल का साथ दिया। इसके साथ ब्रिटेन समेत कई पश्चिमी देशों ने इज़राइल का साथ देने की घोषणा की है। भारत ने युद्ध पर अपनी नीति कायम रखते हुए दोनों देशों से युद्ध की तरफ बढ़ने से रुकने की अपील की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हम इज़राइल और ईरान के बीच दुश्मनी बढ़ने को लेकर गंभीर तौर पर चिंतित हैं। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा पर खतरा पैदा होता है। हम इस संघर्ष से पीछे हटने और दोनों देशों से अपने कदमों को रोकने के साथ बातचीत करने की अपील करते हैं। यह जरूरी है कि क्षेत्र में सुरक्षा और



**भारत ने युद्ध रोकने और वार्ता करने की अपील की**

स्थायित्व कायम रहे।

ईरान के इज़राइल पर ड्रोन्स और मिसाइल हमले के बाद लड़ाई का एक और मोर्चा खुलने की आशंका पैदा हो गई है। पहले ही वैश्विक तनाव से जूझ रही दुनिया में इस घटना ने मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। यही वजह है कि दुनियाभर से ईरान के हमले को लेकर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। वहीं ईरान ने धमकी दी है कि अगर इज़राइल उकसावे की कार्रवाई जारी रखता है तो इसके गंभीर अंजाम होंगे।

ईरान के हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आज आपात बैठक बुलाई गई है। इज़राइल ने इसकी मांग की थी और इज़राइल ने साथ ही सुरक्षा परिषद से ये भी मांग की है कि परिषद ईरान के हमले की कड़ी निंदा करे और ईरान की सेना रिवोल्यूशनरी गार्ड को एक आतंकी संगठन घोषित करे। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से मुलाकात कर हालात पर चर्चा की। ईरान के ड्रोन्स और मिसाइलों ने इज़राइल पर हमला किया है, ▶9 पर

## मुंबई आ रहे इज़राइली जहाज को ईरान ने अगवा किया

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** ईरानी नौसेना के कमांडो ने मुंबई आ रहे एक इज़राइली जहाज को अगवा कर लिया है। जहाज पर 17 भारतीय भी हैं। यूएई से चले इस जहाज के बोर्ड पर 17 भारतीय नागरिक मौजूद थे। अगवा किए गए जहाज का नाम एमएससी एरीज है जो मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट के लिए आ रहा था। जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था, उसी समय हेलीकॉप्टर से उतरे ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के कमांडो ने जहाज पर कब्जा कर लिया और उसे अगवा कर ▶9 पर

## जिसने जेल में सरबजीत को मारा, वह मारा गया



**लाहौर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** पाकिस्तान की जेल में भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की लाहौर में हत्या कर दी गई। लाहौर में अज्ञात लोगों ने उसे गोलियों से भून डाला। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वह अपनी कार से कहीं जा रहा था। सरफराज ने ही भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की कोट लखपत जेल में हत्या कर दी थी। उसने आईएसआई के इशारे पर सरबजीत को मारा था।

भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की मौत 2 मई 2013 को हुई थी। साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने ▶9 पर

### छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में बोले अमित शाह

# हम पूरे देश में यूसीसी लागू करेंगे



**राजनांदगांव, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में आतंकवादी सीमा पार करते थे। मोदी ने दुश्मनों के घर में घुसकर उनका सफाया कराया। उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने और और पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आग्रह किया।

अमित शाह ने कहा कि हम पूरे देश में यूसीसी लागू करेंगे। पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक समय पर कराएंगे। पानी की तरह नल से गैस कनेक्शन भी देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह खैरागढ़ जिले के राजा फतेह सिंह मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने कहा कि कश्मीर हम सबके लिए है। राजनांदगांव के युवक कश्मीर के लिए सीमा पर गोली खाने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस 75 साल से राम मंदिर की मूर्ति को लटका के रखे था। मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में भगवान राम का मंदिर बनवाया। इस रामनवमी पर भगवान राम अपने मंदिर में बर्थडे मनाएंगे।

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि गंगाजल लेकर कसम खाई थी कि शराबबंदी करेंगे लेकिन भूपेश बघेल ने राज्य में शराब की नदियां बहा दी। शाह ने कहा कि देश में दस साल तक सोनिया मनमोहन की सरकार रही लेकिन कुछ नहीं किया। हमने धान खरीदी की सीमा बढ़ाई, हमने 3 महीने में मोदी सरकार की कई गारंटी को पूरी की। ▶9 पर

TIBCON
CAPACITORS
It's all about
SAVING ENERGY
AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: +91 99 12 4444 26
+91 99 48 1234 59

### मोदी सरकार ने संकल्प के साथ घोषणा-पत्र का पालन किया

# 2014 और 2019 में किए अधिकांश वादे पूरे किए

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया है। भाजपा के घोषणा-पत्र का नाम संकल्प पत्र है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने अपने ज्यादातर प्रमुख वैचारिक वादों को पूरा किया। इसमें अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 निरस्त करना शामिल है।

भाजपा के वर्ष 2014 चुनाव में जारी घोषणा-पत्र में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, समान नागरिक संहिता लागू करना, कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 निरस्त करने पर आम सहमति बनाने, संसदीय और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम, वितरण, चिकित्सा शिक्षा और वित्तपोषण करने, सरकारी रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने, ग्रामीण भारत में जीवन में सुधार लाने, लड़कियों को बचाने और उन्हें



**राम मंदिर, 370, तीन तलाक, महिला आरक्षण, सीएए, उज्ज्वला, आयुष्मान जैसे कई अन्य वादे पर खरे उतरे मोदी**

शिक्षित करने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान शुरू करने, विदेशों में रखे गए काले धन को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू करने, काला धन टास्क फोर्स का गठन करने, किसानों की आय दोगुनी करने और स्वरोजगार के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने जैसे वादे शामिल थे।

सत्ता में आने के बाद भाजपा ने वर्ष 2014 में किए गए वादों को पूरा करने के लिए बिंदुवार काम किए। राम मंदिर निर्माण को लेकर कानूनी प्रयास तेज हुए। सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यीय पैनल के जरिए मध्यस्थता का भी आदेश दिया। महिलाओं के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना 2015 में शुरू की गई। स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत लॉन्च किया गया। काले धन की रोकथाम के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया। रोजगार के लिए स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसी वित्तीय योजनाएं शुरू की गईं। डिजिटलीकरण के क्षेत्र में नागरिकों को सक्षम करने के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया गया। ग्रामीण जीवन में सुधार के लिए उज्ज्वला योजना के तहत ▶9 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 37°
न्यूनतम : 26°




# स्टोर रूम में रखे गत्तों में छिपकर बचाई जान, सिडनी मॉल में चाकूबाजी पर भारतीय कपल ने सुनाई आपबीती

**सिडनी, 14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में स्थित वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में हुई चाकूबाजी की घटना से हर कोई आतंकित है। इस घटना में जहां छह लोगों की मौत हो गई वहीं, नौ महीने के बच्चे समेत कई लोग घायल हो गए। हालांकि एक महिला पुलिस कर्मी ने हमलावर को मार गिराया। उसने इस घटना को क्यों अंजाम दिया इसकी वजह अभी साफ नहीं है। जब मॉल में यह हमला हुआ उस वक्त वहां एक भारतीय कपल भी मौजूद था। भारतीय कपल ने मौके की भयावहता को बताते हुए कहा कि जब यह हुआ हमने गत्ते में छिपकर अपनी जान बचाई। मंजर था खौफनाक -भारतीय कपल ने बताई आपबीती भारतीय कपल शोई घोषाल और देबाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि जब मॉल में हमला हुआ उस वक्त वे दोनों वेस्टफील्ड शॉपिंग सेंटर में ही थे। हमने लोगों को भागते हुए देखा। शुरू में हमें लगा कि आग लग गई है, लेकिन फिर हमने लोगों को कहते हुए सुना कि कोई व्यक्ति वहां लोगों को चाकू मार रहा है। इसके बाद हमने वहां एक स्टोर रूम में रखे गत्तों में छिपकर अपनी जान बचाई। उस दौरा 20 से 25 लोग वहां छिपे हुए थे। घोषाल ने बताया उस दौरान लोग काफी डरे हुए और रो रहे थे। इसके बाद लोगों ने पुलिस को फोन कर हालात की जानकारी दी। इसके बाद उन लोगों को मॉल के आपातकालीन निकास के माध्यम से निकाला गया। शोई घोषाल ने कहा, यह बहुत ही भयानक था। जब आपके दिमाग में चलता है कि आप पीड़ितों में से एक हो सकते हैं। हम आभारी हैं कि हम सुरक्षित हैं। हमले के पीड़ित के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। यह उनके परिवारों के लिए भयानक है। हमले में छह लोगों की मौत पुलिस ने बताया कि इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच महिलाओं और एक पुरुष शामिल है। चार महिलाओं और पुरुष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। वहीं पांचवीं महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिडनी के आसपास के अस्पतालों में आठ लोगों की चोटों का इलाज किया जा रहा है, जिनमें एक नौ महीने का बच्चा भी शामिल है। हमलावर की पहचान नहीं हो पाई न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने हमलावर की पहचान नहीं की है लेकिन कहा है कि हमलावर की उम्र 40 वर्ष थी। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने इस घटना को लेकर दुख जताया है। ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा कि यह दुखद घटना है। इसमें कई लोगों के हताहत होने की सूचना मिली है। घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### इस्राइल के साथ यूएस मजबूती से खड़ा है, ईरान के मिसाइल हमले के बाद बाइडन ने दिलाया भरोसा



**वाशिंगटन ।** ईरान की तरफ से मानवरहित हवाई यान (यूएवी) हमले के बाद व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के आधिकारिक प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा, ईरान ने इस्राइल के खिलाफ हवाई हमला शुरू कर दिया है। राष्ट्रपति बाइडन को उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम पूरी जानकारी दे रही है। व्हाइट हाउस में बाइडन बैठक भी करेंगे। राष्ट्रपति बाइडन की टीम इस्राइली अधिकारियों के साथ-साथ अन्य साझेदारों और सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क में है। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया है कि इस्राइल की सुरक्षा के मुद्दे पर अमेरिका मजबूती से समर्थन कर रहा है। ईरान-इस्राइल तनाव पर अमेरिकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, मध्य पूर्व की घटनाओं पर चर्चा करने के लिए उन्होंने अपने इस्रायली समकक्ष, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हानेग्बी से बात की। सुलिवन के मुताबिक उन्होंने इस्राइली समकक्ष को उनके देश की सुरक्षा के मामले में अमेरिका की तरफ से दृढ़ प्रतिबद्धता का भरोसा दिलाया है।

### फलस्तीन समर्थक रिद्धि पटेल बोली- सबको मार दूंगी, तत्काल गिरफ्तारी, पीएम मोदी के लिए भी कर चुकी बदजुबानी



**न्यूयॉर्क ।** इस्राइल के खिलाफ लड़ाई में फलस्तीन का समर्थन नहीं करने पर सबको मारने की धमकी देने वाली रिद्धि पटेल को जेल में डाल दिया गया है। हिंदू विरोधी एक्टिविस्ट रिद्धि पीएम नरेंद्र मोदी के लिए भी अपशब्दों का प्रयोग कर चुकी है। अमेरिका में जब उसे अदालत में पेश किया गया तो वह रोने लगी। मामला अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित बेकर्सफील्ड में सामने आया है। सिटी काउंसिल की बैठक में भारतीय मूल की अमेरिकी रिद्धि ने वहां के मेयर को ही हत्या की धमकी दे डाली। यही नहीं, उसने सिटी काउंसिल के सदस्यों को हत्या की धमकी दी जो फलस्तीन के खिलाफ थे। उसने काउंसिल के सदस्यों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि हर पीड़ित को अत्याचारी के खिलाफ प्रदर्शन का अधिकार है और अच्छा होगा कि कोई गिलोटिन से तुम सबका गला काट दे। नवरात्रि का भी किया जिक्र रिद्धि पटेल ने नवरात्रि का भी जिक्र किया। उसने कहा कि कुछ वर्षों में उसने बैठक में कभी मेटल डिटेक्टर नहीं देखा, इतनी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था नहीं देखी, ये सब इसीलिए किया जा रहा है ताकि फलस्तीनियों को अपराधी साबित किया जा सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रिद्धि ने सदस्यों से कहा, तुम लोग सभी भयानक इंसान हो और यीशु ने तुम्हें खुद ही मार डाला होता।

### थाईलैंड में मनाया गया सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल: लोगों ने प्लास्टिक की बंदूकों और पानी भरी बाल्टियों से वाटर फाइट की



**थाईलैंड।** थाईलैंड में सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल मनाया गया। इसे न्यू ईयर की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है। यह फेस्टिवल 13 से 15 अप्रैल तक मनाया जाएगा जिसमें की 13 अप्रैल को नेशनल हॉलिडे था। सोंगक्रन फेस्टिवल 150 साल से मनाया जा रहा है और थाई संस्कृति में पानी से लड़ाई का खास महत्व है। मान्यता है की सोंगक्रन के दौरान पानी डालना शुभ होता है इसलिए लोग एक-दूसरे से पानी से लड़ाई करते हैं। लड़ाई में प्लास्टिक की बंदूकों का इस्तेमाल होता है। यह फेस्टिवल सफाई, श्रद्धा और सौभाग्य का प्रतीक है। इसमें बुद्ध की मूर्तियों पर साफ-सुगंधित पानी छिड़कते हैं।

# कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

## परिवार ने कनाडाई सरकार से शव को भारत भेजने में मदद मांगी

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।कनाडा के वैनकूवर में 24 साल के भारतीय छात्र चिराग अंतिल की मौत हो गई। वैनकूवर पुलिस ने बताया कि चिराग के पड़ोसियों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी थी। इसके बाद पुलिस को उसकी कार से शव बरामद हुआ। फिलहाल इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग का परिवार हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। उसके परिजन उसके शव को भारत ले जाने के लिए क्लाउड फंडिंग के जरिए पैसे जुटा रहे हैं। उन्होंने कनाडा की सरकार से चिराग के शव को भारत भेजने के लिए मदद की अपील की है।

चिराग 2 साल पहले सितंबर 2022 में पढ़ाई के लिए कनाडा गया था। उसने हाल ही में कनाडा की एक यूनिवर्सिटी से एमबीए पूरा किया था। इसके बाद उसे वर्क परमिट मिला था। चिराग के रूममेट ने उसके परिजनों को बेटे की मौत की जानकारी दी। रूममेट ने बताया, चिराग अपनी 14 घंटे की शिफ्ट पूरी करने के बाद ऑफिस से घर पहुंचा था। इसके बाद उसने खाना खाया और घूमने के लिए बाहर निकला। वो जैसे ही अपनी कार में बैठा, किसी ने उसे गोली मार दी। हमें नहीं पता कि यह किसने और क्यों किया।

**एनएसयूआई बोली- विदेश मंत्रालय मामले की जांच पर नजर रखे**

कांग्रेस के छात्र विंग एनएसयूआई के चीफ वरुण चौधरी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके विदेश मंत्रालय से चिराग के परिवार के लिए मदद की अपील की है। वरुण ने लिखा- हम विदेश मंत्रालय से जांच पर नजर रखने और चिराग के परिजनों की मदद की अपील करते हैं। भारतीय छात्र चिराग को न्याय जरूर मिलना चाहिए। चिराग के भाई रोमित ने कनाडा की सिटी न्यूज को बताया कि चिराग बहुत ही खुशमिजाज व्यक्ति था। उसके सबसे अच्छे संबंध थे। घटना से कुछ समय पहले ही उसकी परिजनों से बात हुई थी। वह बेहद शांत था और किसी से झगड़ा नहीं करता था।



**विदेश में भारतीयों की मौत से जुड़े दूसरे मामले...**

1- 7 अप्रैल 2024: कुछ दिन पहले ही अमेरिका के ओहायो में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई थी। हैदराबाद का रहने वाला 25 साल का मोहम्मद अब्दुल अरफात पिछले 3 हफ्तों से गायब था। न्यूयॉर्क में मौजूद भारतीय एंबेसी के मुताबिक, अब्दुल को किसी ने अगवा कर लिया था। किडनैपर्स ने हैदराबाद में रह रहे उसके पिता से करीब 1 लाख रुपए की फिरौती भी मांगी थी। साथ ही धमकी दी थी कि अगर पैसे नहीं मिले या पुलिस को खबर दी गई तो वे अब्दुल की किडनी बेच देंगे।

2- फरवरी 2024 : शिकागो में एक भारतीय छात्र पर हमला हुआ था। घटना का एक वीडियो सामने आया था। इसमें 3 हमलावर छात्र का पीछा करते नजर आए थे। इसके बाद तीनों ने उसे बुरी तरह पीटा था, फोन छीन लिया था और भाग गए थे। छात्र खून से लथपथ नजर आया था।

3- फरवरी 2024: भारतीय छात्र श्रेयस की मौत ओहायो में हुई। मौत की वजह सामने नहीं आ सकी। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय कॉन्सुलेट ने श्रेयस की मौत के बारे में जानकारी देते हुए कहा था- श्रेयस रेड्डी बेनिगर बिजनेस की पढ़ाई कर रहा था। उसकी मौत की खबर से दुखी हैं। इस मामले में पुलिस की जांच चल रही है।

4- 16 जनवरी 2024 : अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में एक भारतीय छात्र विवेक सैनी की हत्या कर दी गई थी। फॉक्स न्यूज के मुताबिक 25 साल के छात्र विवेक के सिर पर एक बेघर शख्स ने हथौड़े से 50 बार वार किया था। विवेक एक फूड मार्ट में काम करता था। उस स्टोर के बाहर एक बेघर शख्स आता था। विवेक और स्टोर के बाकी कर्मचारियों ने इस बेघर शख्स को रहने के लिए जगह दी थी। वह यहीं रहता था, लेकिन 16 जनवरी को विवेक ने जब उसे जगह खाली करने के लिए कहा तो वो गुस्से में आ गया और उसने विवेक की हत्या कर दी। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

# अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत



**काबुल,14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में पिछले तीन दिनों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को यह जानकारी दी। काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से लगभग आधे में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हो रहा है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है।


श्री सैक ने कहा,परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं। इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है।

उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

# अमेरिका-ब्रिटेन में रूस की धातुओं के व्यापार पर प्रतिबंध, धातु बाजारों पर पड़ सकता है असर

**वॉशिंगटन, 14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**



बीते दो साल से ज्यादा समय से जारी यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और ब्रिटेन ने रूसी मूल की धातुओं के व्यापार पर प्रतिबंधों का एलान किया है। इसके साथ ही दोनों देशों ने इन धातुओं का आयात भी रोक दिया है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि इन वस्तुओं पर प्रतिबंधों को रूस के निर्यात राजस्व को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रतिबंध वैश्विक धातु एक्सचेंज और डेरिवेटिव ट्रेडिंग पर लागू किए जाएंगे। मॉस्को एल्यूमीनियम, तांबा और निकल जैसी प्रमुख धातुओं का निर्यात करता है।

यह कदम वॉशिंगटन द्वारा यूक्रेन में जारी सैन्य कार्रवाइयों के लिए मॉस्को को दंडित करने के प्रयासों का हिस्सा है। इस फैसले से तांबा, एल्यूमीनियम व निकल के प्रमुख वैश्विक आपूर्तिकर्ता के बतौर रूस की स्थिति को देखते हुए धातु बाजारों पर बड़ा असर पड़ सकता है।

बीस अरब डॉलर की सालाना आय होगी प्रभावित अमेरिका और ब्रिटेन ने रूस से सोने, गैस और हीरे पर पहले ही प्रतिबंध लगाया हुआ है। अब वित्त मंत्रालय की मौजूदा कार्रवाई से रूस की करीब 20 अरब डॉलर की वार्षिक कमाई प्रभावित होगी।

**रूसी रक्षा आधार बढ़ा रहा चीन**

यूक्रेन में चल रहे युद्ध के बीच, रूस का रक्षा औद्योगिक आधार बढ़ाने में चीन पूरी मदद कर रहा है। सीएनएन ने बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा कि दोनों देश रूस के अंदर ड्रोन का उत्पादन करने के लिए साझा रूप से भी काम कर रहे हैं। चीन के समर्थन से यूक्रेन पर हमला जारी रखने की रूसी क्षमता पर अहम प्रभाव पड़ रहा है।

# मालदीव से रवाना हो चुका भारतीय सैन्यकर्मियों का दूसरा जत्था, बोले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू

**माले, 14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

भारत के साथ द्विपक्षीय समझौते के तहत हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों का दूसरा समूह नौ अप्रैल को मालदीव से रवाना हो गया है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने यह घोषणा की।

इस महीने के अंत में होने वाले संसदीय चुनावों से पहले सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों के लिए एक अभियान कार्यक्रम के दौरान मुइज्जू ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने मुइज्जू के हवाले से कहा, ''पहली टीम जा चुकी है। नौ अप्रैल को दूसरे प्लेटफॉर्म से भी सैनिक हटा लिए गए हैं।

'एडिशन डॉट न्यूज पोर्टल' ने मुइज्जु के हवाले से अपनी खबर में कहा, ''एक ही प्लेटफार्म बचा है। जैसा कि दोनों देशों ने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं, उन्हें (बाकी भारतीय सैन्य कर्मियों को) भी 10 मई से पहले वापस बुला लिया जाएगा। वे चले जायेंगे।'' इस देश से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर न तो मालदीव रक्षा मंत्रालय और न ही भारत ने कोई टिप्पणी की है।

मालदीव सरकार के अनुसार, 88 भारतीय सैनिक मालदीव में एक हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान को संचालित करने के लिए तैनात थे। भारतीय सैनिकों का पहला समूह 11 मार्च को मालदीव से रवाना हुआ था।

न तो मालदीव रक्षा मंत्रालय और न ही भारत ने इस देश से भारतीय सैन्य कर्मियों की ताजा वापसी पर टिप्पणी की है। मालदीव सरकार के अनुसार, 88 भारतीय सैनिक मालदीव में अड्डू और लामू कधधू में हेलीकॉप्टर और हनीमाधू में एक डोर्नियर विमान संचालित करने के लिए तैनात थे। भारतीय सैनिकों का पहला जत्था 11 मार्च को मालदीव से रवाना हुआ था।

पिछले साल नवंबर में मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद से मालदीव और भारत के बीच संबंध खराब हुए हैं, जबकि चीन के साथ करीबी संबंध बरकरार हैं। उन्होंने जनवरी में चीन की यात्रा भी की थी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग समेत शीर्ष चीनी नेताओं से मुलाकात की थी। चीन और मालदीव ने हाल ही में एक रक्षा सहयोग समझौते और कई अन्य बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं पर हस्ताक्षर किए।



मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी है। यह देश सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) और नरेंद्र मोदी सरकार की पड़ोसी पहले की नीति जैसी पहलों में एक विशेष स्थान रखता है।

# भारत-अमेरिका में वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों पर चर्चा

**वॉशिंगटन, 14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

भारत-अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में हुई प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के साझा प्रयासों पर भी चर्चा की गई। भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा और अमेरिकी रक्षा उप मंत्री कैथलीन हिक्स ने इस समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर खासतौर पर बातचीत की।

क्वात्रा इस सप्ताह अमेरिका में हैं, जहां वह अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए उद्योग जगत के प्रमुखों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने हिक्स के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति को लेकर अपने साझा प्रयासों पर कहा कि यहां सुरक्षा और स्थिरता प्रमुख चुनौती है और इससे निपटने के लिए संयुक्त कोशिशें जरूरी हैं।



अमेरिकी रक्षा मुख्यालय (पेंटागन) के प्रवक्ता एरिक पैहोन ने बताया, क्वात्रा और हिक्स ने भारत-अमेरिकी रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के अमल के तरीकों को अहम बताया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार दोनों अधिकारियों ने स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समर्थन में प्रमुख रक्षा साझेदारी में ऐतिहासिक तेजी को भी रेखांकित किया।

**लड़ाकू जेट इंजन, बख्तरबंद वाहन उत्पादन की सराहना**

क्वात्रा और हिक्स ने लड़ाकू जेट इंजन और बख्तरबंद वाहनों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के प्रयासों की सराहना की। साथ ही अमेरिकी व भारतीय उद्यमियों व निवेशकों के बीच नवाचार तथा साझेदारी को बढ़ावा देने की कोशिशों को सराहा।

**सैन्य भागीदारी का दायरा बढ़ाने पर चर्चा**

पेंटागन प्रवक्ता एरिक पैहोन ने कहा कि क्वात्रा और हिक्स ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा-स्थिरता बढ़ाने के साझा प्रयासों के साथ सैन्य भागीदारी का दायरा बढ़ाने के महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र चीन के आक्रामक बर्ताव व खुले- स्वतंत्र हिंद-प्रशांत की प्रतिबद्धता पर भी बात की।

**रक्षा व ऊर्जा मंत्रालय के अफसरों से भी मुलाकात**

अपनी अब तक की यात्रा के दौरान क्वात्रा ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी पर सर्वाधिक जोर दिया। क्वात्रा ने प्रबंधन एवं संसाधन के लिए उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा, कर्ट कैंपबेल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, रक्षा मंत्रालय और ऊर्जा मंत्रालय के प्रमुख अफसरों से भी चर्चा की।

**निवेश बढ़ाने पर जोर**

भारतीय दूतावास ने कहा, इन चर्चाओं में भारत-अमेरिकी संबंधों, बढ़ते रक्षा और वाणिज्यिक संबंधों, लचीली आपूर्ति श्रृंखला और समकालीन क्षेत्रीय विकास के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की गई। भारत-अमेरिकी व्यापार परिषद ने कहा, क्वात्रा ने निवेश बढ़ाने, नवाचार-प्रौद्योगिकी बढ़ाने पर जोर दिया।

# पीएम मोदी समेत 18 पूर्व मुख्यमंत्री लड़ रहे चुनाव

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** 18वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में सभी बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर भी अपना विश्वास जताया है। इन चुनावों में पीएम नरेंद्र मोदी सहित 18 पूर्व मुख्यमंत्री चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से कई को एक दशक से भी ज्यादा का अनुभव है। जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक के तीन-तीन पूर्व मुख्यमंत्री मैदान में हैं जबकि मध्य प्रदेश से दो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और शिवराज सिंह चौहान चुनाव लड़ रहे हैं।

गुजरात के मुख्यमंत्री रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार लोकसभा चुनाव मैदान में हैं। 13 साल तक मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी एक बार फिर वाराणसी से चुनावी मैदान में हैं। वर्तमान में भी मोदी वाराणसी से सांसद हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में मोदी इस लोकसभा सीट पर 63.62 फीसदी मत हासिल करके विजयी रहे थे। मोदी कैबिनेट में शामिल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। भाजपा ने उन्हें इस बार भी लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव में उतारा है। राजनाथ सिंह 28 अक्टूबर, 2000 से 8 मार्च, 2002 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। वह भी लखनऊ से सांसद भी हैं। 2019 में राजनाथ सिंह को 6.33 लाख से अधिक वोटों के साथ संसद पहुंचे थे।

केंद्रीय कैबिनेट में शामिल दो और केंद्रीय मंत्री जो कभी राज्यों के मुख्यमंत्री रहे, लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और जहाजरानी मंत्री सर्वानंद सोनोवाल शामिल हैं। मुंडा झारखंड और सोनोवाल असम के मुख्यमंत्री रहे हैं। सोनोवाल वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य हैं। मुंडा झारखंड की खूंटी और सोन-ोवाल असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाए गए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से जीतने के बाद फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाया।

खास बात यह है कि 16 साल से अधिक मुख्यमंत्री रहे शिवराज ने राजनीति से संन्यास की घोषणा भी कर दी थी लेकिन पार्टी ने अब उन्हें विदिशा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा में शायद शिवराज ही ऐसे पहले नेता होंगे जो संन्यास के बाद भी चुनाव मैदान में हैं। शिवराज विदिशा से पांच बार सांसद रह चुके हैं। मध्य प्रदेश के एक दशक तक मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा है। वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य दिग्विजय सिंह को कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की राजगढ़ सीट से टिकट दिया है। दिग्विजय सिंह राजगढ़ से दो बार सांसद रह चुके हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से अचानक इस्तीफा दिलाकर भाजपा ने उन्हें करनाल से लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारा है। दो बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के तीन पूर्व मुख्यमंत्री चुनाव मैदान में हैं। गुलाम नबी आजाद राजौरी अनंतनाग सीट से लोकसभा उम्मीदवार हैं। आजाद 2 नवंबर, 2005 से 11 जुलाई, 2008 तक जम्मू कश्मीर के कांग्रेस पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री रहे। वर्तमान में वे डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के अध्यक्ष हैं और इसी पार्टी के निशान पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बारामूला के चुनाव मैदान में हैं। उमर 5 जनवरी, 2009 से 8 जनवरी, 2015 तक मुख्यमंत्री रहे।

इस बार नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख और उमर के पिता फारूक अब्दुल्ला चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजोरी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। विपक्षी गठबंधन में शामिल पीडीपी और नैशनल कॉन्फ्रेंस का जम्मू कश्मीर और लद्दाख में सीटों को लेकर समझौता नहीं हो पाया। महबूबा मुफ्ती 4 अप्रैल, 2016 से 20 जून, 2016 तक जम्मू कश्मीर की मुख्यमंत्री रही हैं।

जम्मू-कश्मीर की तरह कर्नाटक से भी तीन पूर्व मुख्यमंत्री चुनाव मैदान में हैं। राज्य में भाजपा ने दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को बसवराज बोम्मई और जगदीश शेट्टार मैदान में उतारा है। पार्टी ने शेट्टार को बेलागावी और बोम्मई को हावेरी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। वहीं, जनता दल (सेकु) के नेता एचडी कुमारस्वामी मांड्या से चुनाव लड़ेंगे। इनके अलावा जो पूर्व मुख्यमंत्री चुनाव मैदान में हैं, उनमें त्रिवेंद्र सिंह रावत, भूपेश बघेल, जीतन राम मांझी, बिप्लब कुमार देब शामिल हैं। भाजपा ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रहे त्रिवेंद्र सिंह रावत को हरिद्वार लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस ने राजनांदगांव से टिकट दिया है। वहीं, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी गया सीट से चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को भाजपा ने पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

# पंजाब में वीएचपी के स्थानीय अध्यक्ष की हत्या



**आनंदपुर साहिब, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** पंजाब के आनंदपुर साहिब के नंगल में विश्व हिंदू परिषद के स्थानीय अध्यक्ष विकास प्रभाकर की हत्या कर दी गई। हत्यारे ने दुकान के अंदर घुसकर शाम को प्रभाकर पर हमला किया। बताया जा रहा है कि विकास प्रभाकर पर किसी नुकीले हथियार से हमला किया गया है, उनके सिर पर काफी गहरी चोट है।

हत्या किसने की, किस उद्देश्य के साथ की, अभी तक ये साफ नहीं है। जो सीसीटीवी फुटेज वारदात का सामने आया है, उसमें आरोपियों की शक्ल दिखाई नहीं दे रही है। अभी के लिए पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है, लोग काफी सहमे हुए हैं। जानकारी के लिए बता दें कि विकास प्रभाकर को करीब 3 महीने पहले ही वीएचपी का स्थानीय अध्यक्ष बनाया गया था। लेकिन शनिवार शाम को काफी बेरहमी से उनकी हत्या कर दी गई।

जिस समय में वे दुकान पर थे, तब उन पर हमला हुआ। चश्मदीदों के मुताबिक उनका शरीर खून से लथपथ दुकान के अंदर ही पड़ा हुआ था और स्थानीय लोगों ने ही उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हमले से पंजाब सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। भाजपा के जिला महामंत्री अशोक सरीन विक्की ने पंजाब सरकार की कठोर शब्दों में निंदा की है, उन्होंने दो टूक कहा है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए।

### तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने कहा

# सनातन धर्म का पतन हुआ तो भारत का पतन तय



**चेन्नई, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** सनातन धर्म का पतन हुआ तो भारत का भी पतन होना तय है। क्योंकि भारत सनातन धर्म के आधार पर कार्य करता है। असमानता किसी भी तरह की हो सनातन धर्म यही कहता है कि हम सब एक हैं। यह कहना है कि तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि का। वह अडयार में श्री पद्मनाभस्वामी कल्याण मंडपम में शंकर विजयम महोत्सव में बोल रहे थे।

राज्यपाल ने भारत के वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर बोलते हुए एनडीए के 10 वर्ष के कार्यकाल की तारीफ की और कहा कि जहां 10 साल पहले कोई भारत को गंभीरता से नहीं लेता था, वहीं स्थिति आज उसके ठीक उलट है। आज दुनिया में कोई भी निर्णय भारत के बगैर नहीं लिया जाता है। जी-20 ने सबको इस बात का अहसास कराया है कि दुनिया एक परिवार है।

भारत की महत्ता को बताते हुए राज्यपाल रवि कहते हैं ये कोई राजनीतिक शब्द नहीं है। ये एक राष्ट्र है। भारत का जन्म केवल उसी के लिए नहीं हुआ है, बल्कि दुनिया को रौशनी देने के लिए भारत का जन्म हुआ है। भारत पूरी तरह से राजनीति से परे है। विदेशी उपनिवेशवाद और मुगलों के हमलों से भारत पीड़ित रहा तो 1000 सालों तक सनातनी मठों ने भारत को जीवित बनाए रखा। हमारे ऋषि हजारों सालों से भारत एक राष्ट्र के विचार और पहचान को विकसित कर रहे हैं।

गौरतलब है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही थी। उदयनिधि स्टालिन ने सितंबर 2023 में एक कार्यक्रम के दौरान सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसे खत्म करना ही होगा।

# अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग



**मुंबई, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की गई है। जानकारी के अनुसार, दो हमलवार बाइक पर सवार होकर आए थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। इससे पहले सलमान खान को कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई कई बार सलमान खान को जान से मारने की धमकी दे चुका है।

एक टेलिवजन इंटरव्यू में उसने खुलेआम कहा था कि उसके जीवन का लक्ष्य सलमान खान को मारना है। उसने अभिनेता-गायक गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा स्थित आवास पर भी हमला किया था और कहा था कि सलमान खान के साथ उनके करीबी संबंधों के कारण हमला किया गया था। लॉरेंस बिश्नोई की धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा की समीक्षा की थी।

सलमान खान के पास फिलहाल वाई प्लस सुरक्षा है। पिछले साल सलमान खान के ऑफिस में एक धमकी भरा ईमेल भी भेजा गया था। सलमान के करीबी प्रशांत गुंजालकर को रोहित गर्ग से धमकी भरा मेल मिला था। ईमेल के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बरार और रोहित गर्ग के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# हैदरी मस्जिद में गूंजा हर-हर मोदी, घर-घर मोदी



**भोपाल, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** हर-हर मोदी, घर-घर मोदी, अबकी बार 400 पार, मोदी है तो मुमकिन है, यह वो नारा है जो सामान्यतया अधिकतर लोगों की जुबान पर रहता है। लेकिन, अगर ये नारे किसी इस्लामिक इबादतगाह दरगाह या मस्जिद से लगे तो थोड़ी हैरानी होती है। ये हैरानी इसलिए कि कथित लिबरल और वापमंथी जबरन भाजपा और पीएम मोदी को मुस्लिम विरोधी साबित करने के लिए नरैटिव गढ़ने की कोशिशों में लगे रहते हैं। हालांकि, उनका मंसूबा एक बार फिर से उस वक्त ध्वस्त हो गया, जब मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित हैदरी मस्जिद में लोकसभा चुनाव-2024 से पहले पीएम मोदी के नाम के नारे गूंजने लगे।

भोपाल की अलीगंज स्थित हैदरी मस्जिद में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान जब वो वहां पहुंचे तो उनकी मौजूदगी में पीएम मोदी के समर्थन में नारेबाजी मुस्लिमों ने की। ये नारेबाजी करने वाले बोहरा समाज के मुस्लिम हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक स्वर में अबकी बार 400 पार और मोदी है तो मुमकिन है के नारे लगाए। स्पष्ट है कि भोपाल में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को वोटिंग होगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में इस बार के लोकसभा चुनाव में कुल 4 चरणों में वोटिंग होगी, जिसमें 5 करोड़ 63 लाख 40 हजार 64 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। खास बात ये है कि चार माह पहले जब प्रदेश में विधानसभा का चुनाव हुआ था तब प्रदेश में केवल 5 करोड़ 60 वोटर थे, लेकिन चार माह के अंदर मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े 3 लाख बढ़ गई है। इनमें से 2 करोड़ 89 लाख 51 हजार 705 पुरुष और 2 करोड़ 73 लाख 87 हजार 122 महिलाएं हैं, जो कि अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी।


### 21 हजार फुट ऊंचे सियाचिन हिमखंड पर कब्जे के 40 साल

# भारतीय सेना के नाम हैं ऐतिहासिक युद्ध की जीत

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 14 अप्रैल।** दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन हिमखंड पर 40 साल के कब्जे के दौरान 21 हजार फुट की ऊंचाई पर आज तक सिर्फ एक ही लड़ाई हुई है। यह लड़ाई दुनिया की अभी तक की पहली और आखिरी लड़ाई थी जिसमें एक बंकर में बनी पोस्ट पर कब्जा जमाने के लिए जम्मू के कैप्टन बाना सिंह को परमवीर चक्र दिया गया था। उस पोस्ट का नाम भी उन्हीं के नाम पर रखा गया है। आज पूरे 40 साल हो गए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन हिमखंड पर भारतीय सेना के कब्जे को। यह विश्व का सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित युद्धस्थल ही नहीं बल्कि सबसे खर्चीला युद्ध मैदान भी है।

दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनाई गई इस एकमात्र सैनिक पोस्ट पर कब्जे का अभियान शुरू हुआ तो 1987 के मई महीने में चुने गए 60 सैनिकों की टीम का बाना सिंह भी हिस्सा बने थे। बाना सिंह को जब परमवीर चक्र मिला था तो पाकिस्तान डिफेंस रिव्यू में भी उनकी बहादुरी के चर्चे हुए थे जिसमें लिखा गया था, वह बहादुरी जिसकी कोई मिसाल नहीं है।

26 जून 1987 को अंततः 21000 फुट की ऊंचाई पर बनाई गई पाकिस्तानी पोस्ट पर कब्जा कर बहादुरी की गाथा लिखने पर कैप्टन बाना सिंह को बतौर इनाम परमवीर चक्र तो मिला ही, इस पोस्ट का नाम भी उनके नाम पर ही रख दिया गया। विश्व के इतिहास में यह पहला और आखिरी मौका था कि इतनी ऊंचाई पर कोई युद्ध लड़ा गया था। पर इस जीत के लिए भारतीय सेना को बहुत कीमत चुकानी पड़ी थी। 22 जून को शुरू हुए ऑपरेशन में उसके कई अफसर और जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। कारण स्पष्ट था। गोलाबारी के साथ साथ मौसम की परिस्थिति उनके कदम रोक रही थी। कई बार इस ऑपरेशन को बंद करने की बात भी हुई और इरादा भी जगा था। लेकिन कमान हेडक्वार्टर से एक ही संदेश था, या तो जीत हासिल करना या जिन्दा वापस नहीं लौटना।







और वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों ने इस संदेश को भगवान का आदेश मान कर उसका मान रखा था।

कैप्टन बाना सिंह को परमवीर चक्र मिला था और आज वे जम्मू के सीमावर्ती गांव रणवीर सिंह पुरा में रहते हैं। वे अपने मिशन के बारे में बयान करते हुए बताते हैं कि यह बात सियाचिन हिमखंड पर भारतीय फौज के कब्जे के तीन साल बाद की है। 1987 में पाकिस्तानी सेना ने 21 हजार फुट की ऊंचाई पर कब्जा कर एक बंकर रूपी पोस्ट का निर्माण कर लिया था। मुहम्मद अली जिन्ना के नाम पर बनाई गई यह पोस्ट भारतीय सेना के लिए समस्या पैदा रही थी और खतरा बन गई थी क्योंकि वे वहां से गोलियां बरसा कर नुकसान पहुंचाने लगे थे।

इस ऑपरेशन में चीता हेलिकाप्टरों ने अहम भूमिका निभाई थी। करीब 400 बार उन्होंने उड़ानें भर कर और दुश्मन के तोप-खाने से अपने आप को बचाते हुए जवानों और अफसरों को बंकर के करीब पहुंचाया था। इस लड़ाई का एक कड़वा और दिल दहला देने वाला सच यह था कि 21000 फुट की ऊंचाई पर शून्य से 60 डिग्री नीचे के तापमान में भारतीय जवानों ने तीन दिन भूखे पेट रह कर फतह हासिल की थी और पाकिस्तानी बंकर में मोर्चा संभालने वाले 6 पाकिस्तानियों को मारने के बाद बचे हुए भारतीय जवानों ने पाकिस्तानी स्टोव को जला कर पाकिस्तानी चावल पका कर भूख शांत की थी।

## रणनीतिक रूप से जरूरी है सियाचिन पर भारत का कब्जा

**जम्मू, 14 अप्रैल (ब्यूरो)।** ऑपरेशन मेघदूत के 40 साल बाद भी यह महसूस किया जा रहा है कि रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है सियाचिन ग्लैशियर पर भारत का कब्जा। यह विजय भारतीय सेना के शौर्य, नायकत्व, साहस और त्याग की मिसाल है। विश्व के सबसे ऊंचे और ठंडे माने जाने वाले इस रणक्षेत्र में आज भी भारतीय सैनिक देश की संप्रभुता के लिए डटे रहते हैं। ऑपरेशन 1984 से 2002 तक चला था, यानी पूरे 18 साल तक। भारत और पाकिस्तान की सेनाएं सियाचिन के लिए एक दूसरे के सामने डटी रहीं। जीत भारत की हुई। आज भारतीय सेना 70 किलोमीटर लंबे सियाचिन ग्लेशियर, उससे जुड़े छोटे ग्लेशियर, 3 प्रमुख दर्रों (सिया ला, बिलाफोंद ला और म्योंग ला) पर कब्जा रखती है। इस अभियान में भारत के करीब एक हजार जवान शहीद हो गए थे। हर रोज सरकार सियाचीन की हिफाजत पर करोड़ो रुपए खर्च आती है। सियाचिन लड़ाई के लिए पाकिस्तान ही जिम्मेदार है जिसने अपने मानचित्रों में पाक अधिकृत कश्मीर की सीमा को एलओसी के अंतिम छोर एनजे-9842 से सीधी रेखा खींच कर कराकोरम दर्रे तक दिखाना आरंभ किया था। तब भारत सरकार ने 12-13 अप्रैल 1984 की रात को ऑपरेशन मेघदूत आरंभ कर उस पाक सेना को इस हिमखंड से पीछे धकेलने का अभियान आरंभ किया। भारत सरकार ने इसके बाद कभी भी सियाचिन हिमंखड से अपनी फौज को हटाने का इरादा नहीं किया क्योंकि पाकिस्तान इसके लिए तैयार ही नहीं है। नतीजतन आज जबकि इस हिमखंड पर सीजफायर से गोलाबारी की नियमित प्रक्रिया तो रुकी हुई है, लेकिन प्रकृति से जूझते हुए भारतीय सेनास के जवान अभी तक डटे हुए हैं।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

मौज–मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएं–गी। संबंधियों से आपको सहायता प्राप्त होगी।

आपको उदार और स्नेह से भरे प्यार का तोहफ़ा मिल सकता है। काम को मनोरंजन के साथ न मिलाएँ। कोई आध्यात्मिक गुरू या बड़ा आपकी सहायता कर सकता है। अगर आप कोशिश करें तो आप अपने जीवनसाथी के साथ अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन आज गुज़ार सकते हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आप आज ख़ुद को रोज़ाना की अपेक्षा कम ऊर्जावान महसूस करेंगे। स्वयं को ज़रूरत से ज़्यादा काम के नीचे न दबाएँ, थोड़ा आराम करें और आज के कामों को कल तक के लिए टाल दें। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है। अगर आपने किसी शख्स को पैसा उधार दिया था तो आज आपको वो पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों को तरजीह दें। उनके सुख–दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाक़ई उनका ख़याल रखते हैं। नए विचार फ़ायदेमंद साबित होंगे। रात के समय आज आप घर के लोगों से दूर होकर टहलना पसंद करेंगे। ऐसा लगता है कि आपके जीवनसाथी आज आपके ऊपर ख़ास ध्यान देंगे।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

निवेश करना कई बार आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है आज आपको यह बात समझ में आ सकती है क्योंकि किसी पुराने निवेश से आज आपको मुनाफा हो सकता है। जो लोग आपके क़रीब हैं, वे आपका ग़लत फ़ायदा उठा सकते हैं। आपकी कड़ी मेहनत और निष्ठा ख़ुद आपके लिए बोलेगी व दूसरों का विश्वास और सहयोग आपको हासिल होगा। आपको ऐसी जगहों से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहाँ से आपने इसकी कभी कल्पना भी न की हो। अपने जीवनसाथी के किसी काम की वजह से आप कुछ शर्मिन्दगी महसूस कर सकते हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अपने मूल्यों को दरकिनार करने से बचें और हर फ़ैसला तार्किक तरीक़े से लें। आपको कई स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। आम परिचितों से व्यक्तिगत बातों को बांटने से बचें। जिसे आप चाहते हैं, उसके साथ आपका तल्ख़ रवैया आपके रिश्ते में दूरी बढ़ा सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको हर कोई गंभीरता से सुनेगा। आप खुद को समय देना जानते हैं और आज तो आपको काफी खाली समय मिलने की संभावना है। खाली समय में आज आप कोई खेल–खेल सकते हैं या जिम जा सकते हैं।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा। बहन की शादी की ख़बर आपके लिए ख़ुशी का सबब लेकर आएगी। लेकिन आपको भविष्य के बारे में सोचना छोड़ वर्तमान का पूरा आनंद लेना चाहिए। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। आज धार्मिक कामों में आप अपना खाली समय बिताने का विचार बना सकते हैं। इस दौरान बेवजह की बहसों में आपको नहीं पड़ना चाहिए।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज का दिन मौज–मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा– क्योंकि आप ज़िन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। जल्दबाज़ी में निवेश न करें– अगर आप सभी मुमकिन कोणों से परखेंगे नहीं तो नुक़सान हो सकता है। अपने बच्चों के साथ एक दोस्ताना रिश्ता विकसित करें। पुरानी बातों को पीछे छोड़कर आगे आने वाले अच्छे वक़्त की ओर देखें। आपकी कोशिशें फलदायी रहेंगी। क्योंकि आप किसी ख़ास के साथ की कमी महसूस कर रहे हैं। पैसे बनाने के उन नए विचारों का उपयोग करें, जो आज आपके ज़ेहन में आएँ। यात्रा करना फ़ायदेमंद लेकिन महंगा साबित होगा।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

अनचाहा कोई महमान आज आपके घर आ सकता है जिसके आने से आपको घर के उन समानों पर भी खर्चा करना पड़ सकता है जिनको आपने अगले महीने पर टाला हुआ था। जिनसे आप प्यार करते हैं, उनसे आज सारी ग़लतफ़हमी दूर हो सकती है। आपका प्रिय आज रोमांटिक मूड में होगा। चीज़ें कार्यक्षेत्र में बेहतर नज़र आती हैं। पूरे दिन आपका मिज़ाज बढ़िया रहेगा। खाली समय में आज आप कोई उपन्यास अथवा कोई धार्मिक ग्रन्थ पढ के बोरियत को दूर कर सकते हैं । आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ़ करेगा और आप पर बहुत स्नेह उढ़ेलेगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

स्वास्थ्य का ख़याल रखें, नहीं तो लेने के देने पड़ सकते हैं। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। आज आप नए दोस्त बनाने में सफल साबित होंगे। आज कार्यक्षेत्र में आपके किसी पुराने काम की तारीफ हो सकती है। आपके काम को देखते हुए आज आपकी तरक्की भी संभव है। कारोबारी आज अनुभवी लोगों से करोबार को आगे बढ़ाने की सलाह ले सकते हैं। वक़ील के पास जाकर क़ानूनी सलाह लेने के लिए अच्छा दिन है। अगर आप कोशिश करें तो आप अपने जीवनसाथी के साथ अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन आज गुज़ार सकते हैं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

बहुत ज़्यादा चिंता और तनाव की आदत आपकी सेहत बर्बाद कर सकती है। जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके ज़रिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। अपने मेहमानों से ख़राब बर्ताव न करें। आपका ऐसा व्यवहार न केवल आपके परिवार को दुःखी कर सकता है, बल्कि संबंधों में दूरी भी पैदा कर सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो रहा है और तरक़्क़ी साफ़ नज़र आ रही है। आज समय की नजाकत को देखते हुए आप अपने लिए समय निकाल सकते हैं लेकिन ऑफिस के किसी काम के अचानक आ जाने के कारण आप ऐसा करने में सफल नहीं हो पाएँगे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आपको काफ़ी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। आपका जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा और मददगार साबित होगा। थोड़े बहुत टकराव के बावजूद भी आज आपका प्रेम जीवन अच्छा रहेगा और आप अपने संगी को खुश रखने में कामयाब होंगे। बहादुरी भरे क़दम और फ़ैसले आपको अनुकूल पुरस्कार देंगे। मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख़्स आज आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज आपको आराम करने और क़रीबी दोस्तों व परिवार के साथ ख़ुशी के कुछ पल बिताने की ज़रूरत है। इस राशि के विवाहित जातकों को आज ससुराल पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है। अपने मेहमानों से ख़राब बर्ताव न करें। आज हो सकता है कि पहली नज़र में ही आपको कोई पसंद कर ले। अगर आप सेमिनार और व्याख्यान आदि में शिरकत करेंगे, तो कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज सोच–समझकर क़दम बढ़ाने की ज़रूरत है– जहाँ दिल की बजाय दिमाग़ का ज़्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। आज से पहले शादीशुदा ज़िन्दगी इतनी अच्छी कभी नहीं रही।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

बचपन की यादें आपके मन पर छायी रहेंगी। लेकिन इस काम में आप ख़ुद को मानसिक तनाव दे सकते हैं। आज के दिन आप धन से जुड़ी समस्या के कारण परेशान रह सकते हैं। इसके लिए आपको अपने किसी विश्वास पात्र से सलाह लेनी चाहिए। आपका लापरवाह रवैया आपके माता–पिता को दुःखी कर सकता है। कोई भी नयी परियोजना शुरू करने से पहले उनकी राय भी जान लें। कार्यक्षेत्र में प्रगतिशील और बड़े बदलाव करने में सहकर्मी आपका पूरा सहयोग करेंगे। आज आप सब कामों को छोड़कर उन कामों को करना पसंद करेंगे जिन्हें आप बचपन के दिनों में करना पसंद करते थे।

## सोमवार का पंचांग

| | |
|---|---|
| दिनांक | : 15 अप्रैल 2024 , सोमवार |
| विक्रम संवत | : 2081 |
| मास | : चैत्र , शुक्ल पक्ष |
| तिथि | : सप्तमी दोपहर 12:14 तक |
| नक्षत्र | : पुनर्वसु रात्रि 03:06 तक |
| योग | : सुकर्मा रात्रि 11:07 तक |
| करण | : वणिज दोपहर 12:14 तक |
| चन्द्रराशि | : मिथुन रात्रि 08:39 तक |
| सूर्योदय | : 06:00 , सूर्यास्त 06:32 ( हैदराबाद) |
| सूर्योदय | : 06:07 , सूर्यास्त 06:32 ( बैंगलोर) |
| सूर्योदय | : 05:59 , सूर्यास्त 06:25 ( तिरुपति) |
| सूर्योदय | : 05:52 , सूर्यास्त 06:23 ( विजयवाडा) |

**शुभ चौघड़िया**

| | |
|---|---|
| अमृत | : 06:00 से 07:30 |
| शुभ | : 09:00 से 10:30 |
| चल | : 01:30 से 03:00 |
| लाभ | : 03:00 से 04:30 |
| अमृत | : 04:30 से 06:00 |
| राहुकाल | : प्रातः 07:30 से 09:00 |
| दिशाशूल | : पूर्व दिशा |
| उपाय | : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें |

दिन विशेष :– कालरात्रि पूजन , भद्रा दोपहर 12:12 से रात्रि 12:43 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

### राजस्थान के सीकर में दर्दनाक हादसा

# आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी कार, दो बच्चों समेत सात लोग जिंदा जले

**सीकर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी में आशीर्वाद चौराहे के पास स्थित पुल पर रविवार दोपहर कार और ट्रक की टक्कर में कार सवार सात लोग जिंदा जल गए। कार में दो बच्चों और तीन महिलाओं सहित सात लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार पुल पर कार अपने आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में आग ने कार को अपनी चपेट में ले लिया और कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

पुलिस के मुताबिक कार सवार परिवार यूपी के मेरठ का रहने वाला था। मरने वालों में नीलम गोयल (55) पत्नी मुकेश गोयल,आशुतोष गोयल



(35) पुत्र मुकेश गोयल निवासी शारदा रोड मेरठ, मंजू बिंदल (58) पत्नी नरेंद्र बिंदल, हार्दिक बिंदल (37) पुत्र नरेंद्र, स्वाति बिंदल (32) पत्नी हार्दिक, दीक्षा (7) पुत्री हार्दिक और दीक्षा की 4 साल की बहन शामिल है। हादसा आशीर्वाद पुलिया पर चढ़ते ही 200 मीटर पर हुआ। फतेहपुर कोतवाली एसएचओ सुभाष बिजारणिया ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई थी। करीब आधे घंटे में कार में लगी आग पर काबू पाया गया था। वहीं ट्रक में लगी आग पर शाम 4 बजे के करीब काबू पाया गया। हादसे की सूचना पर एसडीएम दमयंती कंवर, डीएसपी रामप्रताप बिश्नोई, फतेहपुर सदर एसएचओ मुनेशी मीणा भी मौके पर पहुंचीं।प्रत्यक्षदर्शी रामनिवास सैनी ने बताया– दोपहर करीब 2:30 बजे की बात है। मैं अपनी पिकअप गाड़ी की सर्विस करवाने के लिए पुलिया के पास सर्विस सेंटर पर जा रहा था। पुलिया के ऊपर से गुजर रहा था। तब मेरे पास से निकल रहे ट्रक को पीछे से आई कार ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान कार ट्रक से जा टकराई। मैंने अपनी गाड़ी साइड में खड़ी की। तुरंत कार की ओर दौड़ा पीछे बैठे दो लोग मदद की गुहार भी लगा रहे थे। गाड़ी के पीछे लगी गैस किट की टंकी की आग तेज हो गई। इसके बाद मैंने सूचना पुलिस को दी।

### हरियाणा के सीएम नायब सैनी का कांग्रेस पर तंज, कहा–

# मोदी के सामने कांग्रेस को ढूंढें नहीं मिल रहे उम्मीदवार

**करनाल, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को करनाल की पुरानी सब्जी मंडी शेड में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने लोगों को बाबा साहब के जन्म दिन की बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं, सुबह जिसे तैयार करते हैं, शाम को वह मना कर जाता है। क्योंकि नरेंद्र मोदी के साढ़े नौ साल के कार्यकाल के कार्यो के आगे कांग्रेस के 55 साल का कार्यकाल कहीं ठहरता ही नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य की सरकार बाबा साहब डॉ.भीम राव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चल रही है। बाबा साहब के बनाए संविधान के कारण ही हम सभी आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि इसमें महिलाओं, युवाओं, गरीबों, मजदूरों आदि



समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। जो 2019 को संकल्प पत्र था, उसे पूरा करने के बाद उसके आगे की योजनाओं को लिया गया है, जबकि कांग्रेस ने 2009 के घोषणा पत्र को ही पूरा नहीं किया था। स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की परिकल्पना पर दिल्ली–अमृतसर फोन लेन बनाया गया था लेकिन कांग्रेस के शासन में इसकी हालत खस्ता हो गई लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे पूरा किया है। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि आज करनाल विधान सभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का भी शुभारंभ किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी नहीं तलाश पा रही है। जिसके कारण कांग्रेस के लोगों को उत्साह तो पहले से ही ठंडा पड़ चुका है। कांग्रेस की स्थिति ऐसे भंडारे जैसी है, जिसमें कोई अंदर जाता है तो अंदर पूड़ी खत्म हो चुकी होती है, जब बाहर आता है तो उसकी चप्पल चोरी हो चुकी होती है।

# यह चुनाव राष्ट्रीय अस्मिता व गौरव का चुनाव : महिमा कुमारी

**राजसमंद 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान में राजसमंद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि लोकसभा चुनाव किसी व्यक्ति का चुनाव नहीं, यह राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का चुनाव है।

पूर्व मेवाड़ राजघराने की बहु महिमा कुमारी ने रविवार को संसदीय क्षेत्र में फरारा महादेव में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह सत्य और स्वाभिमान का चुनाव है। हमें सत्य का चुनाव करना है तभी श्रेष्ठ का चुनाव होगा। दशकों बाद इस देश के स्वाभिमान ने अपने गौरव का एहसास कराया है।

उन्होंने कहा कि हमें भाजपा को एक बार फिर से सत्ता में लाकर मोदीजी को प्रधानमंत्री बनाना है। भाजपा के लिए सत्ता सिर्फ सेवा का साधन मात्र है।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, लोकतंत्र का त्यौहार है जिसमें सभी को भाग लेकर मोदीजी के आत्म निर्भर भारत के सपने को साकार करना है। इससे पहले महिमा कुमारी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर 100फिट रोड़ स्थित उनकी आदम कद प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर जनसंपर्क का आगाज किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत के चिंतक, समाज सुधारक और भारत रत्न थे।

इस अवसर जन प्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिरसा में 31हजार से अधिक की जुआ व सट्टा राशि सहित आठ लोग गिरफ्तार

**सिरसा, 14 अप्रैल (एजेंसिया)।** हरियाणा में सिरसा जिला की सीआईए स्टॉफ, सिरसा तथा स्पेशल स्टॉफ ,सिरसा व एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर जुआ व सट्टा खाई वाली करते हुए आठ लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 31,145 रुपए की जुआ व सट्टा राशि बरामद की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए की पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान डिंग थाना क्षेत्र में मौजूद थी । इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि गांव कोटली क्षेत्र में कुछ लोग सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस पार्टी ने गांव कोटली में दबिश देकर 6 लोगों को 25 हजार 600 की जुआ राशि के साथ काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान ओमप्रकाश पुत्र बुधराम, सुनील पुत्र रतनलाल ,राधेश्याम पुत्र मोहनलाल निवासी कोटली, नरेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी हुडा सेक्टर 20 सिरसा ,रमेश पुत्र हरिश्चंद्र निवासी गांव वेदवाला ढाणी व रविंद्र पुत्र बनवारी लाल निवासी सरस्वती कॉलोनी सिरसा के रूप में हुई है। वहीं स्पेशल स्टॉफ की एक टीम ने गांव शाहपुर बेगू से एक व्यक्ति को 3470 की सट्टा राशि के साथ काबू किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान मनोज कुमार निवासी गांव शाहपुर बेगू के रूप में हुई है । जबकि एंटी नारकोटिक्स सेल ,सिरसा पुलिस टीम ने शिव चौक सिरसा क्षेत्र से रोशन पुत्र रामस्वरूप निवासी खालसा स्कूल वाली गली गुरु नानक नगर, सिरसा को सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाई वाली करते हुए 2075 की सट्टा राशि के साथ काबू किया है ।

# भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत का संकल्प पत्र : भजनलाल

**जयपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह विकसित भारत का संकल्प पत्र हैं जो गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं को समर्पित हैं।

श्री शर्मा ने घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया में रविवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया जो गरीब, किसान, युवा एवं महिला को सशक्त करने का संकल्प है। पिछले दस वर्ष में महिला गरीमा एवं इसके नये अवसरो को समर्पित किया गया है और महिला शक्ति की नई भागीदारी कैसे होगी यह इसके लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी



यानी पूरा होने की गारंटी। उन्होंने संकल्प पत्र को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह विकसित भारत एवं देश को आगे बढाने एवं उसे सुरक्षित करने का संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गरीब कल्याण के तहत तीन करोड़ से ऊपर नये घर बनाने का काम किया जायेगा। उज्जवला योजना जारी रहेगी और इसके तहत पाइप लाइन से सस्ती दर पर गैस देने का काम भी होगा।

श्री शर्मा ने कहा कि 80 करोड़ लोगों को जो खाद्यान मिल रहा है वह आगे भी पांच साल तक मिलता रहेगा। इसी तरह मुद्रा योजना के तहत जो दस लाख रुपए का लोन मिलता था उसे बढ़ाकर उसकी सीमा 20 लाख रुपए तक कर दी जायेगी। 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग लोगों को आयुष्मान योजना में शामिल कर उनका पांच लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आये हैं जिसके तहत डेयरी आदि की संख्या बढाई जायेगी। उन्होंने कहा कि जनता से जो वादे किए है उन्हें पूरा करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है और अभी बहुत कुछ करना है। उन्होंने संकल्प पत्र के लिए श्री मोदी सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं को बधाई दी है।

# 22 माह पहले लापता हुआ था किशोर, जोहड़ी से स्टेट क्राइम ब्रांच ने निकाला कंकाल

**भिवानी, 14 अप्रैल (एजेंसिया)।** जिले के तोशाम से करीब 22 माह पहले भेड़ बकरियां चराते समय लापता हुए 15 वर्षीय किशोर की हत्या और शव को खुर्द बुर्द किए जाने के मामले में स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम ने एक नर कंकाल बरामद किया है। तोशाम पुलिस की मदद से स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी की निशानदेही पर शनिवार देर शाम को झावरी से तोशाम मार्ग पर सापड़ी जोहड़ी के अंदर करीब डेढ़ से दो फूट की खोदाई कराकर कंकाल बरामद किया। जिसे लेकर जिला नागरिक अस्पताल पहुंची। रविवार दोपहर बाद कंकाल का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसमें कंकाल की खोपड़ी के अलावा कुछ हिस्से भी गायब मिले। फिलहाल स्टेट



क्राइम ब्रांच की टीम मामले की तहकीकात में जुटी है।

तोशाम निवासी जयकरण ने बताया कि उसके छोटे भाई जयकुमार की करीब 12 साल पहले मौत हो चुकी थी। जयकुमार के दो लड़के 15 साल का अंकित और 12 साल का अमित है। उसने बताया कि बड़ा बेटा अंकित छह हजार रुपये मेहनताना पर तोशाम के राजेश नामक व्यक्ति की भेड़ बकरियों को चराता था। जबकि छोटा बेटा अंकित फिलहाल आठवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। गत 16 जुलाई 2021 को अंकित भेड़ बकरियों को लेकर गया था, लेकिन शाम को नहीं लौटा। इस पर राजेश ने तोशाम पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें राजेश ने अंकित के लापता होने के साथ–साथ करीब 23 भेड़ भी गायब होने की शिकायत दी थी। तोशाम पुलिस में अंकित के गुमशुदा होने की रपट भी दर्ज हुई थी। स्टेट क्राइम ब्रांच टीम को तोशाम का ही संजय हाथ लगा। जिसने पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में अंकित की हत्या और उसके शव को खुर्द बुर्द किए जाने की बातें बताई। जिसकी निशानदेही पर ही तोशाम पुलिस को साथ लेकर स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम ने झावरी तोशाम मार्ग स्थित सापड़ी जोहड़ी में करीब डेढ़ से दो फुट का गड्ढा खोदकर एक नर कंकाल बरामद किया।

# अजमेर में पिकअप से 26 पेटी शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**अजमेर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान में अजमेर के निकटवर्ती पुष्कर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 26 पेटी शराब बरामद कर तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता की पालना में चलाये जा रहे जांच अभियान के तहत बीती रात सूचना के बाद शराब तस्करों का पीछा करते हुए आज सुबह तीन बजे कड़ैल पेट्रोल पंप के पास से एक पिकअप से 26 पेटी शराब बरामद की जो नागौर ले जाई जा रही थी। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी कांबले शरण गोपीनाथ ने बताया कि अवैध शराब का परिवहन सूचना पर एक पिकअप से अवैध शराब बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया तथा एक



भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि बरामद अवैध शराब में अलग–अलग ब्रांड का माल है। गिरफ्तार आरोपी नरेंद्र, विक्रम और भगवान हैं। वहीं कड़ैल का अजय भागने में सफल रहा। पुलिस ने पिकअप एवं एक मारूति को भी जब्त किया है।

# चैत्र नवरात्र के सातवें दिन करें इस चमत्कारी स्तोत्र का पाठ, शत्रुओं का होगा नाश



इस दिन जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां काली की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्र के सातवें दिन साधक मां की कठिन भक्ति करते हैं। इसके लिए निशा काल में कठिन साधना करते हैं। मां की भक्ति करने वाले साधकों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही तंत्र सीखने वाले साधक को विशेष विद्या की प्राप्ति होती है।

चैत्र नवरात्र का सातवां दिन मां काली को समर्पित होता है। इस दिन जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां काली की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्र के सातवें दिन साधक मां की कठिन भक्ति करते हैं। इसके लिए निशा काल में कठिन साधना करते हैं। मां की भक्ति करने वाले साधकों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही तंत्र सीखने वाले साधक को विशेष विद्या की प्राप्ति होती है। सनातन शास्त्रों में मां काली की महिमा का गुणगान किया गया है। चिरकाल में महादानव रक्तबीज के संहार हेतु जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा ने मां काली का रूप धारण किया था। अतः साधक श्रद्धा भाव से मां काली की पूजा-उपासना करते हैं। अगर आप भी जगत जननी मां काली को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो चैत्र नवरात्र के सातवें दिन विधि-विधान से मां की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय इस चमत्कारी स्तोत्र का पाठ करें।

**स्तोत्र**

करालवदनां घोरांमुक्तकेशींचतुर्भुताम्।
कालरात्रिंकरालिंकादिव्यांविद्युत्मालाविभूषिताम्।।
दिव्य लौहवज्रखड्ग वामाघोर्ध्वकराम्बुजाम्।
अभयंवरदांचैवदक्षिणोध्र्वाघ:पाणिकाम्।।
महामेघप्रभांश्यामांतथा चैपगर्दभारूढां।
घोरदंष्टाकारालास्यांपीनोन्नतपयोधराम्।।
सुख प्रसन्न वदनास्मेरानसरोरूहाम्।
एवं संचियन्तयेत्कालरात्रिंसर्वकामसमृद्धिधदाम्।।

## चैत्र नवरात्र के सातवें दिन भद्रावास योग का हो रहा है निर्माण

चैत्र नवरात्र के सातवें दिन जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां काली की पूजा-उपासना की जाती है। साथ ही विशेष कार्य में सिद्धि हेतु व्रत-उपवास रखा जाता है। इस दिन तंत्र-मंत्र सीखने वाले साधक निशा काल तक कठिन साधना करते हैं। मां काली के उपासकों की सभी मनोकामनाएं यथाशीघ्र पूर्ण हो जाती हैं। साथ ही आय, आयु, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र नवरात्र के सातवें दिन भद्रावास का योग बन रहा है। इस योग में मां की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं।

**शुभ मुहूर्त**

चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि सुबह 11 बजकर 44 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 15 अप्रैल को दोपहर 12 बजकर 11 मिनट पर समाप्त होगी। इसके बाद नवमी तिथि शुरू होगी। जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां काली की पूजा निशा काल में होती है। अतः निशा काल में पूजा की जाएगी। तंत्र सीखने वाले साधक के लिए यह दिन विशेष होता है। इस दिन दुख हरने वाली मां काली की पूजा करने से सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं।

**भद्रावास योग**

ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र नवरात्र के सातवें दिन दुर्लभ भद्रावास योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से हो रहा है, जो संध्याकाल 08 बजकर 39 मिनट तक है। इस समय में मां काली की पूजा करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान भद्रा स्वर्ग में रहेंगी। भद्रा के स्वर्ग में रहने के दौरान भूलोक पर उपस्थित समस्त जीव जंतु एवं मानव का कल्याण होता है।

**सूर्योदय और सूर्यास्त का समय**

सूर्योदय - सुबह 05 बजकर 56 मिनट पर
सूर्यास्त - शाम 06 बजकर 46 मिनट पर
चन्द्रोदय- सुबह 10 बजकर 08 मिनट पर
चंद्रास्त- देर रात 12 बजकर 57 मिनट पर

**पंचांग**

ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 04 बजकर 27 मिनट से 05 बजकर 12 मिनट तक
विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 30 मिनट से 03 बजकर 21 मिनट तक
गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 45 मिनट से 07 बजकर 08 मिनट तक
निशिता मुहूर्त - रात्रि 11 बजकर 59 मिनट से 12 बजकर 43 मिनट तक

**अशुभ समय**

राहु काल - सुबह 05 बजकर 10 मिनट से 06 बजकर 46 मिनट तक
गुलिक काल - दोपहर 03 बजकर 34 मिनट से 05 बजकर 10 मिनट तक

हीं कालरात्रि श्रींकराली चक्लींकल्याणी कलावती।
कालमाताकलिदर्पध्नीकमदींशकृपन्विता।।
कामबीजजपान्दाकमबीजस्वरूपिणी।
कुमतिघन्कुलीनार्तिनशिनीकुल कामिनी।।
क्लींहीं श्रींमंत्रवर्णेनकालकण्टकघातिनी।
कृपामयीकृपाधाराकृपापाराकृपागमा।।
महाकाली स्तोत्र
अनादिं सुरादिं मखादिं भवादिं,
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ।।
जगन्मोहिनीयं तु वाग्वादिनीयं,
सुहृदपोषिणी शत्रुसंहारणीयं ।
वचस्तम्भनीयं किमुच्चाटनीयं,
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ।।
महाकाली स्तोत्र
इयं स्वर्गदात्री पुनः कल्पवल्ली,
मनोजास्तु कामान्यथार्थ प्रकुर्यात ।
तथा ते कृतार्था भवन्तीति नित्यं,
वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ।।
सुरापानमत्ता सुभक्तानुरक्ता,
लसत्पूतचित्ते सदाविर्भवस्ते ।
जपध्यान पुजासुधाधौतपंका,
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ।।
चिदानन्दकन्द हसन्मन्दमन्द,
शरच्चन्द्र कोटिप्रभापुन्ज बिम्बं ।
मुनिनां कवीनां हृदि द्योतयन्तं,
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ।।
महामेघकाली सुरक्तापि शुभ्रा,
कदाचिद्विचित्रा कृतिर्योगमाया ।
न बाला न वृद्धा न कामातुरापि,
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ।।
क्षमास्वापराधं महागुप्तभावं,
मय लोकमध्ये प्रकाशीकृतंयत् ।
तवध्यान पूतेन चापल्यभावात्,
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ।।
यदि ध्यान युक्तं पठेद्यो मनुष्य,
स्तदा सर्वलोके विशालो भवेच्च ।
गृहे चाष्ट सिद्धिर्मृते चापि मुक्ति,
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ।।

# वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी, इस दिन से शुरू हो जाएगा रजिस्ट्रेशन



अमरनाथ मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को यह घोषणा की।

बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा।

वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है। एक मार्ग अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

# चैत्र नवरात्रि पर तुलसी माता की इस तरह की जा सकती है पूजा




तुलसी के पौधे को पवित्र माना जाता है और घर घर में तुलसी के पौधे की पूजा की जाती है। नवरात्रि में शक्ति की प्रतीक देवियों की पूजा की जाती है।

तुलसी के पौधे को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है इसलिए नवरात्रि में तुलसी के उपाय विशेष लाभकारी होते हैं। अभी चैत्र नवरात्रि चल रही है। नवरात्रि के दौरान तुलसी के उपाय करने माता दुर्गा के साथ-साथ माता लक्ष्मी का भी आशीर्वाद प्राप्त हो सकता है। आइए जानते हैं चैत्र नवरात्रि में करने चाहिए कौन से तुलसी उपाय और उनसे क्या लाभ हो सकता है।

**घर मे लगाएं तुलसी का पौधा**

अगर आपके घर में तुलसी का पौधा नहीं है तो चैत्र नवरात्रि तुलसी का पौधा लगाने का सबसे अच्छा अवसर है। नवरात्रि के दौरान तुलसी का पौधा लगाना बहुत शुभ माना गया है। तुलसी के पौधे को घर के ईशान कोण मे लगाने से घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है।

**दीपक जलाएं**

नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा की पूजा और दीपक जलाने के बाद तुलसी के सामने भी दीपक जलाएं। सुबह शाम तुलसी के पौधे के सामने दीपक जलाने से माता दुर्गा के साथ माता लक्ष्मी भी कृपा प्रदान करती हैं।


**सेहत संबंधी परेशानियां दूर**

नवरात्रि के दौरान विधि-विधान से तुलसी की पूजा करनी चाहिए। इससे परिवार के सदस्यों की सेहत संबंधित परेशानियां दूर होती हैं और आरोग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**गुरुवार का उपाय**

नवरात्रि के दौरान गुरुवार को पानी के साथ-साथ कच्चा दूध अर्पित करना चाहिए। इससे सभी तरह के ग्रह दोषों से मुक्ति मिलती है।

# कन्या पूजन के दौरान इन बातों का रखें विशेष ध्यान, वरना नहीं मिलेगा व्रत का पूर्ण फल



कन्या पूजन नवरात्र के दौरान किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। यह हर साल अष्टमी और नवमी तिथि को किया जाता है। इसे कुमारिका पूजन भी कहा जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, नवरात्र के दौरान कन्या पूजन करने से जीवन में सौभाग्य आता है। साथ ही माता दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।

ऐसे में अगर आप दुर्गा माता के साथ इस पवित्र अनुष्ठान को कर रहे हैं, तो आपको इस दौरान कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। आइए उन नियमों के बारे में जानते हैं -

**कन्या पूजन में इन चीजों का रखें ध्यान**

* कन्या पूजा के लिए कन्याओं को भाव से आमंत्रित करें।
* इस दिव्य पूजन के दौरान मन में किसी प्रकार की हीन भावना न लाएं।
* कन्याओं के बीच भेदभाव न करें।
* पूजा के दौरान काली चीजों का उपयोग न करें।
* कन्याओं का पूरे परिवार सहित उनका स्वागत करें।
* पवित्र स्थान पर कन्याओं को बिठाएं।
* कन्याओं के माथे पर अक्षत, फूल और कुमकुम का तिलक लगाएं।
* माता रानी का ध्यान करके सभी कन्याओं को भोजन कराएं।
* भोजन के बाद कन्याओं को क्षमता अनुसार उपहार और दक्षिणा दें।
* अंत में कन्याओं का आशीर्वाद उनका पैर छूकर लें।

**कन्या पूजन से जुड़ी मान्यता**

इस दिन भक्त व्रत रखते हैं और छोटी-छोटी कन्याओं को अपने घर पर आमंत्रित करते हैं। यह अनुष्ठान माता रानी के प्रति आभार व्यक्त करने का एक खास तरीका है। इस दिन लोग शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा करते हैं और कन्याएं देवी दुर्गा के इन नौ दिव्य रूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

कंजक के दौरान भैरव बाबा के रूप में एक लड़के को भी बुलाया जाता है। ऐसा माना जाता है जो जातक इस पूजा को करते हैं उन्हें नवरात्र का पूर्ण फल प्राप्त होता है।



# हनुमान जयंती पर ये तीन चीजें घर लाना माना जाता है बेहद शुभ

## संकटमोचन हर लेंगे सारे संकट

हनुमान जी संकटमोचक कहलाते हैं। उनकी भक्ति करने वाले भय, पीड़ा और सभी तरह की परेशानियां से मुक्ति मिल जाती है। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हनुमान जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल मंगलवार को है। हनुमान जयंती के मंगलवार को होने के कारण इसका बहुत महत्व है। ऐसे में इस वर्ष हनुमान जयंती उपाय करने से बहुत लाभ प्राप्त हो सकता है। इस दिन कुछ खास चीजें घर लाने से हनुमान जी की कृपा से सभी प्रकार की परेशानियों से मुक्ति मिल सकती है। आइए जानते हैं हनुमान जयंती के दिन क्या लाना होगा शुभ।

**हनुमान जी का प्रिय अस्त्र गदा**

गदा हनुमान जी का प्रिय अस्त्र है। हनुमान जी की हर प्रतिमा में उनके हाथ में गदा जरूर होता है। हनुमान जयंती के दिन छोटी सी गदा घर लाना बहुत शुभ प्रभाव वाला हो सकता है। घर में गदा होने से हनुमान जी प्रसन्न होकर कृपा करते हैं। हनुमान जयंती के दिन घर में गदा लाने से घर की नकारात्मकता दूर हो जाएगी। गदा को घर में पूर्व की दिशा में रखना चाहिए।

**वानर की प्रतिमा**

हनुमान जयंती के दिन वानर की प्रतिमा लानी चाहिए। वानर सेना ने भगवान राम को लंका विजय करने में मदद की थी इसलिए वे भगवान श्रीराम के विशेष प्रिय हैं। घर में वानर की प्रतिमा लाना कल्याणकारी प्रभाव वाला माना जाता है। इस उपाय से श्रीराम भक्त बजरंगबली सभी परेशानियों को दूर करते हैं।

**तांबेको छोटा सा फरसा**

हनुमान जयंती के दिन तांबे को छोटा सा फरसा घर लाना चाहिए। इस उपाय से वास्तु दोष और कुंडली दोष से मुक्ति मिल सकती है।

**हनुमान जयंती का महत्व**

हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी की उपासना विधि-विधान से की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस विशेष दिन पर हनुमान जी की पूजा करने से बल, बुद्धि, विद्या, धन, ऐश्वर्य प्राप्त होता है। समस्याएं व परेशानियां दूर होती हैं। जिन लोगों की कुंडली में मंगल ग्रह की स्थिति कमजोर है, उन्हें हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी की उपासना जरूर करनी चाहिए।

# चंडिका मंदिर में मां सती के नेत्र की होती है पूजा

बिहार के मुंगेर जिले में सुप्रसिद्ध मां चंडिका मंदिर में मां सती के एक नेत्र की पूजा की जाती है और श्रद्धालुओं को नेत्र संबंधी विकार से मुक्ति मिलती है। मुंगेर जिला मुख्यालय से करीब दो किलोमीटर पूरब गंगा किनारे पहाड़ी गुफा में अवस्थित मां चंडिका का मंदिर लाखों भक्तों के लिए 'आस्था' का केन्द्र बना हुआ है। ऐसी मान्यता है कि इस स्थल पर माता सती की बाईं आंख गिरी थी। यहां आंखों के असाध्य रोग से पीड़ित लोग पूजा करने आते हैं और यहां से काजल लेकर जाते हैं। लोग मानते हैं कि यह काजल नेत्ररोगियों के विकार दूर करता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान शंकर जब अपनी पत्नी सती के मृत शरीर को लेकर तीनों लोकों में घूम रहे थे तब संपूर्ण सृष्टि भयाकूल हो गयी थीं तभी देवताओं के अनुरोध पर भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को खंडित किया था। जहां-जहां सती के शरीर का खंड गिरा उसे शक्तिपीठ माना गया। मुंगेर का चंडिका मंदिर भी शक्तिपीठ के रूप में शामिल है।



नेत्र रोग से पीड़ित भक्तगण चंडिका मंदिर में नेत्र-रोग से मुक्ति की आशा लेकर आते हैं। सामाजिक मान्यता है कि कोई भी भक्त निराश नहीं लौटता है। संतान की चाहत और जीवन की अन्य इच्छाओं की पूर्ति के लिए भक्त राज्य के कोने-कोने से इस मंदिर में पहुंचते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर के काजल से हर प्रकार के नेत्रविकार दूर होते हैं। दूर-दूर से पीड़ित भक्तजल यहां मंदिर का काजल लेने पहुंचते हैं।

नवरात्र-पूजा के दौरान नवमी तक इस मंदिर में भक्तों की भीड़ देखने को मिलती हैं। कतार में लगकर भक्त इस व्यवस्था से मां चंडिका के नेत्र पर जल-अर्पण करते हैं।मंदिर में भगवान शंकर, माता पार्वती, नौ ग्रह देवता, मां काली और मां संतोषी और भगवान हनुमान के अलग-अलग मंदिर भी हैं, जहां भक्तजन पूजा-अर्चना करते हैं। सामान्य दिनों में प्रत्येक मंगलवार को मंदिर में काफी संख्या में भक्तजन पहुंचते हैं। मंदिर के पूर्व और पश्चिम में शमशान है। इसी कारण इस मंदिर को शमशान चंडिका' के रूप में भी जाना जाता है। नवरात्र पूजा के दौरान तांत्रिक यहां तंत्र-सिद्धि के लिए भी जमा होते हैं।

इस मंदिर का इतिहास महाभारत काल से भी जुड़ा बताया जाता है। ऐसी जनश्रुति है कि अंग देश के राजा कर्ण मां चंडिका के भक्त थे और हर दिन खौलते हुए तेल की कड़ाह में कूदते थे। इस प्रकार अपनी जान देकर वह मां चंडिका की पूजा किया करते थे। माता उनके इस बलिदान से अत्यंत प्रसनन हो जाती थी और हर रोज वह राजा कर्ण को जीवित कर देती थीं। इसके अलावा माता कर्ण को सवा मन सोना भी देती थीं। राजा कर्ण उस सोने को मुंगेर के कर्ण चैड़ा पर ले जाकर गरीबों में बांट देते थे। इस बात की जानकारी उज्जैन के राजा विक्रमादित्य को मिली। एक दिन राजा विक्रमादित्य वेश बदलकर अंग देश पहुंच गए। उन्होंने देखा कि महाराजा कर्ण ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान कर मां चंडिका के सामने रखे खौलते तेल के कड़ाह में कूद जाते हैं और माता उनके अस्थि-पंजर शरीर पर अमृत छिड़ककर उन्हें पुनर्जीवित कर देती हैं। माता उन्हें पुरस्कार स्वरूप सवा मन सोना भी देती थीं। एक दिन चुपके से राजा विक्रमादित्य राजा कर्ण के आगमन के पहले ही मंदिर पहुंच गए और खौलते तेल के कड़ाह में कूद गए। बाद में रोजाना की भांति मां ने उन्हें जीवित कर दिया। उन्होंने लगातार तीन बार कड़ाह में कूदकर अपना शरीर समाप्त किया और माता ने उन्हें हर बार जीवित कर दिया। चौथी बार माता ने उन्हें रोका और वर मांगने को कहा। राजा विक्रमादित्य ने माता से सोना देनेवाला थैला और अमृत कलश मांग लिया। ऐसी मान्यता है कि माता ने दोनों चीज देने के बाद वहां रखे कड़ाह को उलट दिया और उसी के अन्दर विराजमान हो गईं।

# बड़े मियां छोटे मियां ने दुनियाभर में मचाया बवाल

## दो दिनों में 50 करोड़ के पार हुई फिल्म

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियांळ ईद के मौके पर रिलीज हुई थी। फिल्म का अजय देवनग की स्पोर्ट्स ड्रामा मैदानळ से क्लैश हुआ था। हालांकि कमाई के मामले में मैदानळ बड़े मियां छोटे मियांळ पर भारी पड़ रही है। वहीं वर्ल्डवाइड भी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म धमाल मचा रही है। चलिए जानते हैं बड़े मियां छोटे मियांळ ने दुनियाभर में रिलीज के दो दिनों में कितना कलेक्शन कर लिया है।बड़े मियां छोटे मियांळ में एक्शन भी है और कॉमेडी भी। इसी के साथ ये फिल्म दर्शकों को एंटरटेनमेंट की फुल डोज दे रही है। हालांकि फिल्म को क्रिटक्स और ऑडियंस से मिला जुला रिस्पॉन्स मिला था बावजूद इसके ये फिल्म दमदार कमाई कर रही है। वर्ल्डवाइड भी बड़े मियां छोटे मियांळ का जादू चल गया है। वहीं अब फिल्म की रिलीज के दो दिनों की वर्ल्डवाइड कमाई के आंकड़े भी आ गए हैं।इसके मुताबिक अक्षय और टाइगर की फिल्म ने दो दिन में ही हाफ सेंचुरी लगा दी है। प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिकबड़े मियां छोटे मियांळ ने रिलीज के दो दिनों में वर्ल्डवाइड




55।14 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर वर्ल्डवाइड 36।33 करोड़ की कमाई की थी।बड़े मियां छोटे मियांळ की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई की रफ्तार थोड़ी धीमी है। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन डबल डिजीट में कारोबार किया था लेकिन दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन आधा रह गया। फिल्म की कमाई की बात करें तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक बड़े मियां छोटे मियांळ ने रिलीज के पहले दिन 15।65 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 7।6 करोड़ की कमाई की। इसी के साथ बड़े मियां छोटे मियांळ की दो दिनों की कुल कमाई अब 23।25 करोड़ रुपये हो गई है।अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ ने अहम रोल प्ले किया है। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी एक दिलचस्प खलनायक की भूमिका में हैं। बड़े मियां छोटे मियांळ को वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। इसे मुंबई, लंदन, अबू धाबी, स्कॉटलैंड और जॉर्डन जैसी लोकेशन पर शूट किया गया है।

# सायरा नहीं इस एक्ट्रेस को अपनी दुल्हन बनाना चाहते थे दिलीप कुमार

## इस वजह से अधूरा रह गया पहला प्यार



दिलीप कुमार और सायरा बानो की लव स्टोरी दुनियाभर में मशहूर है। दिलीप कुमार अपने दौर की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक के प्यार में गिरफ्तार हो गए थे। पर क्या आप जानते हैं सायरा बानो पर मर मिटने से पहले दिलीप कुमार का दिल एक खूबसूरत हसीना के लिए धड़कता था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दिलीप कुमार कामिनी कौशल से प्यार किया करते थे। दोनों ने 1948 की फिल्म शहीद में साथ काम किया था। वैसे तो दिलीप कुमार की जिंदगी से जुड़े ढेरों किस्से सोशल मीडिया पर पढ़ने और सुनने को मिल जाएंगे, लेकिन एक्टर की जिंदगी से जुड़ा यह राज कम ही लोगों को पता है।

कहते हैं कि इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार और कामिनी कौशल एक दूसरे के करीब आ गए थे। दोनों शादी भी करना चाहते थे, लेकिन यह हो पाना असंभव था क्योंकि कामिनी पहले से ही शादीशुदा थीं। कहते हैं कि कामिनी कौशल की बहन की मौत के बाद बच्चों की परवरिश के लिए उनकी शादी उनके बहनोई से करवा दी गई थी। ना चाहते हुए भी मजबूरी में कामिनी को यह शादी करनी पड़ी थी। ऐसे में जब घरवालों को कामिनी और दिलीप की नजदीकियों की भनक लगी तो बहुत हंगामा हुआ।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कामिनी कौशल ने दिलीप कुमार को उनसे दूर रहने की धमकी दी थी। कहते हें कि घरवालों के दबाव के बाद ही कामिनी कौशल और दिलीप कुमार ने अपने रिश्ते पर हमेशा के लिए पूर्ण विराम लगा दिया। इसके बाद दिलीप कुमार को खुद से 22 साल छोटी सायरा बानो से प्यार हुआ, जिससे बाद में उन्होंने शादी भी की।



# फिल्म डंक-वन्स बिटन ट्वाइस शाइ से हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हैं निधि अग्रवाल

एक्ट्रेस निधि अग्रवाल अपनी अपकमिंग ओटीटी डेब्यू फिल्म डंक - वन्स बिटन ट्वाइस शाइ को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। वह पहली बार बिकनी अवतार में नजर आएंगी।एक्ट्रेस थोड़े अंतराल के बाद हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हैं। वह पिछली बार 2017 में हिंदी फिल्म मुन्ना माइकल में नजर आईं थीं।प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित इस फिल्म में सुचित्रा कृष्णमूर्ति और विनय पाठक के साथ तुषार कपूर और शिविन नारंग भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।डंक के बारे में बात करते हुए निधि ने कहा: तेलुगु, तमिल और हिंदी में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के बाद अब मैं एक छोटे अंतराल के बाद हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हूं और साथ ही दक्षिणी फिल्म परिदृश्य पर भी अपना दबदबा बना रही हूं।एक्ट्रेस ने कहा कि उनके पास रोमांचक परियोजनाओं की भरमार है।उन्होंने कहा, मैं वर्तमान में महान पवन कल्याण और राजा साब के साथ एक मनोरम पीरियड फिल्म हरि हर वीरा मल्लू में काम कर रही हूं। जहां मैं प्रतिभाशाली प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हूं।निधि ने कहा, उम्मीद बहुत अधिक है क्योंकि दोनों फिल्में इस साल रिलीज होने वाली हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों को लुभाने का वादा करती हैं।एक्ट्रेस ने कहा कि इन सबके बीच उनकी नजर एक स्क्रिप्ट पर पड़ी, जो मुझमें गहराई से समा गई और इसने मेरे अंदर एक असाधारण प्रदर्शन देने की उत्सुकता जगा दी।निधि ने कहा, दक्षिण में दो नायकों और एक अन्य आशाजनक स्क्रिप्ट के साथ मैं सिनेमाई परिदृश्य में धूम मचाने के लिए तैयार हूं।



# साई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस में तस्वीरें

भारतीय अभिनेत्री साई मांजरेकर ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्का मेकअप किया है। तस्वीरों में वह अलग-अलग पोज दे रही हैं। साई मांजरेकर की इन तस्वीरों को उनके फैंस द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। कई फैंस ने उनके लुक की तारीफ करते हुए कमेंट किए हैं। एक फैन ने लिखा, आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं, तो दूसरे ने लिखा, आपकी ड्रेस बहुत प्यारी है।साई मांजरेकर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 1।9 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।साई मांजरेकर एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो हिंदी, मराठी और तेलुगु भाषा की फिल्मों में काम करती हैं। वह अभिनेता महेश मांजरेकर और मेधा मांजरेकर की बेटी है। उन्होंने दबंग 3 (2019) के साथ अभिनय की शुरुआत की, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण नामांकन के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

# बॉक्स ऑफिस में लड़खड़ाई अजय देवगन की फिल्म मैदान

## दो दिन में 10 करोड़ भी नहीं कमा पाई फिल्म

अजय देवगन की मैदान साल 2024 की मच अवेटेड फिल्म थी। मैदान के ट्रेलर में अजय देवगन की परफॉर्मेंस देखने के बाद फैंस का फिल्म के लिए एक्साइटमेंट लेवल काफी बढ़ गया था। ईद के मौके पर इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी और इसे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां से क्लैश भी करना पड़ा। वहीं फिल्म लेकर जहां काफी हाईप था लेकिन मैदान की ओपनिंग काफी ठंडी रही। फिल्म ईद पर रिलीज होने के बावजूद 10 करोड़ भी नहीं कमा पाई। चलिए यहां जानते हैं अजय देवगन की फिल्म का दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा हाल रहादेश के बेहद फेमस फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीन की बायोपिक मैदान काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और तमाम सेलेब्स सहित ऑडियंस से भी अच्छा रिव्यू मिला लेकिन ये फिल्म दर्शकों को थिएटरों तक खींच नहीं पाई और और इसकी ओपनिंग निराशाजनक रही।अजय देवगन की इस फिल्म ने बुधवार को पेड प्रीव्यू और गुरुवार को थिएट्रिकल रिलीज के बाद 7.10 करोड़ का कलेक्शन किया। मैदान ने ईद पर रिलीज हुई अब तक की सभी फिल्मों में सबसे कम कमाई की है। वहीं अब मैदान की रिलीज के दूसरे दिन यानी



शुक्रवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं।सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मैदान ने रिलीज के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को 2.75 करोड़ की कमाई की है। इसी के साथ मैदान का दो दिनों का कुल कलेक्शन अब 9.85 करोड़ रुपये हो गया है।मैदान ने घरेलू बाजार में तो कुछ खास कमाल नहीं दिखाया हालांकि वर्ल्डवाइड अजय देवगन की इस फिल्म ने थोड़ा दम दिखाया। फिल्म के मेकर बोनी कपूर ने मैदान की पहले दिन की दुनियाभर में हुई कमाई के आंकड़े शेयर किए हैं। इसके मुताबिक मैदान ने वर्ल्डवाइड 10.70 करोड़ से ओपनिंग की है। वहीं दूसरे दिन फिल्म के 15 करोड़ का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है।अजय देवगन की पिछली रिलीज शैतान ने पहले दिन 14.5 करोड़ कमाए थे तो दूसरे दिन 18.74 करोड़ की कमाई की थी। इसी के साथ शैतान ने दो दिनों में ही 33.5 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था। वहीं 100 करोड़ के बजट में बनी मैदान बॉक्स ऑफिस पर काफी धीमी स्पीड से बढ़ रही है। फिल्म रिलीज के दो दिनों में भी घरेलू बाजार में 10 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। ऐसे में फिल्म की परफॉर्मेंस को देखते हुए इसका अपनी लागत वसूलना काफी मुश्किल लग रहा है।

संपादकीय

# संकल्प-पत्र में दिखा विश्वास

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी जब दिल्ली स्थिति कार्यालय से लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भाजपा का घोषणा-पत्र ''भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी' जारी कर रहे थे, तब उनके चेहरे पर आत्मविश्वास झलक रहा था। भाजपा के कार्यकर्ता भी उत्साहित थे। वहीं, भाजपा के घोषणा-पत्र की प्रतीक्षा कर रहे देश के नागरिक भी आश्वस्त हुए होंगे कि भाजपा ने विकास को अपना मुख्य आधार बनाया है। चूँकि भाजपा ने अपना घोषणा-पत्र लोगों के सामने प्रस्तुत करने से पहले अपने 10 वर्ष के कार्यकाल का हिसाब भी दिया। भाजपा ने लोगों को याद दिलाया कि उन्होंने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया है। संकल्प पत्र की पहली प्रति गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दी गई। ये वे लोग हैं, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का लाभ मिला है। यानी भाजपा ने संदेश देने का काम किया है कि उसके द्वारा किया गया कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं है अपितु धरातल तक पहुँचा है। ये लाभार्थी उसके प्रमाण हैं। याद रखें कि लोकसभा चुनाव-2019 में भाजपा को जो अप्रत्याशित विजय मिली थी, उसका एक प्रमुख कारण सरकार की योजना के लाभार्थी ही थे। एक समय में असंभव दिखनेवाले कार्यों को भी मोदी सरकार ने करके दिखाया है, इसलिए लोगों को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी घोषणा-पत्र में जो वादे कर रहे हैं, वे चुनावी वादे नहीं है। भाजपा की सरकार उन्हें पूरा करने के सभी प्रयत्न करेगी। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने, राम मंदिर बनाने और समान नागरिक संहिता लागू करने के भाजपा के वादों पर पहले कांग्रेस के लोग ही उपहास उड़ाया करते थे। क्योंकि कांग्रेस के नेताओं को लगता था कि ये वादे केवल ख्याली पुलाव हैं, इन्हें साकार करना संभव नहीं है। परंतु दृढ़ इच्छाशक्ति की मोदी सरकार ने एक के बाद एक बड़े निर्णय लेकर साबित कर दिया कि यदि संकल्प शुभ हों तो उन्हें साकार करने का वातावरण भी बन जाता है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध भी मोदी सरकार जिस प्रकार की कार्रवाई कर रही है, उसकी कल्पना भी नहीं की जाती थी। यही माना जाता था कि भ्रष्टाचार की कार्रवाई केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रह जाती है। किसी भी नेता को जेल नहीं जाना पड़ता। परंतु, मोदी सरकार ने जाँच एजेंसियों को स्वतंत्रता देकर उन्हें कठोर कार्रवाई के लिए अवसर दे दिया है। अपने घोषणा पत्र में भाजपा ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही कार्रवाई को जारी रखने का आश्वासन दिया है। भाजपा के घोषणापत्र का समग्रता से विचार किया जाए, तो उसने प्रत्येक वर्ग को अपने दायरे में लिया है। सबकी बेहतरी के लिए कुछ न कुछ वादे घोषणा पत्र में किए गए हैं। कहना होगा कि भाजपा का यह घोषणा-पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। इन चारों वर्गों पर पिछले कुछ समय से प्रधानमंत्री मोदी जोर दे रहे हैं। दरअसल, समाज को विभिन्न प्रकार से विभाजित करके देखने की अपने इन चार वर्गों में देखने से सबके उत्थान की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर लोगों को गहरा विश्वास है। इसलिए भाजपा ने अपने घोषणापत्र प्रधानमंत्री के हाथों ही जारी कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने संकेत दिया कि उनकी सरकार चार जून को परिणाम आने के तुरंत बाद 'संकल्प पत्र' पर काम शुरू कर देगी। देखना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंट पर विश्वास करके जनता किस प्रकार का जनादेश देती है।

भाजपा ने अपना घोषणा-पत्र लोगों के सामने प्रस्तुत करने से पहले अपने 10 वर्ष के कार्यकाल का हिसाब भी दिया। भाजपा ने लोगों को याद दिलाया कि उन्होंने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया है। संकल्प पत्र की पहली प्रति गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दी गई। ये वे लोग हैं, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का लाभ मिला है। यानी भाजपा ने संदेश देने का काम किया है कि उसके द्वारा किया गया कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं है अपितु धरातल तक पहुँचा है। ये लाभार्थी उसके प्रमाण हैं। याद रखें कि लोकसभा चुनाव-2019 में भाजपा को जो अप्रत्याशित विजय मिली थी, उसका एक प्रमुख कारण सरकार की योजना के लाभार्थी ही थे। एक समय में असंभव दिखनेवाले कार्यों को भी मोदी सरकार ने करके दिखाया है, इसलिए लोगों को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी घोषणा-पत्र में जो वादे कर रहे हैं, वे चुनावी वादे नहीं है। भाजपा की सरकार उन्हें पूरा करने के सभी प्रयत्न करेगी। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने, राम मंदिर बनाने और समान नागरिक संहिता लागू करने के भाजपा के वादों पर पहले कांग्रेस के लोग ही उपहास उड़ाया करते थे।

## समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले

ललित गर्ग

मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है।

**लोकसभा** चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने




उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है। भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं – "जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई"। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें। राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें।

दृष्टि कोण

# राष्ट्र निर्माण से जुड़े साधु समाज

**मजबूत** भारत-राष्ट्र निर्माण के लिए अनुषासित, चरित्रवान और संस्कारित समाज निर्माण की जरूरत है। इसके लिए साधु-संतों को आश्रमों से बाहर निकल कर आगे आना होगा। यह बात मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भगवत ने कही। यह बेहद महत्वपूर्ण बात है, क्योंकि आजकल ज्यादातर संत-समाज आश्रम बनाकर वहीं से संदेष देने का कार्य कर रहे हैं। याद रहे, शंकराचार्य ने साधु-संन्यासियों के सार्थक उपयोग के लिए ही चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की थी। इन मठों को ज्योर्तिमठ, श्रृंगेरी मठ, गोवर्धन मठ और शारदा मठ के नामों से जाना जाता है। ये मठ धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के साथ सामाजिक कार्यों से भी जुड़े रहे हैं। इतिहास गवाह है आजादी की लड़ाई में अखाड़ों से जुड़े बाबाओं ने महारानी लक्ष्मीबाई, नाना साहब और तात्या टोपे के साथ अंग्रेजों से युद्ध भी लड़े थे। कुछ साल पहले महाराष्ट्र के भोईरपाड़ा शिरडी के साई बाबा मंदिर न्यास और सुजलान कंपनी के सयुक्त प्रयासों के फलस्वरूप पवनचक्की परियोजनाओं से 14 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया था। यह बिजली महाराष्ट्र बिजली बोर्ड को बेच भी दी गई। न्यास ने 15 करोड़ का निवेश कर यह उपलब्धि हासिल की। न्यास पवन चक्कियों की संख्या बढाकर लागत राशि 6 साल के भीतर निकाल लेने की भी उम्मीद रखता है। राष्ट्र निर्माण से जुड़ी बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में किसी धार्मिक न्यास द्धारा की गई यह एक महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि अनेक संत अपने आश्रमों में संस्कृत विद्यालय, भंडार, अस्पताल और गौषालाएं चला रहे हैं। मानव शक्ति के रूप में भारत के पास विशाल साधु समाज है। जिसे अब तक आंतरिक चेतना एवं अतीन्द्रीय शक्तियों के नियंत्रण का ही मुख्य कारक एवं प्रतीक माना जाता रहा है। यदि यह शक्ति राष्ट्र निर्माण संबंधी विकास कार्यों से जुड़ी बुनियादी समस्याओं के हल में जुट जाएं तो राष्ट्र का बहुत भला हो सकता है। क्योंकि इस समाज के साथ अपार शारीरिक बल होने के साथ धार्मिक न्यासों की संपत्ति के रूप में अकूत आर्थिक बल भी है। दिवंगत जयगुरु देव बाबा के पास 1200 करोड़ की संपत्ति सार्वजनिक हुई है। सत्य सांई बाबा के पास भी अकूत दौलत के भण्डार मिले हैं। हालांकि सांई न्यास करीब 500 ग्रामों को अपनी ओर से पेयजल उपलब्ध कराता है और हजारों लोगों को शिक्षा व स्वास्थ्य की मुफ्त सेवा भी करता है। भ्रष्टाचार के चलते भारत का संस्थागत एवं प्रशासनिक ढ़ांचा गड़बड़ा हुआ है। ऐसे में मानवीय पक्षों को उभारते हुए धार्मिक ट्रस्ट और उनका संरक्षक साधु समाज विकास कार्यों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सार्थक हस्तक्षेप कर सकता है। क्योंकि हताशा से भरी इस दुनिया में धर्म ही ऐसा इकलौता क्षेत्र है, जिसमें निर्विवाद रूप से उत्तरोत्तर विकास होता जा रहा है। भारत के मंदिरो, गुरुद्वारों, मस्जिदों और गिरिजाघरों में भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और भक्त सामथ्र्य से ज्यादा दिल खोलकर दान भी दे रहे है। भारत के हर परिर्वतनकारी युग में मठ, मंदिरों और साधुओं ने सांस्कृतिक चेतना का नवजागरण कर राष्ट्र निर्माण को नया मोड़ देते हुए समय-समय पर उदात्त भावनाओं और मंगलकारी सिद्धान्तो का प्रतिपादन किया है। जिससे धर्म दीर्धकालीक सत्ताधारियों के राजनीतिक लाभ का हितपोषक न बना रहे। यही कारण है कि विश्वामित्र चाणक्य, महावीर, बुद्ध, जगतगुरू शंकरचार्य, गुरूनानक देव, चैतन्य महाप्रभु, दयानंद सरस्वाती, महर्षि अरविंद, विवेकानंद और ज्योतिबा फुले जैसे राष्ट्रप्रेमी स्वप्न दृष्टाओं ने इस देश को आततायी विदेशी अतिक्रमणकारियों से लड़ने की शक्ति देने के साथ अज्ञान, भूख, अराजकता और असमान समाजिक ढ़ांचे से जूझने की भी चुनौती व प्रेरणा आम जनमानस को दी। मध्ययुग के अंधकार से भारतीय जनमानस को कबीर, तुलसी, सूर, रैदास, दादू, मलूकदास और नानक देव जैसे संत कवियों ने ही उबारकर नवयुग के निर्माण की आधारशिला रखी थी। स्वतत्रता पूर्व भारत में करीब 60 लाख साधु थे लेकिन वर्तमान में इनकी संख्या बढ़कर एक करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। हालांकि साधु समाज की इस गणना में रोगी, भिखारी, बाजीगर, सपेरे, नट, मदारी, लावारिस और अपाहिज भी शुमार हैं। इनकी संख्या 80 प्रतिशत है। पहुंचा हुआ साधु इन्हें साधु नहीं मानता। ऐसे ही साधुओं की बदौलत घर्म और नैतिकता का मूलमंत्र खंडित हो रहा है।

कुछ अलग

# पर्यावरणीय जवाबदेही

**यह** जानते हुए भी कि प्रकृति के साथ इंसानी क्रूरता से उपजे ग्लोबल वार्मिंग संकट ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है, हमारी सरकारें इस गंभीर चुनौती के मुकाबले को लेकर उदासीन नजर आती हैं। आज दुनिया में हर साल करोड़ों लोगों को अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखे, बाढ़ व चक्रवातों की वजह से विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर खेतों में खाद्यान्न उत्पादकता में कमी आई है। साथ ही लाखों लोगों को अपने जीवन से हर साल हाथ धोना पड़ता है। लेकिन विकसित देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन पर बड़े सम्मेलनों के आयोजन के अलावा इस संकट से निपटने के लिये युद्धस्तर पर कोई कोशिश होती नजर नहीं आती। सिर्फ जुबानी जमाखर्च के अलावा कोई ठोस पहल विकसित व विकासशील देशों के स्तर पर अब तक नहीं हुई है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभाव के प्रति सरकारी निष्क्रियता को चुनौती देने वाली स्विस वृद्ध महिलाओं द्वारा दायर याचिका पर यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला सरकारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक आदेश इस बात पर बल देता है कि जलवायु परिवर्तन प्रभावों से सुरक्षा मांगना एक मौलिक मानव अधिकार है। निस्संदेह फैसला पूरे यूरोप के लिये एक नजीर होनी चाहिए। यह फैसला बताता है कि जलवायु संकट से निपटने की तत्काल जरूरत है। सरकारों को जलवायु अनुकूल नीतियों को लागू करने में दृढ़ इच्छाशक्ति दिखानी होगी। साथ ही सरकारों को जवाबदेह बनाने वाले सार्वजनिक दबाव व नागरिक सक्रियता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। निस्संदेह नागरिकों की जागरूकता को कमतर नहीं आंका जा सकता। जाहिर बात है कि यदि लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता व प्रत्याशा को जलवायु संकट बुरी तरह प्रभावित कर रहा हो तो सरकारें कैसे उदासीन बनी रह सकती हैं। तमाम अध्ययनों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन से जहां हमारी खाद्य शृंखला खतरे में है, वहीं तमाम तरह के नये-नये घातक रोग सामने आ रहे हैं। जिनसे निपटने के लिये तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला पूरे विश्व के लिये मार्गदर्शक साबित हो सकता है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जीवन रक्षा को हमारे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखा था। कोर्ट ने माना था कि जलवायु परिवर्तन का असर सीधा जीवन के अधिकार पर पड़ता है। अदालत ने एक फैसले में कहा था कि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिये नागरिकों के अधिकारों की दृष्टि से स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला यूरोपीय व अमेरिकी देशों की जलवायु नीतियों को भी नया आकार प्रदान करने में सहायक होगा। यह फैसला जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकारों के अंतर्संबंध को प्रदर्शित करते हुए बताता है कि पर्यावरणीय संकट के कारण हाशिये पर आने वाले समुदायों को तत्काल संरक्षण प्रदान करने की जरूरत है। पर्यावरण के स्तर पर उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियां समाज में हाशिये पर रहने वाले समाजों को असंगत रूप से प्रभावित करती हैं। साथ ही सामाजिक असमानता को बढ़ाती हैं। भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में जनजातियों के सामने भोजन व पानी का संकट पैदा हो रहा है। इन उपेक्षित समुदायों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं।

देश दुनिया से

# स्वस्थ भारत की जननी है आंगनबाड़ी केंद्र

आंगनबाड़ी केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन इन्हीं कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के माधयम से मुमकिन होता है। कई बार कम वेतन और विषम परिस्थितियों के बावजूद इन कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं ने देश के नौनिहालों के शारीरिक और मानसिक विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। अक्सर समाचारपत्रों में कई महीनों तक इनके वेतन रुके होने की ख़बरें आती रहती हैं। जिससे इनकी आर्थिक परेशानियों को समझा जा सकता है। इसके बावजूद यह समर्पण और सेवा भाव से बच्चों के विकास के लिए तत्पर नज़र आती हैं। दरअसल सभी आंगनबाड़ी केंद्र भारत सरकार की आईसीडीएस योजना के तहत संचालित होती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुदाय आधारित कार्यक्रम है।

**एक** अप्रैल से राजस्थान की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे आंगनबाड़ी से जुड़े सदस्यों को काफी लाभ पहुंचेगा। इस वक़्त पूरे राज्य में 62,020 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। जिसके माध्यम से लाखों बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण मुक्त बनाया जा रहा है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन इन्हीं कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के माधयम से मुमकिन होता है। कई बार कम वेतन और विषम परिस्थितियों के बावजूद इन कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं ने देश के नौनिहालों के शारीरिक और मानसिक विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। अक्सर समाचारपत्रों में कई महीनों तक इनके वेतन रुके होने की ख़बरें आती रहती हैं। जिससे इनकी आर्थिक परेशानियों को समझा जा सकता है। इसके बावजूद यह समर्पण और सेवा भाव से बच्चों के विकास के लिए तत्पर नज़र आती हैं। दरअसल सभी आंगनबाड़ी केंद्र भारत सरकार की आईसीडीएस योजना के तहत संचालित होती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुदाय आधारित कार्यक्रम है। जिसके माध्यम से लक्षित समुदाय के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार लाना है। 02 अक्टूबर 1975 को शुरू की गई इस योजना ने अब तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से मुक्त बनाया है। यही कारण है कि केंद्र से लेकर सभी राज्यों की सरकारों ने समय समय पर न केवल इस योजना को प्रोत्साहित किया है बल्कि अन्य कई योजनाओं को इससे जोड़ा भी है। जिसका परिणाम है कि ज़मीनी स्तर पर इसके सकारात्मक नतीजे भी देखने को मिलते रहे हैं। हालांकि कई बार इन्हें बच्चों के पंजीकरण और उनकी उपस्थिति से जुड़ी समस्याओं का इन्हें सामना भी करनी पड़ती है। इसका एक उदाहरण राज्य के बीकानेर स्थित कालू गांव है। जिला मुख्यालय से 92 किमी और लूणकरणसर ब्लॉक से 20 किमी की दूरी पर स्थित इस गांव में पिछले कई वर्षों से संचालित 6 आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुचारु रूप से लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत से उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस गांव की जनसंख्या करीब 10334 है। इतनी बड़ी आबादी वाला यह गाँव 9 वार्डों में विभाजित है। यहां अनुसूचित जाति की संख्या लगभग 14 ।5 प्रतिशत है। इन सभी 6 आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 साल की उम्र के लगभग 400 बच्चे पंजीकृत हैं। जिन्हें पूरक आहार के तहत प्रतिदिन दलिया और खिचड़ी दी जाती है ताकि बच्चों को कुपोषण मुक्त बना कर उनका सर्वांगीण विकास किया जा सके। लेकिन अक्सर इन पंजीकृत बच्चों और उनकी नियमित उपस्थिति से संबंधित कमियां रह जाती हैं। कई बार पंजीकरण से काफी कम बच्चे केंद्र पर आते हैं। इस संबंध में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 6 की कार्यकर्ता पार्वती देवी का कहना है कि "यहां कुल 55 बच्चों का पंजीकरण है। जिसमें 0 से 3 साल के 29 बच्चे और 3 से 6 साल के 26 बच्चे पंजीकृत हैं। लेकिन केंद्र पर नियमित रूप से केवल 6 बच्चे ही आते हैं।" पंजीकरण के बावजूद बच्चों की कम संख्या के सवाल पर पार्वती देवी बताती हैं कि 'दरअसल इस गाँव का अधिकतर परिवार आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। ज्यादातर माता पिता दैनिक मजदूरी करने शहर जाते हैं। जहां से उन्हें लौटने में अक्सर शाम और कभी कभी देर रात हो जाती है। इतनी देर तक आंगनबाड़ी केंद्र खुला नहीं रह सकता है। इसलिए वह अपने बच्चों को आंगनबाड़ी में छोड़ने की जगह अपने साथ कार्य स्थल पर ले जाते हैं। हालांकि जो बच्चे केंद्र पर आते हैं उन्हें हम खुद घर से लाते और फिर वापस छोड़ कर आते हैं। केंद्र पर बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यहां पर बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध है। उनके लिए पीने के साफ पानी और शौचालय की अच्छी व्यवस्था उपलब्ध है। लेकिन कम बच्चों की उपस्थिति सभी के लिए चिंता का विषय है।" वहीं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 की कार्यकर्ता सुशीला देवी कहती हैं कि "इस केंद्र में कुल 87 बच्चों का पंजीकरण हुआ है। जिसमें 0 से 3 साल के 60 बच्चे और 3 से 6 साल के 27 बच्चे पंजीकृत हैं। लेकिन नियमित रूप से केवल 13 बच्चे ही केंद्र पर आते हैं। इसका कारण भी केंद्र संख्या 6 की तरह है।" वह बताती हैं कि केंद्र में बच्चों को पूरक पोषित आहार के रूप में 540 ग्राम दलिया, 480 ग्राम खिचड़ी और 540 ग्राम सादा दलिया दिया जाता है।



आप का नजरिया

# छात्रों की दर्दनाक मौत

**हरियाणा** के महेंद्रगढ़ स्थित कनीना में ड्राइवर की लापरवाही से एक निजी स्कूल की बस के पेड़ से टकराने के बाद हुई दुर्घटना में छह छात्रों की मौत हृदय विदारक है। दो भाइयों की मौत से उनके परिवार पर क्या गुजर रही होगी, अहसास करना कठिन नहीं है। इस तरह के हादसे हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरते हैं। इसे एक दुर्घटना कहने की बजाय आपराधिक लापरवाही कहना उचित होगा। जिसमें स्कूल प्रबंधन, चालक तथा प्रशासन की काहिली की बराबर की जिम्मेदारी है। एक खटारा बस को शराबी चालक द्वारा बेलगाम रफ्तार से दौड़ाना एक आपराधिक कृत्य ही कहा जाएगा। सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब ईद पर राष्ट्रीय अवकाश था तो स्कूल क्यों खोला गया था? सार्वजनिक अवकाश के दिन स्कूल खोलने पर प्रबंधकों की जवाबदेही तय की जानी चहिए। इस दुर्घटना में कई स्तर पर आपराधिक लापरवाही नजर आती है। ग्रामीणों के अनुसार कई साल पहले इस बस के फिटनेस प्रमाणपत्र की अवधि खत्म हो चुकी थी, इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करते हुए इसे सड़कों पर चलाया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन मोटी फीस वसूलने में तो लगा रहता है लेकिन उसे ख्याल क्यों नहीं आया कि बस का फिटनेस प्रमाणपत्र छह साल पहले खत्म हो चुका है। क्यों नहीं देखा कि ऐसे वाहन से तमाम बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है? सवाल उठना लाजिमी है कि बस की हालत और चालक की आदतों को देखते हुए इन मासूमों के जीवन को खतरे में डालने की स्थिति क्यों पैदा होने दी गई? सवाल पुलिस प्रशासन पर भी है कि क्यों बेलगाम गति से चलने वाले वाहनों की निगरानी का कोई तंत्र काम नहीं कर रहा है? विडंबना है कि हर हादसे के बाद शासन-प्रशासन चुस्ती दिखाता है और कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कमोबेश इस घटना के बाद भी इसकी पुनरावृत्ति होगी। विडंबना यह है कि सरकारी स्कूलों की बदहाली से खिन्न होकर जागरूक अभिभावक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यमों वाले प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। अभिभावकों की इसी सोच के चलते अनेक कारोबारियों, व्यापारियों तथा राजनेताओं ने बड़े नाम व चमक-दमक वाले निजी स्कूल खोल लिये हैं। लेकिन इन स्कूलों में शैक्षिक मानकों तथा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं में घोर लापरवाही बरती जाती है। छात्रों से फीस तो मोटी ली जाती है लेकिन उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं करायी जाती। शिक्षकों को दिये जाने वाले वेतन को लेकर भी अकसर सवाल उठते रहते हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि कम वेतन व असुरक्षित सेवाओं के बावजूद शिक्षक व अन्य कर्मचारी मिल जाते हैं। कमोबेश यही स्थिति ड्राइवरों की भी है। चालक को इतना वेतन नहीं मिलता है कि प्रशिक्षित व अनुभवी चालक इन बसों में तैनात किये जा सकें। जिसका नतीजा महेंद्रगढ़ के कनीना में हुआ हादसा है। जिसके चालक पर आरोप है कि वह ड्यूटी के दौरान शराब पीकर नशे में बस को बेतहाशा दौड़ा रहा था। निस्संदेह, ऐसी स्थितियां ही दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। हमेशा की तरह शासन-प्रशासन ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है, परिवहन विभाग के किसी कनिष्ठ कर्मी को निलंबित किया है।

# क्या चांदी के सिक्कों में दिखेंगे रामलला मुंबई सर्राफा बाजार में इन्हें लाने की अटकलें



**नई दिल्ली,14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

मुंबई सर्राफा बाजार में रामलला की छवि वाले चांदी के सिक्के जारी किए जाने की अटकलें लग रही हैं। सूत्रों के अनुसार कारोबारी जल्द ही ऐसे सिक्के लाकर इसे ऑफलाइन और ऑनलाइन बेचने की तैयारी कर रहे हैं। मुंबई के बुलियन बाजार से जुड़े कारोबारियों के अनुसार इन सिक्कों के डिजाइन, वजन और उपलब्धता को लेकर कारोबारियों के बीच सहमति बन गई है। अब इसे जल्द ही बाजार में पेश करने की तैयारी चल रही है। हालांकि, सर्राफा बाजार के कारोबारियों की ओर से अब तक इस बारे में आधिकारिक तौर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। बता दें कि विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर रामलला की तस्वीर अंकित चांदी के सिक्के पहले से ही बेचे जा रहे हैं।

**सरकार भी जारी कर चुकी है श्रीराम से जुड़ी तीन स्मारिका सिक्के** - 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सरकार की ओर से भी रामलला से जुड़े तीन स्मारिका सिक्के जारी किए गए थे। फरवरी महीने में सरकार के स्वामित्व वाली सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के 19वें स्थापना दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन्हें जारी किए थे। इन सिक्कों पर रामलला, राम जन्मभूमि मंदिर और अयोध्या की थीम अंकित थी। इन सिक्कों को 999 ग्राम शुद्ध चांदी से बनाया गया था।

**कोटा में जारी किए गए थे श्रीराम मंदिर की तस्वीर वाले सिक्के** - कोटा के श्री सर्राफा बोर्ड संस्था की ऐप व वेबसाइट कोटा सर्राफा डॉट इन की ओर से भी जनवरी में शुद्ध चांदी से बने राम मंदिर अंकित सिक्के जारी किए गए थे। राम मदिर की प्राण प्रतिष्ठा की खबरों के बीच व्यापारियों और ग्राहकों के बीच श्रीराम मंदिर अंकित चांदी के सिक्कों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए इन्हें जारी किए गए थे।

**ब्रिटिश काल में भी जारी किया गया था श्रीराम राम की तस्वीर अंकित सिक्का** - खबरों अनुसार श्रीराम की तस्वीर अंकित सिक्का ब्रिटिश काल में भी जारी किया गया था। 161 साल पुराने इस सिक्के पर प्रभू श्रीराम के पूरे परिवार की छवि अंकित थी। मीडिया रिपोट्स के अनुसार यह सिक्का आज भी महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के रमेश कोंडलकर के पास मौजूद है। कहा जाता है कि इस सिक्के को सन् 1862 में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन काल में जारी किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### पेप्सिको के उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने गोरखपुर में लगाया कारखाना, ब्रोकरेज ने कहा- रॉकेट बनेगा शेयर



**नई दिल्ली।** दिग्गज बेवरेज कंपनी पेप्सिको के लिए बॉटल बनाने वाली वरुण बेवरेजेज की गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) फैक्ट्री से कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो गया है। कंपनी यहां सॉफ्ट ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक बनाती है। जयपुरिया फैमिली की प्रमोटेड कंपनी वरुण बेवरेजेज अपनी गोरखपुर वाले कारखाने में जूस और वैल्यू-एडेड डेयरी प्रोडक्ट्स का भी उत्पादन करेगी। गोरखपुर फैक्ट्री के बारे में क्या कहा कंपनी ने वरुण बेवरेजेज ने अपने गोरखपुर के ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट से उत्पादन शुरू होने की जानकारी देते हुए कहा कि वह इस फैसिलिटी में 1,100 करोड़ रुपये का और निवेश करेगी। कंपनी का कहना है कि वह 2024 में जूस और वैल्यू-एडेड डेयरी प्रोडक्ट्स सेगमेंट में प्रोडक्शन कैपिसिटी बढ़ाना चाहती है। वरुण बेवरेजेज कुल 6 देशों में कारोबार करती है। इनमें तीन भारतीय उपमहाद्वीप में हैं- भारत, श्रीलंका और नेपाल। इनकी कंपनी की कुल बिक्री में 83 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वहीं, बाकी 17 प्रतिशत कमाई तीन अफ्रीकी देशों- मोरक्को, जांबिया और जिम्बाब्वे होती है। वहीं, पेप्सिको की भारत में कुल बेवरेज बिक्री में वरुण बेवरेजेज की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से अधिक है। यह पेप्सिको के अधिकतर उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूटिंग करती है। इसमें कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक, कार्बोनेटेड जूस-बेस्ड ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक, स्पोर्ट्स ड्रिंक और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर शामिल हैं। वरुण बेवरेजेज के शेयर का हाल वरुण बेवरेजेज के शेयर 2.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,389.65 रुपये पर बंद हुए। इसने पिछले 6 महीने में 50 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले एक साल में निवेशकों को वरुण बेवरेजेज से 91 प्रतिशत का मुनाफा मिला है। कई ब्रोकरेज ने 1649 से 1799 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ वरुण बेवरेजेज को रेटिंग दी है।

### देश के कई राज्यों पेट्रोल-डीजल की कीमत में हुआ बदलाव, ब्रेंट क्रूड 90.45 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। डब्ल्यूटीआई क्रूड



85.66 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 90.45 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। हरियाणा में रविवार को पेट्रोल की कीमत में 30 पैसे और डीजल में 29 पैसे की तेजी आई है। पंजाब में पेट्रोल 30 पैसे और डीजल 34 पैसे महंगा हो गया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक और गुजरात में पेट्रोल-डीजल की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। दूसरी ओर राजस्थान में पेट्रोल 39 पैसे और डीजल 34 पैसे सस्ता हो गया है। महाराष्ट्र में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में 10 पैसे से ज्यादा की गिरावट है। केरल, गोवा और ओडिशा में भी पेट्रोल-डीजल के भाव गिरे हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 94.34 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.66 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 94.53 रुपये और डीजल 87.61 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.52 रुपये और डीजल 87.61 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

### पाइप बनाने वाली इस कंपनी ने निवेशकों को कर दिया मालामाल

**मुंबई ।** शेयर बाजार में कुछ स्टॉक ने पहले निवेशकों का नुकसान कराया और फिर अब पैसा कमा कर दे रहे हैं। इसमें एक शेयर पाइप बनाने वाली कंपनी के हैं।कंपनी का नाम किसान मोल्डिंग्स लिमिटेड है। इस कंपनी के शेयर हर दिन अपर सर्किट लगा रहे हैं। एक साल के दौरान किसान मोल्डिंग्स के शेयर ने तगड़ा रिटर्न दिया है। एक साल में कंपनी के स्टॉक्स ने 741 फीसदी का रिटर्न दिया है। किसान मोल्डिंग्स के शेयर का 52वीं का लो लेवल 7.33 रुपये प्रति शेयर था, जो अब 72 रुपये के ऊपर कारोबार कर रहा है। इस अवधि के दौरान कंपनी ने 800 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। वहीं 29 जनवरी 2024 को इस कंपनी के शेयर 14 रुपये के भाव पर थे, जहां से अबतक निवेशकों को इस स्टॉक ने 400 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं एक जनवरी को किसान मोल्डिंग्स के शेयर इस साल1 जनवरी को 13 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे थे। जनवरी से लेकर 10 अप्रैल 2024 तक इस शेयर ने 423 फीसदी का रिटर्न निवेशकों को दिया है। हालांकि पांच साल के दौरान इस स्टॉक में 46 फीसदी की तेजी आई है। 1995 से लेकर आज तक इस तक में सिर्फ 311 फीसदी की तेजी आई है।

## एयरटेल का मार्केट-कैप एक हफ्ते में 19,029 करोड़ बढ़ा

# टॉप-10 कंपनियों में से 7 की वैल्यू 59,404 करोड़ बढ़ी, एचडीएफसी की 23,170 करोड़ कम हुई वैल्यू

**मुंबई, 14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

मार्केट वैल्यूएशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 7 का मार्केट कैप पिछले हफ्ते 59,404.85 करोड़ बढ़ा है। इनमें एयरटेल का मार्केट कैप सबसे ज्यादा 19,029.37 करोड़ बढ़ा है। कंपनी का मार्केट कैप अब 6.93 लाख करोड़ हो गया है।

वहीं,आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट-कैप 15,363.23 करोड़ बढ़कर 7.75 लाख करोड़ और रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 10,250.02 करोड़ बढ़कर 19.86 लाख करोड़ हो गया है। इनके अलावा, टीसीएस, इंफोसिस और एसबीआई का भी मार्केट कैप बढ़ा है।



### एचडीएफसी मार्केट-कैप एक हफ्ते में 23,170 करोड़ गिरा

जबकि, एचडीएफसी बैंक पिछले हफ्ते मार्केट का सबसे बड़ा लूजर रहा है। इस दौरान कंपनी की मार्केट वैल्यू में 23,170.58 करोड़ की कमी आई है। अब कंपनी का मार्केट कैप 11.54 लाख करोड़ रह गया है। इसके अलावा लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की वैल्यू 13,440.62 करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड की 8,153.08 करोड़ कम हुई है।

### 12 अप्रैल को 793 अंक गिरकर बंद हुआ था बाजार

शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी 12 अप्रैल को गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 793 अंक की गिरावट के साथ 74,244 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 234 अंक की गिरावट रही, ये 22,519 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट रही और सिर्फ 4 में तेजी देखने को मिली।

### एनएसई के सभी सेक्टर में गिरावट

वहीं,एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट देखने को मिली। पीएसयू बैंक, फार्मा, मीडिया और एफएमसीजी सेक्टर में 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज,आईटी, मेटल, प्रावेट बैंक और रियल्टी सेक्टर में भी गिरावट देखने को मिली।

### मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटस नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है।

मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां। मार्केट कैप कैसे काम आता है किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं कि कंपनी कितनी बड़ी है।

कंपनी का मार्केट कैप जितना ज्यादा होता है उसे उतनी ही अच्छी कंपनी माना जाता है। डिमांड और सप्लाई के अनुसार स्टॉक की कीमतें बढ़ती और घटती है।इसलिए मार्केट कैप उस कंपनी की पब्लिक पर्सीवड वैल्यू होती है।

### मार्केट कैप कैसे घटता-बढ़ता है

मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है। यानी अगर शेयर का भाव बढ़ेगा तो मार्केट कैप भी बढ़ेगा और शेयर का भाव घटेगा तो मार्केट कैप भी घटेगा।

# इस सप्ताह 21 भारतीय स्टार्टअप्स ने जुटाई 10 करोड़ डॉलर से अधिक की पूंजी




**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

इस सप्ताह देश में 21 स्टार्टअप्स ने लगभग 10.5 करोड़ डॉलर की नई पूंजी जुटाई इनट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें विकास-चरण के छह सौदे और प्रारंभिक-चरण के 12 सौदे शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, एक विकास-चरण स्टार्टअप और दो प्रारंभिक-चरण स्टार्टअप्स ने जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया। लगभग 30 शुरुआती और विकास-चरण वाले स्टार्टअप्स ने इससे पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से लगभग 17.271 करोड़ डॉलर जुटाए थे। छह स्टार्टअप्स ने इस सप्ताह विकास-चरण सौदों के बीच 5.45 करोड़ डॉलर जुटाए। अनुपालन स्वचालन प्लेटफ़ॉर्म स्प्रिंटो ने दो करोड़ डॉलर की उच्चतम धनराशि प्राप्त की। इसके बाद बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) अपशिष्ट प्रबंधन और रीसाइक्लिंग मार्केटप्लेस रिसाइकल, हाउसिंग फाइनेंस फर्म एविओम एचएफसी, डिजिटल ऋणदाता एक्सियो और मेडिकल डायग्नोस्टिक्स प्लेटफॉर्म 5सी नेटवर्क ने क्रमशः 1.3 करोड़, एक करोड़, 60 लाख और तीन लाख डॉलर जुटाए।

इसके अलावा, इस सप्ताह के दौरान 12 शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स ने सामूहिक रूप से पांच करोड़ डॉलर की फंडिंग हासिल की।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्लाउड और प्लेटफॉर्म-एज-ए-सर्विस स्टार्टअप नेयसा इस सूची में सबसे ऊपर है। इसके बाद एआई-संचालित राजस्व सक्षम प्लेटफॉर्म जीटीएम बडी, अंडरवाटर विजुअल निरीक्षण सेवा प्रदाता प्लानिस टेक्नोलॉजीज और अंडरवाटर विजुअल निरीक्षण सेवा प्रदाता प्लानिस टेक्नोलॉजीज हैं।

सूची में बाल चिकित्सा व्यवहार और विकासात्मक स्वास्थ्य फर्म बटरफ्लाई लर्निंग, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म ऑटोनेक्स्ट ऑटोमेशन, फुल स्टैक आईवियर प्लेटफॉर्म, आईमाईआई, एल्डर केयर स्टार्टअप एज केयर लैब्स और हेल्थकेयर स्टार्टअप प्लैटिनमआरएक्स समेत अन्य शामिल हैं।

शहर-वार, बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप्स आठ फंडिंग सौदों के साथ सबसे आगे रहे, इसके बाद मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई, कानपुर और हैदराबाद रहे।

# बॉर्नविटा पर सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को दी हिदायत, कहा- हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी से हटाएं

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स कंपनियों को एडवाइजरी जारी कर उन्हें अपने पोर्टल और प्लेटफॉर्म्स पर बोर्नविटा समेत सभी ड्रिंक्स और बेवरेज को हेल्थ ड्रिंक्स की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है। 10 अप्रैल को जारी अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत अपनी जांच के बाद निष्कर्ष निकाला है कि देश में खाद्य कानूनों के तहत कोई भी ड्रिंक स्वास्थ्य पेय या हेल्थ ड्रिंक्स के रूप में परिभाषित नहीं है। एनसीपीसीआर की ओर से की गई जांच के बाद यह बात सामने आई है बोर्नविटा में चीनी का स्तर स्वीकार्य सीमा से अधिक होता है। इससे पहले, एनसीपीसीआर ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से उन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने की अपील की थी जो सुरक्षा मानकों और दिशानिर्देशों को पूरा करने में विफल रहे हैं। कुछ कंपनियों पर आरोप है कि वे पावर सप्लिमेंट्स




को स्वास्थ्य पेय के रूप में पेश कर रहे हैं। नियामक के अनुसार, देश के खाद्य कानूनों में स्वास्थ्य पेय (हेल्थ ड्रिंक्स) को परिभाषित नहीं किया गया है और इस नाम पर कुछ भी बेचना नियमों का उल्लंघन है। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में, एफएसएसएआई ने भी ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को डेयरी-आधारित या माल्ट-आधारित पेय पदार्थों को स्वास्थ्य पेय के रूप में लेबल नहीं करने का निर्देश दिया था। पिछले साल, शीर्ष बाल अधिकार निकाय एनसीपीसीआर ने मोंडेलेज इंडिया के स्वामित्व वाली ब्रांड बोर्नविटा को सभी भ्रामक विज्ञापनों, पैकेजिंग और लेबल को वापस लेने का निर्देश दिया था।

# पीपीएफ में निवेश से तैयार होगा 1 करोड़ का फंड: इसमें मिल रहा 7.1 प्रतिशत ब्याज

**नई दिल्ली,14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

नया वित्त वर्ष 2024-25 शुरू हो चुका है। बेहतर होगा कि आप फाइनेंशियल प्लानिंग भी अभी से शुरू कर लें, ताकि टैक्स छूट का अधिकतम लाभ उठा पाएं और अगली मार्च तक आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो जाए। अगर आप आसानी से बड़ा फंड तैयार करना चाहते है तो पब्लिक प्रॉविडेंट फंड स्कीम आपके इस काम को आसान बना सकती है।

इस स्कीम के तहत फिलहाल 7.1 प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इसमें आपको टैक्स छूट का फायदा भी मिलता है। इसमें निवेश करके आप 1 करोड़ से ज्यादा का फंड तैयार कर सकते हैं। हम आपको इस स्कीम के साथ यह भी बता रहे हैं कि आप हर महीने कितना निवेश करके कितना फंड तैयार कर सकते हैं।




### 500 रुपए में खोल सकते हैं अकाउंट

पीपीएफ अकाउंट खोलने के लिए आवश्यक न्यूनतम राशि 500 रुपए है। किसी वित्त वर्ष में न्यूनतम 500 रुपए जमा करने की जरूरत है, जबकि अधिकतम निवेश सीमा 1.5 लाख रुपए सालाना तय की गई है। 15 साल का रहता है मैच्योरिटी पीरियड पीपीएफ अकाउंट 15 साल में मैच्योर होता है। आप चाहे तो मैच्योरिटी के बाद पूरा पैसा निकाल सकते हैं। हालांकि अगर आपको पैसे की जरूरत नहीं है तो इसे 5-5 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।इसके लिए मैच्योरिटी पूरा होने के एक साल पहले ही बढ़ाना होगा। 5 साल का रहता है लॉक इन पीरियड हालांकि पीपीएफ अकाउंट खोलने वाले साल के बाद 5 साल तक इस खाते से पैसा नहीं निकाला जा सकता। ये अवधि पूरा होने के बाद फॉर्म 2 भर कर पैसा निकाला जा सकेगा। हालांकि 15 साल साल पहले पैसा निकालने पर आपके फंड से 1 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। हर महीने 12,500 रुपए निवेश करने पर मिलेंगे 1.02 करोड़ रुपए इस स्कीम के जरिए अगर आप 1 करोड़ रुपए का फंड तैयार करना चाहते हैं तो आपको 25 साल तक हर महीने 12,500 रुपए निवेश करने होंगे। वहीं अगर आप 10 हजार रुपए महीना निवेश करते हैं तो आपको 25 साल बाद लगभग 81.76 लाख रुपए मिलेंगे। यहां जानें इसमें निवेश करने पर आपको कितना फायदा होगा।

# इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी पर भ्रष्टाचार का केस, सीबीआई ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

चुनावी बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सीबीआई ने की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया है कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट और इस्पात मंत्रालय के आठ अधिकारियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामले में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई 315 करोड़ रुपये की परियोजना के निष्पादन में हुई गड़बड़ियों के मामले में की गई है। सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी है।




### कंपनी पर कथित तौर पर अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप

जांच एजेंसी ने बताया हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित तौर पर रिश्वत देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे और इस मामले में दूसरे नंबर पर रही थी।

सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के सिलसिले में मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर 78 लाख रुपये की रिश्वत दी गई। सीबीआई के अनुसार रिश्वत स्वीकार करने के आरोप में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों के नाम भी प्राथमिकी में शामिल किए गए हैं।

### कंपनी के बॉन्ड्स को भाजपा, कांग्रेस व बीआरएस समेत कई पार्टियों ने भुनाए

चुनाव आयोग की ओर से बीते 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग का नाम चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार कंपनी के रूप में सामने आया था। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे। आंकड़ों के अनुसार कंपनी की ओर से भाजपा को सबसे अधिक 586 करोड़ रुपये दान किए गए थे।

कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़ रुपये, डीएमके को 85 करोड़ रुपये और वाईएसआरसीपी को 37 करोड़ रुपये का दान दिया है। कंपनी से टीडीपी को करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले। जेडी-एस, जन सेना पार्टी और जेडी-यू को 5 करोड़ रुपये से लेकर 10 करोड़ रुपये तक की राशि कंपनी की ओर से दी गई थी।

### जिस मामले में केस दर्ज किया गया वह क्या है यहां समझें

सार्वजनिक की गई प्राथमिकी के अनुसार, सीबीआई ने 10 अगस्त, 2023 को एकीकृत इस्पात संयंत्र जगदलपुर में इनटेक वेल और पंप हाउस और क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन के कार्यों से संबंधित 315 करोड़ रुपये की परियोजना में कथित रिश्वत देने मामले में प्रारंभिक जांच शुरू की थी। यह परियोजना मेघा इंजीनियरिंग को सौंपी गई थी। प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों के आधार पर, 18 मार्च को कथित रिश्वत मामले में एक नियमित मामला दर्ज करने की सिफारिश की गई थी जो 31 मार्च को दायर की गई।

सीबीआई ने एनआईएसपी और एनएमडीसी लिमिटेड के आठ अधिकारियों- सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक प्रशांत दास, निदेशक (उत्पादन) डीके मोहंती, डीजीएम पीके भुइयां, डीएम नरेश बाबू, वरिष्ठ प्रबंधक सुब्रो बनर्जी, सेवानिवृत्त सीजीएम (वित्त) एल कृष्ण मोहन, महाप्रबंधक (वित्त) के राजशेखर, प्रबंधक (वित्त) सोमनाथ घोष को नामजद किया है। इन पर कथित तौर पर 73.85 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप है।

सीबीआई ने प्राथमिकी में मेकॉन लिमिटेड के दो अधिकारियों -एजीएम (अनुबंध) संजीव सहाय और डीजीएम (अनुबंध) के इलावरसू का भी नाम लिया है। इन पर कथित तौर पर 174.41 करोड़ रुपये के भुगतान के बदले 5.01 लाख रुपये लेने का आरोप है। ये भुगतान सुभाष चंद्र संगरा, महाप्रबंधक, एमईआईएल, मेघा इंजीनियरिंग और अन्य अज्ञात लागों को 73 चालान के जरिए किया गया था। चंद्रा और मेघा इंजीनियरिंग को भी मामले में आरोपी बनाया गया है।



# मुक्केबाजी में आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

**विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। भारत के हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डुन्ने को भी पद छोड़ना पड़ा।**

विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया ( 51 किले ) और मोहम्मद हुसामुद्दीन ( 57 किलो ) , छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा ( 63.5 किलो ), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर ( 80 किलो ) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया ( 60 किलो ) को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2019 रजत पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2024 स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह पक्की करने का यह आखिरी मौका है।

राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच ( 57 किलो ) को भी टीम में जगह मिली है । हिमाचल प्रदेश के अबिनाश जामवाल 63 . 5 किलो वर्ग में थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा ने 80 किलो में लक्ष्य की जगह ली है। अभी तक भारत के किसी भी पुरूष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है । अभी तक निकहत जरीन ( 50 किलो ), प्रीति पंवार ( 54 किलो ) परवीन हुड्डा ( 57 किलो ) और लवलीना बोरगोहेन ( 75 किलो ) ही ओलंपिक कोटा हासिल कर सकी हैं। महिला वर्ग में अंकुशिता बोरो इटली में 66 किलो में कोटा हासिल नहीं कर सकी जो 60 किलो में उतरेंगी ।

**टीम :**

**पुरूष :** अमित पंघाल ( 51 किलो ), सचिन सिवाच जूनियर ( 57 किलो ), अबिनाश जामवाल ( 63.5 किलो ), निशांत देव ( 71 किलो ), अभिमन्यु लाउरा ( 80 किलो ), संजीत ( 92 किलो ) और नरेंदर बरवाल ( प्लस 92 किलो )

**महिला :** अंकुशिता बोरो ( 60 किलो ), अरूंधति चौधरी ( 66 किलो ) ।

## अक्षय भाटिया राउंड 3 के अंत में फिसले, शेफ़लर ऑगस्टा में एकल बढ़त पर

ऑगस्टा। भारतीय अमेरिकी अक्षय भाटिया को 16-17 पर दो होल के मामले में तीन शॉट का नुकसान उठाना पड़ा और इसके साथ ही उन्होंने एक साल पहले साहिथ थीगाला की तरह शीर्ष -10 में जगह बनाने का मौका खो दिया भाटिया (72-75-72) पहले से ही पीजीए टूर पर दो बार विजेता, 5-ओवर और संयुक्त-28 थे , जबकि एक अन्य भारतीय अमेरिकी साहिथ थीगाला ने लगातार तीसरा 74 का शॉट लगाकर 6-ओवर और संयुक्त-36वां स्थान प्राप्त किया, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी शेफ़लर ने बैक नाइन में दो-दो बर्डी और बोगी के साथ रोलर-कोस्टर खेला, इसके अलावा अपने दूसरे नाइन में एक ईगल और एक डबल लगाया. 66-72-71 के साथ वह अब 7-अंडर और एकल बढ़त पर हैं. शेफ़लर से पीछे दो बार के मेजर विजेता, कॉलिन मोरीकावा (6-अंडर) हैं और उनका पीछा मैक्स होमा (5-अंडर), नौसिखिया लुडविग एबर्ग (4-अंडर) और ब्रायसन डीचैम्ब्यू (3-अंडर) कर रहे हैं.





**स्टार होटल बंजारा हिल्स में दीपशिका यदुगिरी एवं रूपाली किरण यदुगिरी की पुस्तकों का विमोचन करते हुए बुल्गारिया के मानद वाणिज्य दूत, रियल एस्टेट उद्योग के नेता, सुचिंदिया समूह के सीईओ लायन डॉ. वाई किरण एवं स्नैप इंडिया के संपादक मो. शम्सुद्दीन।**

# रोहित का शतक हुआ बेकार, चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हराया



**मुंबई, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों और उसके बाद मथीशा पथिराना ने 14 रन देकर चार विकेट की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में मुम्बई इंडियंस को 20 रनों से हरा दिया। रोहित शर्मा की 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी पर महेन्द्र सिंह धोनी की चार गेंदों में 20 रनों की पारी पड़ी भारी। यह ही 20 रन मुम्बई की हार का कारण बने।

मुम्बई इंडियंस ने 207 रनों के लक्ष्य का पीछा हुए अच्छी शुरुआत की। रोहित शर्मा और इशान किशान की सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। आठवें ओवर में इशान किशन को पथिराना ने शार्दुल के हाथों कैच आउट कराकर मुम्बई को पहला झटका दिया। इशान किशन ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (23) रन बनाये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। तिलक वर्मा ने 20 गेंदों में (31) रनों की पारी खेली। कप्तान हार्दिक पंड्या (2), मोहम्मद नबी (2) रन, टिम डेविड (13) रन, रोमारियो शेफर्ड (1) रन बनाकर आउट हुये। इस दौरान रोहित शर्मा एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। रोहित ने 63 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद (105) रनों की पारी खेली लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मोहम्मद नबी चार रन बनाकर नाबाद रहे। मुम्बई इंडियंस निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रन ही बना सकी और 20 रन से मुकाबला हार गई।

चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से मथीशा पथिराना ने 14 रन देकर चार विकेट लिये। तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आ-खिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था। मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (5) रन का विकेट दूसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में रचिन रविंद्र 16 गेंदों में (21) रन बनाकर पवेलिय लौट गये। ऋतुराज और शिवम ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 90 रन जोड़े। ऋतुराज गायकवाड़ ने 40 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए (69)रन बनाये। शिवम दुबे 38 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (66) रन पर नाबाद रहे। डैरिल मिचेल 14 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुये। महेन्द्र सिंह धोनी ने आ-खिरी चार गेंदों में नाबाद 20 रन ठोकर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। चेन्नई की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 206 का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई की ओर से हार्दिक पंड्या ने दो विकेट लिये। गेराल्ड कोएत्जी, श्रेयस गोपाल एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# कोलकाता की लखनऊ पर इंडियन प्रीमियर लीग में पहली जीत

***8 विकेट से हराया, सॉल्ट का नाबाद अर्धशतक स्टार्क ने तीन विकेट लिए***



**कोलकाता, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

कोलकाता नाइटराइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स को हराया। कोलकाता की 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। सीजन के 28वें मैच में रविवार को कोलकाता ने लखनऊ को 8 विकेट से हराया।

ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। लखनऊ ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 161 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 15.4 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कोलकाता की तरफ से ओपनर फिल सॉल्ट ने नाबाद अर्धशतक (89 रन) लगाया।

लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से लेफ्ट हैंड बैटर निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 32 बॉल पर 45 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान केएल राहुल ने 39 और आयुष बडोनी ने 29 रन बनाए। कोलकाता की तरफ से मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट झटके। वैभव अरोड़ा, आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला।

टारगेट का पीछा करने उतरी कोलकाता के लिए ओपनर फिल सॉल्ट ने नाबाद अर्धशतक लगाया। उन्होंने 47 बॉल पर 89 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 38 रन बनाए। सुनील नरेन ने 6 और अंगकृष रघुवंशी 7 रन बनाए। लखनऊ की ओर से दोनों विकेट मोहसिन खान ने लिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### एक देश...

भाजपा ने घोषणा की है कि औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें शिशुगृह जैसी सुविधाएं भी होंगी। भाजपा ने मुद्रा योजना के विस्तार का वादा किया है। इसके तहत तरुण श्रेणी में समय पर लोन चुकाने वाले उद्यमियों के लिए मौजूदा क्रेडिट सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपए किया जाएगा। भाजपा ने पूरे देश में वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार करने का वादा किया है। वंदे भारत ट्रेनों के तीन मॉडल देश में संचालित होंगे, जिनमें वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो शामिल होंगी। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम लगभग पूरा होने वाला है। उत्तर भारत में भी बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी। साथ ही दक्षिण भारत और पूर्वी भारत में भी बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी।पीएम मोदी ने कहा, भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे। अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का चुनावी घोषणा-पत्र संकल्प पत्र जारी होने पर कहा, जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा है। भाजपा ने ट्रांसजेंडर साथियों को भी अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का चुनावी घोषणा-पत्र संकल्प पत्र जारी होने पर कहा, बीते वर्षों में करोड़ों लोगों को उद्यमी बनाने का काम मुद्रा योजना ने किया है। इस सफलता को देखते हुए भाजपा ने एक और संकल्प लिया है। अब तक मुद्रा योजना के तहत ऋण की सीमा 10 लाख रुपए हुआ करती थी। अब भाजपा ने इसे बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने का इरादा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन योजना अगले 5 साल तक जारी रहेगी।

पीएम मोदी ने कहा, पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है। इसका एक बड़ा कारण है। 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। भाजपा ने घो-षणा-पत्र की शुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ, युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब, किसान, इन सभी को सशक्त करता है। इस संकल्प पत्र में अवसरों की मात्रा और अवसरों की गुणवत्ता पर जोर दिया गया है।

भाजपा संकल्प पत्र-2024 जारी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भाजपा का संकल्प पत्र युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। आने वाले पांच साल में फ्री राशन की योजना जारी रहेगी। जन औषधि केंद्रों का विस्तार होगा। पांच लाख का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा। 70 साल की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। चाहे वे किसी भी वर्ग के हों। पीएम मोदी ने कहा, 3 करोड़ और घर बनाने का संकल्प लिया है। 10 साल में हमने दिव्यांगजनों को कई सुविधाएं दी हैं। दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी, उनकी विशेष जरूरतों के अनुसार उन्हें आवास मिल सके, इसके लिए विशेष रूप से काम किया जाएगा। ट्रांसजेंडर साथियों को भी आयुष्मान योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया है। पिछले 10 साल नारी को समर्पित रहे हैं। आने वाले पांच साल नारी की भागेदारी के होंगे। मैंने 3 करोड़ बहनों को लखपति बीवी बनाने की गारंटी ली है। गरीबों की थाली पोषण वाली होगी। उज्ज्वला योजना आगे जारी रहेगी। जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी। सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जारी रहेगी। पीएम किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी। देश में डेयरी सहकारिता समिति की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। हम दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर के लिए किसानों की मदद करेंगे। धरती मां की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा। नैनो यूरिया के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। भाजपा का संकल्प भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। देश में जनजाति समाज के योगदान को मान्यता देते हुए हमने जनजाति गौरव दिवस मनाने का संकल्प लिया है। डिजिटल जनजाति कला अकादमी की स्थापना की जाएगी। 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूलों को बनाया जाएगा। भाजपा विकास और विरासत में भरोसा करती है। दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल भाषा की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए भाजपा हर कोशिश करेगी। हम सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बल दे रहे हैं। सरकार की ज्यादा से ज्यादा योजनाओं को ऑनलाइन बना रहे हैं। देश के कोने-कोने में वंदे भारत का विस्तार होगा। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम जोरों पर चल रहा है। आने वाले वक्त में उत्तर, दक्षिण और पूर्वी भारत यानी चारों दिशाओं में एक-एक बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी। भाजपा का फोकस ग्रीन एनर्जी पर है। यह देश को सुरक्षा प्रदान करेगा। पिछले साल 17 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल बिके। इससे देश में रोजगार की नई संभावनाएं बनेंगी। वह दिन दूर नहीं जब दुनिया के बड़े-बड़े हब भारत में होंगे। स्पेस में भी हम विश्व में बहुत बड़ी ताकत के रूप में उभरेंगे। आज विश्व में युद्ध की स्थिति बनी हुई है। संकट के समय इन क्षेत्रों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। भाजपा का यह संकल्प पत्र ऐसी ही सरकार की गारंटी देता है। भारत मानवता के कल्याण के लिए निरंतर काम करेगा। हमारे लिए दल से बड़ा देश है। हम बड़े और कड़े निर्णय लेंगे। भाजपा ने आर्टिकल 370 को हटाया अब हम सीएए को लेकर आए हैं। भाजपा देशहित में यूसीसी को आवश्यक समझती है। गरीब को अब उसका हक मिल रहा है और हक मारने वाले जेल जा रहे हैं। भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होता रहेगा। भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून के बाद एक्शन शुरू हो जाएगा। हमने चंद्रयान की सफलता देखी, अब हम गगनयान की यात्रा देखेंगे। 140 करोड़ देशवासियों को हकीकत में बुनने के लिए हम यह संकल्प पत्र लेकर आए हैं। तिरुवल्लुवर कल्चरल केंद्रों का निर्माण करेंगे। आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रिटेल और पर्यटन के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों को ट्रेनिंग देंगे। भाजपा राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आएगी, भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाएंगे।

### शाही परिवार...

प्रधानमंत्री ने कहा, हमने बाबा साहेब को सिर्फ विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आधुनिक भारत में उनके योगदान को नई पहचान दी है। आप मोबाइल फोन से जो डिजिटल पेमेंट करते हैं, उस डिजिटल पेमेंट योजना का नाम भीम यूपीआई है, यह नाम हमने बाबा साहेब के नाम पर ही रखा है। कांग्रेस ने आदिवासी समाज के योगदान को कभी भी स्वीकार नहीं किया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित करने का सौभाग्य भी भाजपा सरकार को मिला है।

आजादी के बाद अनेक दशक तक कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधे या रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाई है। इसी परिवार ने देश में आपातकाल लगाया था। कांग्रेस देशभर में लोकतांत्रिक सरकारों को जब मर्जी आई, तब गिरा देती थी। कांग्रेस ने इतिहास को अपने हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा और लिखवाया। इन्होंने खुद का ही महिमामंडन करवाया।कांग्रेस के नेता कहते हैं कि उनके जमाने में लोकतंत्र ठीक चल रहा था, फल-फूल रहा था। लेकिन, जैसे ही गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तो कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया। अब तो कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। आग देश में नहीं, बल्कि आग और जलन उनके दिलों में लगी है। यह जलन उनके दिल और दिमाग में ऐसे भरी पड़ी है कि वो उनको अंदर से जला रही है। कांग्रेस के लोग 10 साल से सत्ता से बाहर हैं। 10 साल में ऐसे छटपटा रहे हैं कि जैसे उनका और उनकी भावी पीढ़ियों का सबकुछ लुट गया हो। कांग्रेस वाले अगर यही कारनामे करते रहेंगे और उनका तौर-तरीका यही रहेगा, तो यह जलन उनको इतना जला देगी कि देश उनको आगे कभी मौका नहीं देगा।

### पूर्वी लद्दाख ...

स्ट्राइक कोर सीमा पार आक्रामक कार्रवाई के लिए जिम्मेदार है। वर्तमान में सेना के पास चार स्ट्राइक कोर हैं, मथुरा स्थित 1 कोर, अंबाला स्थित 2 कोर, भोपाल स्थित 21 कोर और पानागढ़ में 17 एमएससी। वर्ष 2021 तक 17 एमएससी केवल चीन सीमा पर केंद्रित था और अन्य तीन का फोकस पाकिस्तान पर था। लेकिन चीन के साथ 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध की पृष्ठभूमि में चीन के सामने वाले पहाड़ों के लिए दो स्ट्राइक कोर रखने के लिए 2021 में एक पुनर्गठन किया गया था। चीन के खतरों से निपटने के लिए उत्तरी और पूर्वी सीमाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 1 कोर और 17 कोर का पुनर्गठन किया गया।

दो इन्फैन्ट्री डिवीजनों के साथ चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 1 कोर की भूमिका को फिर से उन्मुख किया गया। पूर्वी थिएटर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 17 कोर को मौजूदा कोर से एक अतिरिक्त डिवीजन दिया गया था। चीन के साथ सैन्य गतिरोध की पृष्ठभूमि में 17 कोर के कुछ तत्वों को पूर्वी लद्दाख में तैनात किया गया था। 2013 में जब 17 एमएससी को मंजूरी दी गई थी, तो इसमें दो डिवीजन होने थे। तब केवल पानागढ़ स्थित 59 डिवीजन का गठन किया गया था। 72 डिवीजन वित्तीय बाधाओं के कारण रोकी गई थी। इस डिवीजन के गठन की योजना पर हाल ही में सेना के शीर्ष अधिकारियों ने चर्चा की थी। 17 एमएससी के तहत स्ट्राइक कोर डिवीजन को पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए उत्तरी कमान के तहत लाने का निर्णय लिया गया। नए डिवीजन का नाम बदला भी जा सकता है।

### इजराइल ने ...

जिसमें इज़राइल के एक सैन्य बेस को नुकसान पहुंचने की खबर है।

अमेरिका की नौसेना ने कई ड्रोन्स को तबाह किया है। वहीं इज़राइल के आयरन डोम ने मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया है।इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश किसी भी हमले का जवाब देने के लिए तैयार है। नेतन्याहू ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और अन्य देशों को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ईरान इज़राइल पर हमले की तैयारी कर रहा था। हमारा डिफेंसिव सिस्टम तैनात है और हम किसी भी हालात के लिए तैयार हैं। इज़राइल मजबूत है। सेना मजबूत है और जनता भी मजबूत है।इस पर ईरान के राजनयिक ने कहा कि अगर इज़राइल ने उकसावे वाली कार्रवाई की तो इसके गंभीर अंजाम भुगतने होंगे। ईरान के राजनयिक ने अमेरिका को इस विवाद से दूर रहने की सलाह दी।

### मुंबई आ रहे ...

ले गए। इस जहाज में 17 भारतीयों के फंसे होने की खबर है।

ईरान की न्यूज एजेंसी ने जहाज के ईरान के कब्जे में होने की पुष्टि की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इज़राइल के साथ संबंधों के चलते इस जहाज को अगवा किया गया है। लंदन की कंपनी जोडियाक मेरिटाइम के इस जहाज पर पुर्तगाल का झंडा लगा हुआ था। जोडियाक ग्रुप इज़राइली अरबपति इयार ओफेर का है। इस मामले का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें हेलीकॉप्टर से हथियारबंद कमांडो जहाज पर उतरते देखे जा सकते हैं।ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स पहले भी कई बार जहाजों पर हमला करके उसे अगवा कर चुके हैं। अमेरिका ने इन गार्ड्स के संगठन को अमेरिका ने आतंकी संगठनों की लिस्ट में डाल रखा है, जबकि यह सीधे तौर पर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनई को रिपोर्ट करते हैं।

### जिसने जेल में...

सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद जेल में सरबजीत पर हमला किया गया था। पांच दिन बाद अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था।

सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे। वे किसान था। 30 अगस्त 1990 को वह अनजाने में पाकिस्तानी सीमा में पहुंच गए थे, जहां से उन्हें पाकिस्तानी सेना ने गिरफ्तार कर लिया था। उस समय सरबजीत ने तर्क दिया था कि वह गलती से सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गए थे।

### हम पूरे देश...

हमने शुगर फैक्ट्री खोला था जिसे भूपेश सरकार ने बंद कर दिया हम फिर उसे शुगर फैक्ट्री को फिर से चालू करेंगे।अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी बेटा-बेटी को राष्ट्रपति नहीं बनाया। भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया है। अमित शाह ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया था ठीक उसी तरह इस चुनाव में भूपेश बघेल को भारी मतों से हराकर घर भेजिए। अमित शाह ने कहा कि भाजपा के रहते आरक्षण खत्म नहीं होने वाला। कांग्रेस करना भी चाहेगी तो भाजपा आरक्षण खत्म करने नहीं देगी।

### 2014 और 2019 में किए ...

लगभग 7 करोड़ परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन मिले। सुभाग्य योजना जैसे कार्यक्रम शुरू किए गए।वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणा-पत्र में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, धारा 370 को निरस्त करना, यूसीसी को लागू करना और अयोध्या राम मंदिर का निर्माण सहित 2014 के कुछ वादे दोहराए। पार्टी ने तीन तलाक और निकाह हलाला जैसी प्रथाओं को खत्म करने का भी वादा किया।

इसके अलावा भाजपा ने नागरिकता संशोधन विधेयक लागू करने, एनआरसी लागू करने, आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने, सेना को मजबूत बनाने, ब्याज मुक्त किसान क्रेडिट कार्ड ऋण देने, घुसपैठ का मुकाबला करने और लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ कराने पर आम सहमति बनाने की बात घोषणा-पत्र में शामिल की। 2019 में दोबारा सत्ता में आने के बाद भाजपा ने पूरी कानूनी पहल की। आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त 2017 को तीन तलाक की प्रथा को असंवैधानिक घोषित कर दिया।

अगस्त 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की मांग की गई थी।

यह कानून नए संसद भवन में पारित किया गया। राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मुकदमे पर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मंदिर के निर्माण के पहले चरण के संभव होने के बाद 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर का उद्घाटन किया गया। 7 फरवरी 2024 को उत्त-राखंड विधानसभा द्वारा पारित समान नागरिक संहिता विधेयक राष्ट्रपति की सहमति के साथ कानून बन गया।

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाले एक पैनल ने एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन किया और केंद्र सरकार ने मार्च 2024 में नागरिकता संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन को अधिसूचित किया।

## गढ़वाल, हरिद्वार और टिहरी गढ़वाल में सीएम योगी की जनसभाएं

# जिन्होंने राम को नकारा, जनता उन्हें नकारेगी : योगी








**श्रीनगर, रुड़की, देहरादून, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तराखंड की तीन लोकसभाओं के लिए प्रचार अभियान की कमान संभाली। इस दौरान अपने गृह जनपद पौड़ी गढ़वाल सहित हरिद्वार लोकसभा और गढ़वाल लोकसभा के लिए उन्होंने विजय संकल्प रैलियों को संबोधित किया। योगी जहां भी चुनावी रैलियों में पहुंचे वहां जनता ने उनका बुलडोजर बाबा की जय के गगनभेदी नारों से स्वागत किया। उन्होंने गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी, हरिद्वार लोकसभा सीट से प्रत्याशी एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत और टिहरी गढ़वाल सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राजलक्ष्मी शाह के पक्ष में भारी मतदान की अपील की। उत्तराखंड की तीनों रैलियों में योगी आदित्यनाथ के निशाने पर सीधे-सीधे कांग्रेस रही। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को नकारने का काम किया, इस चुनाव में जनता उन सभी को नकारने जा रही है। योगी ने यह भी कहा कि देश की कमान इस वक्त प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत हाथों में, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत के सम्मान को बढ़ाया है। यह भी कहा कि मोदी सरकार में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का कोई सानी नहीं है।

पौड़ी गढ़वाल में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी जन्मभूमि की लोकसभा सीट पर चुनावी समर में उतरे। यहां उन्होंने लोगों से भावनात्मक संवाद भी किया तो देवभूमि उत्तराखंडवासियों से कमल खिलाने का आह्वान भी। गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र के एनआईटी श्रीनगर में विजय संकल्प रैली में सीएम योगी ने भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी के लिए जनसमर्थन मांगा। कांग्रेस योगी के निशाने पर रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं। जब 500 वर्ष का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में आज प्रभु राम का मंदिर बन गया तो कांग्रेसियों के स्वर बदल गए, वे अब कहते हैं कि राम सबके हैं। यह कांग्रेसी बहुरूपिये हैं।

वे कहते थे देश के संसाधन पर पहला अधिकार मुसलमानों का है तो फिर 1947 में विभाजन क्यों कराया। यह सवाल किसी ने कांग्रेसियों से क्यों नहीं पूछा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश लोकसभा की सभी 80 सीट पीएम मोदी के हवाले करने जा रहा है।

योगी ने कहा कि आज अपनी जन्मभूमि की लोकसभा सीट पर संवाद बनाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वहीं यह भी कहा कि कभी-कभी कुछ लोगों को गफलत होती है, वे लोग मानते हैं कि यूपी में अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की जो नीति है, उससे ऐसा न हो कि वे उत्तराखंड आ जाएं। मैं आश्वस्त करता हूं कि माफिया व अपराधियों को इस लायक छोड़ूंगा ही नहीं कि उप्र की सीमा क्रास कर पाएं।

रुड़की में हरिद्वार लोकसभा सीट के लिए विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज देश मजबूर नहीं बल्कि मजबूत हाथों में है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव नेशन फर्स्ट और फैमिली फर्स्ट की सोच वालों के बीच में है। आज सारा देश इस बात को कह रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे और जिस कांग्रेस ने श्रीराम के अस्तित्व को नकारा, हम उसको नकारेंगे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के राजनीतिक जीवन के समर्पण और त्याग की सराहना करते हुए कहा कि हरिद्वार में भाजपा की जीत ऐतिहासिक होनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने जनता को भरोसा दिलाया कि अगले पांच साल में अयोध्या की तर्ज पर ही हरिद्वार का भी विकास होगा। उन्होंने रैली के जरिए ही संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की पावन जयंती पर नमन किया। कहा कि स्वतंत्र भारत में बाबा साहब को पहली बार मोदी सरकार ने सम्मान दिया है।

सरकार ने पंचतीर्थ बनाकर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है। उन्होंने कहा कि देश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का कोई सानी नहीं है। विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित भाजपा का संकल्प पत्र इस बात को दोहरा रहा है कि हमें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना है। उन्होंने बताया कि अगले पांच साल में देश में तीन करोड़ गरीबों को मकान दिया जाएगा।

टिहरी गढ़वाल में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस के लोग कहते थे कि राम हुए ही नहीं और जब मोदी जी के नेतृत्व में राम मंदिर बन गया तो कहते हैं कि राम सबके हैं। इसके बाद भी अयोध्या में भगवान राम के महोत्सव से भाग गए थे, वे कहते थे कि उनका सेक्युलिरज्म खतरे में पड़ जाएगा। उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में एक ही आवाज है- जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। सारी बीमारी की एक ही दवा-राम नाम। जब कांग्रेस का राम पर विश्वास ही नहीं था तो आप काम से गए। लोग कहते हैं कि हम वहीं जाएंगे, जो सही मायने में राम को लाए हैं। राम को लाने वाले मोदी जी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टिहरी गढ़वाल से सांसद व भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह के लिए वोट मांगा। बन्नू ग्राउंड पर आयोजित विशाल जनसभा में सीएम ने यहां से फिर कमल खिलाने की अपील की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की 85 सीटें मोदी के गले का हार बनेंगी। पूरे देश में विश्वास पैदा हुआ है। सीएम ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र के सम्मुख पुष्प भी अर्पित किया।

# पुलिस हिरासत में टॉर्चर से आसाराम की मौत

## ग्रामीणों में भीषण आक्रोश, भारी पुलिस बल तैनात

**लखीमपुर खीरी, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** लखीमपुर खीरी के मितौली क्षेत्र के पकरिया जलालपुर में बच्ची की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिए गए गांव के ही आसाराम (48) की मौत हो गई। परिजनों ने थर्ड डिग्री से मौत का आरोप लगाते हुए शनिवार को लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कस्ता चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। छह घंटे तक हंगामा हुआ। इस मामले में पिपरझला पिकेट प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मियों पर हत्या और अवैध रूप से हिरासत में रखने का मुकदमा दर्ज होने के बाद लोग शांत हुए।

आसाराम को छह घंटे तक पुलिस हिरासत में रखा गया था। इस दौरान क्या हुआ, यह तो पुलिस ही जाने लेकिन आसाराम की मौत के बाद गढ़ी गई पुलिस की कहानी का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और जिला अस्पताल के रिकॉर्ड ने कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली और जिला अस्पताल की इमरजेंसी के रजिस्टर में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर की ओर से



दर्ज विवरण में स्पष्ट लिखा गया है कि अस्पताल में आसाराम को बेहोशी की अवस्था में लाया गया। चर्चा है कि मितौली थाने में ही आसाराम बेहोश हो गया था। पुलिस टीम रात 9.50 बजे सीएचसी मितौली पहुंची। यहां से रेफर होने के बाद देर रात करीब 11 बजे पुलिस टीम आसाराम को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। यहां इमरजेंसी के रजिस्टर में आसाराम को मृत अवस्था में लाने का जिक्र है।

दोनों पहलुओं पर गौर करें तो पुलिस ने कई अहम बातें छिपाईं। शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे से लेकर रात करीब नौ बजे तक यानी करीब साढे.सात घंटे आसाराम पुलिस की अवैध रूप से हिरासत में था। इस दौरान उसके साथ क्या हुआ, यह पुलिस ही जानती है लेकिन उसके शरीर पर चोटों के निशान पुलिस की बर्बरता की गवाही दे रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि थाने में उसके साथ मारपीट की गई, करंट भी लगाया गया। हालांकि पुलिस के हवाले से मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जानकारी के अनुसार, आसाराम के शरीर पर चोटों के निशान नहीं थे। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने खुद इसकी पुष्टि की। वहीं मौत की वजह स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया।

आसाराम के बेटे रोहित व केपी सिंह ने आरोप लगाया कि मितौली थाना परिसर में पुलिस ने आसाराम को बेरहमी से पीटा। करंट भी लगाया, जिससे उनकी मौत हो गई। जब मौत हो गई, तब हम लोगों को सूचना दी। रात में ही पुलिस ने शव परिजनों को बीमारी से मौत होने की बात कहते हुए सौंप दिया था। सुबह गांव में तनाव फैल गया।

आसाराम के पास मात्र ढाई बीघे जमीन बताई जा रही है। वह अपनी पत्नी माया देवी व बेटों का भरण पोषण मेहनत मजदूरी कर करता था। आसाराम के तीन बेटों में रोहित शादीशुदा हैं, जबकि केपी व अंकित अभी अविवाहित हैं।

पुलिस ने पिकेट प्रभारी और हेड कांस्टेबल के खिलाफ हत्या और अवैध रूप में कैद में रखने की धाराओं में रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन अपने ही थाने की पिकेट के प्रभारी के नाम की जगह अज्ञात लिख दिया। इतना ही नहीं, आसाराम को थाने लाने वाले और उससे पूछताछ करने वालों का जिक्र भी गोलमोल तरीके से किया।

पता चला है कि मितौली थाने के दो सिपाहियों ने आसाराम से पूछताछ की थी। इसमें पूछताछ करने के दौरान बेरहमी से पीटने के लिए चर्चित सिपाही भी शामिल था। मृतक की पीठ पर गहरे निशानों से स्पष्ट है कि उस पर कई डंडे तोड़े गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने तहरीर लिखवाने में भी खेल किया। जिस पिकेट प्रभारी को सब जानते हैं, उसे पुलिस ने अज्ञात में लिखवा दिया। मारपीट करने वाले सिपाही का नाम नामजद नहीं कराया है, जबकि एफआईआर में जस्सी का जिक्र है।

पिकेट प्रभारी के साथ दो अन्य अज्ञात सिपाहियों के आसाराम को ले जाने की बात का भी जिक्र एफआईआर में किया गया है। परिजन हंगामा करने के दौरान पुलिस पर एक लाख रुपए लेने का आरोप लगा रहे थे लेकिन तहरीर में उसका जिक्र नहीं किया। मितौली थाने के इंस्पेक्टर राजू राव ने बताया है कि पिकेट प्रभारी का नाम लालचंद है, उसके साथ हेड कांस्टेबल पर गंभीर आरोप लगाया है। प्रकरण की जांच वह स्वयं करेंगे।

## रायबरेली और अमेठी में कांग्रेस को कोई रियायत नहीं

# बसपा ने दोनों जगह प्रत्याशी घोषित किए




**सुल्तानपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** देश की बहुचर्चित रायबरेली और अमेठी सीट पर यदि गांधी परिवार के सदस्य राहुल गांधी या प्रियंका गांधी चुनाव लड़ते हैं तो भी बसपा उनके साथ कोई रियायत नहीं करेगी। बसपा वहां से मजबूत और जिताऊ प्रत्याशी मैदान में उतारेगी।

रविवार को सुल्तानपुर आए बसपा के मुख्य सेक्टर प्रभारी पूर्व सांसद घनश्याम खरवार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सीटों पर प्रत्याशी तय हो गए हैं, जिनका जल्द ही ऐलान हो जाएगा। रायबरेली में कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतर रही हैं। ऐसे में यहां से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चुनाव मैदान में उतरने की चर्चाएं हैं। वहीं, अमेठी सीट पर विपक्षी गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने अभी किसी नाम का ऐलान नहीं किया है किंतु कांग्रेस नेता दावा करते हैं कि यहां पर राहुल गांधी ही चुनाव लड़ेंगे।

इसके साथ ही यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि अभी तक दोनों सीटों पर प्रत्याशी न घोषित करने वाली बसपा यहां गांधी परिवार को वॉकओवर दे सकती है किंतु बसपा में अयोध्या, देवीपाटन, आजमगढ़ और वाराणसी के मुख्य सेक्टर प्रभारी पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार ऐसी किसी संभावना से इन्कार करते हैं।

वे कहते हैं कि उन्होंने कांग्रेस और भाजपा दोनों की सरकारें देखी हैं। दोनों ने ही हमारे समाज को लूटा है। किसी ने गरीबों और किसानों के लिए काम नहीं किया है। एनडीए और विपक्षी गठबंधन से बसपा की विचारधारा बिल्कुल अलग है। इसलिए पार्टी सभी 80 सीटों पर मजबूत प्रत्याशी तय कर चुकी है जिन्हें लड़ाया जा रहा है और बसपा भारी जीत हासिल करने जा रही है।

# राम नवमी पर्व को लेकर अयोध्या धाम में सुरक्षा के कड़े प्रबंध

**लखनऊ, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।** 500 वर्षों बाद अयोध्या में भगवान राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। इसके बाद यह पहला अवसर है जब अयोध्या में श्रीराम नवमी का पर्व मनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इसको धूमधाम से वृहद स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। माना जा रहा है कि लाखों लोग इस अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। ऐसे में बड़े पैमाने पर यहां सुरक्षा को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस महत्वपूर्ण पर्व को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ पुलिस प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन से लेकर दर्शन और श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान एवं आंकलन करने के लिए भी योजना बनाई है। उल्लेखनीय है कि अयोध्या धाम में रामनवमी के उपलक्ष्य में 9 अप्रैल से रामनवमी मेला का शुभारंभ हो चुका है जो रामनवमी के दिन यानी 17 अप्रैल तक जारी रहने वाला है। यहां 25 लाख श्रद्धालुओं की संभावना है।



रामनवमी मेला के अवसर पर संपूर्ण मेला क्षेत्र को कुल 7 जोन तथा 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को 2 जोन तथा 11 क्लस्टर में विभाजित कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। मेला के दौरान संपूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 11 अपर पुलिस अधीक्षक, 26 पुलिस उपाधीक्षक, 150 निरीक्षक, 400 उप निरीक्षक, 25 महिला उप निरीक्षक, 1305 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 270 महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 15 कंपनी पीएसी, 2 कंपनी बाढ़ राहत, 1 टीम एसडीआरएफ व 1 टीम एटीएस की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक जोन में पुलिस व्यवस्था के प्रभारी एक अपर पुलिस अधीक्षक तथा प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी अधिकारी एक पुलिस उपाधीक्षक/निरीक्षक बनाए गए हैं।

इसके अलावा मंदिर परिसर व बाह्य संपूर्ण मेला क्षेत्र को 24द7 ड्यूटी लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। रामपथ पर कुल 15 ड्रॉप डाउन बैरियर लगाकर व 13 होल्डिंग एरिया बनाकर सुरक्षित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। संपूर्ण मेला क्षेत्र में 50 स्थानों पर पीए सिस्टम स्थापित किए गए हैं व विभिन्न स्थानों पर स्थापित 111 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यलो जोन कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है।

पुलिस प्रशासन की ओर से मेले के लिए पुलिस व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस से नयाघाट पुलिस चौथी तक मेला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। श्रद्धालुओं के आने वाले मार्गों मुख्यतः साकेत पेट्रोल पंप से लता चौक होते हुए सरयू घाट से हनुमानगढ़ी एवं हनुमान गढ़ी से कनक भवन व रामलला मंदिर को विभिन्न जोन एवं सेक्टर में विभाजित कर पुलिस बल का व्यवस्थापन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सरयू नदी व राम की पैड़ी पर सुरक्षा के लिए जल पुलिस, विभिन्न मंदिरों व मेला क्षेत्र में पुलिस एवं पीएसी बल की व्यवस्था की जाएगी। अयोध्या धाम में चारों तरफ विभिन्न स्थानों पर 24 एएनपीआर कैमरों के माध्यम से वाहनों एवं श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन एवं प्रोजेक्शन किया जाएगा। गोंडा सीमा पर लगाए गए कैमरों के माध्यम से वाहनों एवं श्रद्धालुओं के इनफ्लो और आउटफ्लो का एनालिसिस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अयोध्या धाम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी विभिन्न स्थलों पर भीड़ का आंकलन व विभिन्न ट्रैफिक डायवर्जन की आवश्यकता का आंकलन एवं निर्णय किया जाएगा। अयोध्या धाम क्षेत्र में विभिन्न कंट्रोल रूम में स्थापित कुल 560 कैमरों के माध्यम से श्रद्धालुओं के मूवमेंट को मॉनिटर किया जाएगा। इसके साथ ही 2 टीथर्ड ड्रोन्स एवं 8 एरियल ड्रोन्स के माध्यम से विभिन्न रास्तों, गलियों व पार्किंग का रीयल टाइम एनालिसिस किया जाएगा।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# एनएमडीसी में मनाई गई डॉ. बीआर अम्बेडकर की 133वीं जयंती

**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने अपने प्रधान कार्यालय और देशभर में अपनी परियोजनाओं में रविवार को भारतीय संविधान के जनक डॉ. बीआर अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) के नेतृत्व में दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन) और (कार्मिक,अतिरिक्त प्रभार), विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) और बी विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ भारतीय गणराज्य के संस्थापक के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।



कार्यक्रम का आयोजन एनएमडीसी एचओ एससी/एसटी एसोसिएशन ने किया। एनएमडीसी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ के बी. हनुमंत राव (अध्यक्ष) और बी. पवन कुमार (महासचिव) के साथ कार्यकारिणी सदस्य और कर्मचारी भी उप-स्थित थे। समारोह का शुभारम्भ गणमान्य व्यक्तियों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया, जिसके बाद उनकी स्मृति में प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अमिताभ मुखर्जी ने कहा, आज डॉक्टर अंबेडकर की 133वीं जयंती पर हम यहां उनकी विरासत और राष्ट्र के लोगों पर पडे उसके स्थायी प्रभाव के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने के लिए एकत्र हुए हैं। मैं अपनी सुस्थिर व्यावसायिक प्रथाओं, कौशल विकास पहलों और सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रमों पर गर्व अनुभव करता हूं जो वंचित लोगों के जीवन में मूर्त रूप से अंतर लाते हैं। अम्बेडकर जयंती के अवसर पर एनएमडीसी ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय, हैदराबाद में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया और बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए, एनएमडीसी में हम उनकी शिक्षाओं को स्वीकार करते हैं और एक ऐसे भारत के निर्माण के प्रति समर्पित हैं जो सभी भारतीयों के लिए समान रूप से समृद्ध हो, एक ऐसा भारत जिसका डॉ. अम्बेडकर ने स्वप्न देखा था और प्रयास किया था।



**केंद्रीय मंत्री जी.किशन रेड्डी ने रविवार टैंकबंड में डॉ. बीआर अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।**

# भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने मनाई अम्बेडकर जयंती



**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण कार्यालय में रविवार को डॉक्टर बीआर अम्बेडकर का 133वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनार्दन प्रसाद महानिदेशक ने डॉ.बी.आर.अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

अपने संबोधन में एसआर जीएसआई के कर्मचारियों को जनार्दन प्रसाद ने भारत के विकास में डॉ. भीमराव अंबेडकर के उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए उनकी कड़ी मेहनत और बलिदान की याद दिलाई।

इस कार्यक्रम में पूर्व एडीजी वेंकटेश्वर राव, उप महानिदेशक एलपी सिंह, एसएन महापात्रा, केवी मारुति, अंसुमन आचार्य, एचओओ, हरमोहन मिश्रा, पीएसएस निदेशक, एमएल डोरा, अनुप एन कांबले, ए महेश, जीएसआई के अध्यक्ष, बी.लिंग्या, ई.चंद्रैया, एम.चेकरेश्वर, जे.राजशेखर, जी.रमेश, एस.वेंकटेश्वर राव, वी.प्रकाश राव एससी/एसटी एसोसिएशन, अधिकारी-कर्मचारी एवं एसोसिएशन पदाधिकारी बड़े पैमाने पर उपस्थित थे।

# जन सेवा संघ का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे के अनुसार, मेडिकल कमेटी के अध्यक्ष श्रीनिवास यादव की अध्यक्षता में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर याप्राल स्थित मल्लन्ना स्वामी टेंपल कम्यूनिटी हाल में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने इसका लाभ उठाया। इस अवसर पर निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड शुगर टेस्ट, नेत्र जाँच और दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर श्रीधर का विशेष सहयोग रहा। जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे, सतीश, मदन लाल रावल, राधे श्याम राय यादव आदि ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

मेडिकल कैंप की अपार सफलता के लिए जन सेवा संघ के अध्यक्ष आरपी सिंह और महासचिव राजीव चौबे ने मेडिकल कमेटी के अध्यक्ष श्रीनिवास यादव एवं सभी के प्रति आभार और धन्यवाद प्रकट किया।

# साप्ताहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री वीर हनुमान भक्त मंडल, भाग्यनगर द्वारा साप्ताहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन चैत्र माह के पावन नवरात्रों के शुभ अवसर पर श्री राम मंदिर शालीबंडा पर किया गया।

जिसमें मंडल के कैलाश जावड़ा, नरेश बंसल, शिव भगवान अग्रवाल, बजरंग कडेल, विजय सिंह, सुनील भूत, लोकेन्दर मुरारका, कृष्णकान्त काकंणी, संदीप, मनोहर व्यास, हर्ष बजाज, रितेश, मंदिर के पुजारी व आए हुए अन्य भक्तों ने सामूहिक पाठ व हनुमान चालीसा, आरती कर पुण्य फल प्राप्त किया।



**हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल को पाटीदार भवन मूसापेट में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। श्री राम सत्संग समिति के तत्वावधान में यह आयोजन किया जाएगा। रविवार को इस उपलक्ष्य में निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया जिसमें समिति के सदस्य वेणुगोपाल खंडेलवाल, राजेश केडिया, रवि आसठ, पवन बियानी, रामदेव बियानी, सतीश कुमार अग्रवाल उपस्थित हुए।**



**संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गांधी भवन में टीपीसीसी के उपाध्यक्ष कुमार राव, टीपीसीसी सचिव मणिलाल शाह और श्रीधर रेड्डी द्वारा उनकी तस्वीर पर माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।**



**मां वैष्णो देवी जागरण मंडल हैदराबाद गोशामहल में माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाते हुए रामदेव नागला, बद्रीनारायण नागला और चन्द्रभान व्यास को रमेश अग्रवाल ने माता रानी कि चुंदड़ी ओढ़ाकर सम्मानित किया।**

# असाधारण व्यक्तित्व के स्वामी थे डॉ. अम्बेडकर



**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

नवभारत संगम अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण के नेतृत्व में रविवार को जीयागुड़ा मंडल के इमामपुरा में डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीयागुडा के नगरसेवक बोहिनी दर्शन थे, जिन्होंने डॉ. बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

डॉ. बीआर अंबेडकर के जन्मदिन के अवसर पर जीयागुड़ा नगरसेवक बोहिनी दर्शन, नव भारत संगम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण, जी. लक्ष्मीनारायण के साथ बच्चों को मुफ्त में नोटबुक्स वितरित की। इस अवसर पर जीयागुड़ा नगरसेवक बोहिनी दर्शन ने कहा कि भारतरत्न डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान लिखने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी थे। नव भारत संगम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण ने बात की और सभी को डॉ. बीआर अम्बेडकर की आकांक्षाओं को जारी रखने का संकल्प दिलाया।

इस कार्यक्रम में जीयागुड़ा नगरसेविका बोहिनी दर्शन, हैदराबाद मेट्रो वाटर वर्क्स एंड सीवरेज बोर्ड एससीएसटी के मानद अध्यक्ष जी. लक्ष्मीनारायण, नव भारत संगम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण, बीजेपी गोलकुंडा के जिला अध्यक्ष डी. राजेंदर संगम के प्रतिनिधि जी. विनय कुमार, एम महेश बाबू, एआर बालकिशन, वाई. जसवन्त कुमार, एम नरसिंग राव, ए एसवंत कुमार, एम. सुरेंद्र, डी. धनराज, एम. दर्शन, ए गौतम और अन्य ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



**कर्मघाट हनुमान मंदिर में रविवार को छठ पूजा का आयोजन किया गया। क्या शुभ अवसर पर भक्तों द्वारा डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया।**



**तेलंगाना एवं झारखंड के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल सीपी राधाकृष्णन टैंकबंड में बाबासाहेब डॉ. बीआर अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर रविवार को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।**

# अम्बेडकर जयंती पर सीएसआईआर में समारोह आयोजित

**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की प्रयोगशालाएं सीएसआईआर-एनजीआरआई, सीएसआईआर-आईआईसीटी और सीएसआईआर-सीसीएमबी ने रविवार को आयोजित एक विशेष समारोह में संयुक्त रूप से भारत रत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. बीआर अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, हैदराबाद के कुलपति प्रो. सीताराम राव कुसुम्बा का विशिष्ट संबोधन था। प्रो. कुसुम्बा ने डॉ. बीआर अम्बेडकरः भारतीय संवैधानिक मूल्य, शीर्षक पर व्याख्यान देते हुए भारतीय संविधान के वास्तुकार के जीवन और विरासत पर प्रकाश डाला गया।

प्रो. कुसुम्बा ने डॉ. अम्बेडकर की विचार प्रक्रिया, सिद्धांतों और मूल्यों जिसने भारतीय संविधान को आकार दिया, के कम ज्ञात पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर की समानता और स्वतंत्रता के एक शक्तिशाली वैश्विक प्रतीक बनने की दिशा में उनकी यात्रा के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान की।डॉ. अम्बेडकर द्वारा दिए गए आध्यात्मिक लोकतंत्र की अवधारणा के बारे में भी प्रो. कुसुम्बा ने विस्तृत रुप से बताया। यह अवधारणा नैतिक और नीति सिद्धांतों पर जोर देती है जो एक न्यायपूर्ण समाज और लोकतंत्र को रेखांकित करते हैं, जो लिखित संविधान के औपचारिक कानूनी ढांचे का पूरक है।

कार्यक्रम में इससे पहले सीएसआईआर-एनजीआरआई के निदेशक डॉ. प्रकाश कुमार ने भारतीय संविधान में डॉ. अंबेडकर के अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने सभी नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने और लोकतांत्रिक भारत के लिए एक मजबूत नींव स्थापित करने में डॉ. अम्बेडकर के अथक प्रयासों पर प्रकाश डाला।सीएसआईआर-सीसीएमबी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. ए. एस. श्रीधर, सीएसआईआर- आईआईसीटी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. ए. गंगाग्नि राव और तीनों प्रयोगशालाओं के एससी/एसटी कल्याण समिति के प्रतिनिधियों ने भी डॉ. अंबेडकर की विरासत पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। इस कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों और उनके परिवारों सहित 300 से अधिक लोग शामिल हुए। सीएसआईआर के प्रयोगशा-लाओं द्वारा यह संयुक्त कार्यक्रम डॉ. बीआर अम्बेडकर के चिरकालिक प्रभाव का एक प्रमाण है। सामाजिक न्याय, समानता और कानून के शासन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता भारत और दुनिया भर में पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

# अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी की बैठक सम्पन्न





हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)। अग्रवाल समाज तेलंगाना की मैरेज डेटा कमेटी की वर्ष 2023-25 के कार्यकाल की 27वीं बैठक समाज के कार्यालय राघव रत्ना टॉवर, चिराग़अली कार्यालय में आयोजित की गई। कमेटी के चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि बैठक में बालक एवं बालिकाओं के क़रीब 6 अभिभावक गण उपस्थित होकर नए बायोडेटा एवं उनके द्वारा दिए गये पहले के बायोडेटा के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। कमेटी द्वारा 2023-25 के इस कार्यकाल में पिछले 7 महीनों में 76 रिश्ते नक्की हुए। समाज की सभी शाखाओं के सदस्यों से आग्रह है कि समाज द्वारा जो निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है उसका पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त करें विशेषकर महिला शाखाओं से आग्रह है वे इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें आपके सहयोग के बिना यह कार्य असंभव है। बैठक पूर्वाह्न 11 बजे से 1 बजे तक नियमित समय पर हर रविवार को होगी सभी अग्रबंधुओं से इस सेवा का लाभ प्राप्त करने हेतु आग्रह है आगामी बैठक रविवार 21 अप्रैल को होगी। रविवार की बैठक के अतिरिक्त चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल के निवास बंजारा हिल्स में भी उनके फ़ोन नंबर 9396222880 से संपर्क कर अन्य दिन भी अग्रबन्धु इस सेवा का लाभ ले सकते हैं। बैठक में चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल, कन्वेनर रमेश तुल्सियान, वाइस चेयरमेन सतीश कुमार अग्रवाल, दीनबंधु अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अशोक दादरीवाला, सुनील मित्तल, फ़िसियोथेरेपी के डॉक्टर बालकृष्ण सुरेका एवं बालक बालिकाओं के अभिभावक गण आदि उपस्थित थे।

# श्री फलोदी खीचन लोहावट जैन संघ की बैठक सम्पन्न



हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)। श्री जिनदत्तसुरी जैन दादावाड़ी सिकंदराबाद में रविवार को श्री फलोदी खीचन लोहावट जैन संघ की बैठक रखी गई। जिसमें सभी ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। बैठक में कोर कमेटी का गठन किया गया। बैठक के पश्चात भोजन की व्यवस्था का लाभ दिलीप कुमार ललित कुमार की बैद परिवार ने लिया। बैठक मीमें प्रकाश लुनिया, धर्मेंद्र झाबक, विजय कोचर, सुनील पारेख, दिलीप बैद, ललित बैद, राकेश झाबक, कुशल पारेख, सुरेश गोलेछा, स्वरूप पारेख, नरेंद्र गोलेछा, दिलीप बैद, सुरेश लुंकड़, महेंद्र गोलेछा, किशोर गोलेच्छा, रमेश गोलेछा, महेश गोलेछा, माधुर बाफना, आनंद ओस्तवाल, किशोर झाबक, राकेश झाबक, पंकज झाबक और अजय झाबक और अन्य सदस्यों ने भाग लिया।



**लोध क्षत्रीय नगर कार्बन में उज्जवली महाकाली माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि उत्सव के अवसर पर मां के रतजगे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोध क्षत्रिय नगर के फाउंडर अध्यक्ष रामराज सिंह, शिवकुमार सिंह, उमेश सिंह, विनोद सिंह, मुकेश सिंह, संतोष सिंह लोधी, रघुवीर सिंह, सरदार सिंह, शीतल सिंह, कालू सिंह एवं माताओं और बहनों की उपस्थिति में भक्ति भाव और भजन में मगन होकर तीरथ प्रसाद ग्रहण कर कर पुण्य के भागी बने।**

# मुख्यमंत्री रेवंत ने किसानों को धोखा दिया : किशन रेड्डी

## भाजपा की आलोचना बंद कर अपनी पार्टी की छह गारंटियों के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करें सीएम



हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)। केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को भाजपा की आलोचना करना बंद करना चाहिए और अपने पार्टी नेतृत्व द्वारा वादा की गई छह गारंटियों के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। रविवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए किशन रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस ने 100 दिनों में सभी छह गारंटी लागू करने का वादा किया था, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही। किशन रेड्डी ने कहा कि सीएम रेवंत को भाजपा के घोषणापत्र की आलोचना करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्हें पहले अपनी पार्टी द्वारा किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए और फिर अन्य दलों पर टिप्पणी करनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने रेवंत रेड्डी पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने सत्ता में आने के बाद सभी कृषि ऋण माफ करने का वादा किया था, लेकिन अब तक उस दिशा में कुछ नहीं किया गया है। सीएम ने किसानों को बैंकों से कर्ज लेने के लिए उकसाया। अब स्थिति यह है कि न तो सरकार ने पुराने कर्ज चुकाए हैं और न ही बैंक किसानों को नया कर्ज दे रहे हैं। कृषि ऋण माफ करने में मुख्यमंत्री की विफलता के कारण किसान वित्तीय तनाव में हैं। किशन रेड्डी ने कहा कि वह सोमवार को भाजपा पार्टी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे और राज्य सरकार से किसानों से किए गए सभी वादों को लागू करने की मांग करेंगे।

# केटीआर ने सीबीआई मुख्यालय में के. कविता से की मुलाकात

हैदराबाद/नई दिल्ली, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने रविवार को दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के कार्यालय में अपनी बहन के. कविता से मुलाकात की। कविता दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में इस समय सीबीआई की हिरासत में है। कविता (46) को 11 अप्रैल को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कविता कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में बंद थीं।

इसके बाद एक विशेष अदालत ने उन्हें 15 अप्रैल तक के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया था। सूत्रों ने बताया कि अदालत से अनुमति मिलने के बाद केटी रामा राव ने सीबीआई मुख्यालय में अपनी बहन से आधे घंटे के लिए मुलाकात की। तेलंगाना विधान परिषद की सदस्य और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद थीं। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। ऐसे आरोप हैं कि कविता साउथ ग्रुप की प्रमुख सदस्य थीं, जिस पर राष्ट्रीय राजधानी में शराब लाइसेंस के एक बड़े हिस्से के बदले दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आपा) को 100 करोड़ रुपए की रिश्वत देने का आरोप है।

## सीएम रेड्डी पर पथराव मामले में एफआईआर दर्ज

# तेदेपा ने चुनाव आयोग से की तीन अफसरों के तबादले की मांग

विजयवाड़ा, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर हुए पथराव मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 307 के तहत एफआईआर दर्ज की है। विधायक वेल्लमपल्ली श्रीनिवास द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।



उधर मुख्यमंत्री पर पर हुए पथराव के बाद तेलुगु देशम पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से राज्य के तीन पुलिस अफसरों का तबादला करने की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया कि हाल ही में हुई पथराव की घटना में मुख्यमंत्री घायल हो गए थे, जिससे साबित होता है कि उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। बता दें कि शनिवार को विजयवाड़ा में चुनाव प्रचार के दौरान पथराव की एक घटना में मुख्यमंत्री की बाईं आंख पर चोट लग गई थी।

टीडीपी नेता और वरिष्ठ वकील रवींद्र कुमार ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने सीएम पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस विभाग के विफल रहने पर चिंता जताई। आगे लिखा गया है कि आंध्र प्रदेश पुलिस अपनी विफलता छुपाने के लिए टीडीपी कार्यकर्ताओं पर झूठे मामले दर्ज कर सकती है। उन्होंने चुनाव आयोग से पुलिस महानिदेशक केवी राजेंद्रनाथ, डीजीपी इंटेलिजेंस पीएसआर अंजनेयुलु और पुलिस आयुक्त विजयवाड़ा कांति राणा टाटा को तुरंत स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। साथ ही चुनाव आयोग से मुख्यमंत्री पर हुए हमले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग से अपील करता हूं कि वह इस हमले के असली दोषियों का पता लगाने और निष्पक्ष जांच तथा न्याय के हित में उन पर मुकदमा चलाने के लिए इस मामले की जांच किसी बाहरी एजेंसी जैसे सीबीआई या एनआईए से कराए।

# बजरंग सेना ने किया छाछ वितरण



हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)। भगवान अय्यपा स्वामी के जन्मदिन और डॉ.बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती के अवसर पर बजरंग सेना तेलंगाना टीम ने एनआर लक्ष्मण राव के नेतृत्व में पुतली बाउली चौरास्ता में छाछ वितरित किया। इस अवसर पर रजनी श्रीरामोजू महिला अध्यक्ष, सूर्या शुक्ला महासचिव, सुनील अग्रवाल संयुक्त सचिव, राजशेखर नगर अध्यक्ष, मधु चौधरी, कट्टा नीलू, नरेश, राजाराम, रामेश्वर मिश्रा, अरविंद मोरे, नवीन गुरु स्वामी, पिंटू, जेटन, आनंद नगला, मिश्रा, संजय दायमा, अरुण सिंह, राहुल, आशीष, श्याम गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रेमलता श्रीवास्तव के तृतीय कहानी संग्रह तुम भी का हुआ लोकार्पण

## त्रिभाषी कवि सम्मेलन व मुशायरे में कवियों ने खूब जमाया रंग




हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)। हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की 591वीं मासिक गोष्ठी में कहानीकार प्रोफ़ेसर डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव के तृतीय कहानी संग्रह तुम भी... का लोकार्पण नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में संपन्न हुआ। निमा रवि श्रीवास्तव ने अपनी मधुर वाणी में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। आरंभ में अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिए माँ सरस्वती की पूजा और दीप प्रज्वलित किया गया। ख़ुशबू का सफ़र के संपादक व वरिष्ठ शायर सलाहुद्दीन नय्यर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और गोलकोण्डा दर्पण के संपादक, संघ के संयोजक व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया।

मुख्य अतिथि उस्मानिया विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. संगीता व्यास द्वारा तुम भी (तृतीय कहानी संग्रह) का लोकार्पण संपन्न हुआ। लोकार्पण करने के पश्चात डॉ. संगीता व्यास ने कहा कि डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव की कहानियों में जीवन का यथार्थ है। कहानियों में लेखिका का व्यक्तित्व भी झलकता है। बड़ी ही प्रभावशाली कहानियाँ इस संग्रह में प्रकाशित हुई हैं। ठाकुर दिनेश सिंह ने हरियाणा के डॉ. ज्ञान प्रकाश पीयूष द्वारा लिखी गयी भूमिका को प्रस्तुत किया। गोलकोण्डा दर्पण के संपादक सहयोगी व कवि अब्दुल हमीद ख़ान ने डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव के परिचय को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।

श्याम सुंदर मूंदड़ा, डॉ. विट्ठल जोशी, श्रुतिकांत भारती, राजेश सिंह वर्मा, प्रदीप जाजू, बजरंग लाल अग्रवाल आदि ने बतौर विशेष अतिथि, विशिष्ट अतिथि और सम्माननीय अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे, उन्होंने डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि लेखक, कवि, साहित्यकार यथार्थ में जीता है। दिल की भाषा लिखता है जो दिलों को छू लेती है।

इस अवसर पर हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की ओर से डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव को शॉल और एक आकर्षक स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया है। डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के इस समारोह में विद्वतजनों ने जो सद्विचार व्यक्त किये हैं उसके लिए में हृदय से आभारी हूँ। इस लोकार्पण समारोह में कवि गोविंद अक्षय ने जो सहयोग व निःस्वार्थ सहायता प्रदान की है वह मुझे आजीवन स्मरणीय रहेगी। हैदराबाद में हिंदी और उर्दू के मिले-जुले कार्यक्रम होते हैं वह हैदराबादी परंपरा का एक अभिन्न अंग है। हम इस हैदराबादी सभ्यता व संस्कृति को बनाये रखने के लिए सदैव कार्यरत रहेंगे। विशेष अतिथि श्रुतिकांत भारती ने कहा कि डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने बड़ी ही प्रभावशाली शैली में कहानियों को लिखा है। उन्होंने कहानियों की ख़ूब सराहना और प्रशंसा की। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने अब तक जो कुछ भी लिखा है वह बहुत अच्छा लिखा है। वह हिंदी और संस्कृत की अच्छी लेखिका है।

इस अवसर पर कहानीकार डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव के सम्मान में त्रिभाषी (हिंदी, तेलुगु और उर्दू) कवि सम्मेलन व मुशायरा संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कवि अंजनी कुमार गोयल ने की, जिसमें अरुणधती कुलकर्णी, सुनील मिश्रा, रेखा देवी वर्मा, शिव कुमार तिवारी कोहिरी, अतियब एजाज, पत्रकार सदुल्ला ख़ान सबील, सुधा ठाकुर, उमादेवी सोनी, विजयलक्ष्मी बस्वा, अब्दुल हमीद ख़ान, चंद्र प्रकाश दायमा, उमेश चंद्र श्रीवास्तव, डी. प्रेमराज, डॉ. मुमताज सल्ताना, आर. दुर्गाराज पटून, सदानंदलाल गोगीकार, बृहस्पति शर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, अंजनी कुमार गोयल, शोभा देशपांडे, गोविंद अक्षय, डॉ. फरीदुद्दीन सादिक़, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, शायर सलाहुद्दीन नैयर आदि ने काव्य पाठ कर ख़ूब रंग जमाया और श्रोताओं की भरपूर दाद हासिल की।

इस अवसर पर ख़ुशबू का सफ़र के संपादक व शायर सलाहुद्दीन नैयर ने अपने वक्तव्य में कहा कि मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि नेहपाल सिंह वर्मा इस कार्यक्रम में माजूद हैं।

नेहपाल सिंह वर्मा ने हिंदी और उर्दू के मिले-जुले साहित्यिक कार्यक्रमों और मुशायरों की लगभग 50 वर्षों तक निःस्वार्थ सेवा की है। नेहपाल सिंह वर्मा और मुझे जनाब आबिद अली ख़ान और महबूब हुसैन जिगर साहब का सहयोग व संरक्षण प्राप्त था। युवा शायर गोविंद अक्षय नेहपाल सिंह वर्मा के वास्तविक उत्तराधिकारी की हैसियत से अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। इसके लिए मैं उर्दू शायरों और उर्दू बिरादरी की तरफ़ से उनकी सेवाओं का हृदय से स्वागत करता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। आशा है वे हैदराबाद की गंगा-जमुनी तहज़ीब को बनाये रखेंगे। रितेश सिंह, रवि श्रीवास्तव, ठाकुर प्रभात सिंह, श्रीमती उर्मिला वर्मा, श्रीमती संध्या वर्मा आदि गणमान्य व्यक्तियों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। अंत में कवयित्री डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दालों की जमाखोरी पर नकेल कसने की तैयारी



**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

दालों की जमाखोरी पर अंकुश लगाने व कीमतों को नीचे लाने के लिए सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। सरकार ने वायदा कारोबार से जुड़े व्यापारियों को चेताया है कि दाल की जमाखोरी करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। आधिकारिक बयान के मुताबिक, दाल के भंडार की ऑनलाइन निगरानी की कवायद के बीच उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे के साथ दाल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों की लगातार हो रही बैठकों में सभी व्यापारियों को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है।

साथ ही, सरकार घरेलू बाजार में दालों की कीमतों में कमी लाने व उपलब्धता बढ़ाने के लिए म्यांमार से ज्यादा आयात की व्यवस्था कर रही है। सरकार ने खाद्य महंगाई को काबू में रखने के लिए कई उपाय किए हैं, जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में भी दिखाई दिए। यह महंगाई नौ महीने के सबसे निचले स्तर पर 4.85 फीसदी है। इसके बावजूद दालों की कीमत में बहुत कमी नहीं आई है। यह अब भी दहाई अंकों में 17.7 फीसदी पर है।

सरकार दालों के भंडार की निगरानी के लिए 15 अप्रैल से ऑनलाइन पोर्टल शुरू करने जा रही है। उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, आयातकों व व्यापारियों को हर हफ्ते आयातित मटर सहित सभी दालों के स्टॉक की सटीक घोषणा करनी होगी। सचिव निधि खरे ने वायदा कारोबारियों को बताया कि म्यांमार में भारतीय दूतावास ने व्यापारिक लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए 25 जनवरी से रुपया और क्यात भुगतान तंत्र शुरू किया है। इसके तहत व्यापारियों को पंजाब नेशनल बैंक से विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के माध्यम से रुपया-क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इससे उन्हें व्यापार में आसानी होगी।

# झुंझुनूं में अब तक 16.50 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

**झुंझुनूं,14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान के झुंझुनूं में आचार संहिता के बाद पुलिस अब तक 16 करोड़ 56 लाख रुपए से ज्यादा की अवैध सामग्री जब्त कर चुकी है। पुलिस ने पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 16 गुणा ज्यादा कार्रवाई की है। जब्त की कार्रवाई में नगदी, शराब, मदार्थ पदार्थ समेत अन्य अवैध सामग्री है। जबकि पिछले लोकसभा चुनाव में झुंझुनूं पुलिस ने 27 लाख 84 हजार 450 रुपए की सामग्री जब्त की थी। लेकिन इस बार 16 करोड़ 54 लाख 13 हजार 987 हजार रूपए की अवैध सामग्री जब्त कर चुकी है। जो पिछले चुनाव से 16 गुणा ज्यादा है। जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षी वर्मा ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद अब तक आबकारी अधिनियम में 78 प्रकरण दर्ज कर 10861 लीटर अवैध शराब जब्त की, जिसकी कीमत 15 लाख 38 हजार 665 रुपए है। वहीं एनडीपीएस एक्ट में 10 मामले दर्ज किए हैं, 12 लाख 59 हजार 50 रुपए का 61.824 किलो अवैध मदाक पदार्थ जब्त किया है। इसी तरह 1 करोड़ 69 लाख 2 हजार 760 रुपए नगदी जब्त की है। जिसमें एक करोड 54 लाख 90 हजार 600 रुपए केस जब्त कर इनकम टैक्स को सूचना दी थी। इसके अलावा अन्य 75 मामले दर्ज कर 73 वाहन समेत अन्य अवैध सामग्री जिसकी कीमत 16 करोड़ 12 लाख 4 हजार 112 रुपए है।

# चुनावी फिजा में कांग्रेसी नेताओं के बिगड़े बोल भाजपा ने कन्हैया कुमार को निशाने पर लिया

**बिलासपुर 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के दो बड़े नेताओं के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित टिप्पणी का मामला अभी थम नहीं पाया है और अब पार्टी के एक और प्रमुख नेता के बयान से हलचल मच गयी है। ताजा मामला कांग्रेस के स्टार प्रचारक एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) प्रभारी कन्हैया कुमार का है। कन्हैया ने कल बिलासपुर में पत्रकार वार्ता में कहा, देश के युवा जलियांवाला बाग गोलीकांड के सूत्रधार जनरल डायर की गोली खाने से नहीं डरे और अब संविधान को बचाने के लिए जनरल कायर को भगाना है।



भाजपा ने कन्हैया की इस टिप्पणी को लेकर उन्हें निशाने पर लिया है। भाजपा के युवा नेता एवं बेलतरा के विधायक सुशांत शुक्ला ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा , आश्चर्य की बात है कि कल तक भारत के टुकड़े-टुकड़े करने की बात कहने वाले कन्हैया मौका मिलते ही राष्ट्रवादी बन गए। जेएनयू की घटना आज भी लोगों की स्मृति में है। छद्म राष्ट्रवादियों को जनता चुनाव में माकूल जवाब देगी।

इससे एक दिन पूर्व शुक्रवार को आदिवासी बाहुल्य बस्तर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कवासी लखमा ने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी कर खलबली मचा दी। श्री लखमा ने चुनाव प्रचार के दौरान गोंडी बोली में अपने भाषण में कहा, कवासी लखमा जीतोड़, नरेंद्र मोदी ढोलतोड़। हिंदी में इसका भावार्थ कवासी लखमा जीतेगा, नरेंद्र मोदी मरेगा है। श्री लखमा की इस टिप्पणी पर भारत चुनाव आयोग ने संज्ञान लेते हुए प्रदेश चुनाव आयोग को कार्रवाई के निर्देश दिये, जिसके बाद दो थानों में कांग्रेस नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी।

इससे पहले गत दो अप्रैल को छत्तीसगढ़ के कद्दावर कांग्रेसी नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत की टिप्पणी सामने आयी थी। श्री महंत ने राजनांदगांव संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समर्थन में चुनावी सभा में कहा था, नरेंद्र मोदी के खिलाफ कोई लाठी लेकर खड़ा हो सकता है तो वह भूपेश बघेल हैं। हम लोगों को लाठी चलाने वाला और नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ने वाला आदमी चाहिए, जो भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव कर सकते हैं। प्रधानमंत्री पर इस टिप्पणी को लेकर श्री महंत के खिलाफ राजनांदगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस नेता ने हालांकि अपनी सफाई देते हुए कहा था कि उनके सहज और विशुद्ध छत्तीसगढ़ी वाक्यों को तोड़मरोड़ कर पेश किया जा रहा है।

# पोर्टेबल टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल हथियार प्रणाली के सफल परीक्षण



**नई दिल्ली 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने देश में ही डिजाइन और विकसित पोर्टेबल टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल हथियार प्रणाली की प्रौद्योगिकी दृष्टि से श्रेष्ठता साबित करने के उद्देश्य से कई सफल फायरिंग परीक्षण किए हैं। इस हथियार प्रणाली के शनिवार को राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में वारहेड उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए। परीक्षण के दौरान मिसाइल हथियार प्रणाली ने अचूक प्रदर्शन किया और वह सभी कसौटियों पर खरी उतरी।

यह प्रणाली दिन और रात में हमले करने की क्षमता रखती है और मुख्य युद्ध टैंको से लोहा लेने में सक्षम है। यह हथियार प्रणाली अब अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है इसके बाद इसे सेना में शामिल किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रणाली के सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और सेना की सराहना की है और इसे उन्नत प्रौद्योगिकी-आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने भी परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी।

# कांग्रेस ने जारी की दिल्ली की तीन सीटों समेत 10 और उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां।)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश से 10 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने चांदनी चौक संसदीय सीट से जेपी अग्रवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज को मैदान में उतारा है। राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं और आप चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जानकारी देते हुए कहा कि उम्मीदवारों के नामों का चयन कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने किया है।

पार्टी ने पंजाब से छह नाम भी जारी किए, इनमें अमृतसर से गुरजीत सिंह औजला, जालंधर से चरणजीत सिंह चन्नी, फतेहगढ़ साहिब से अमर सिंह, भटिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरूर से सुखपाल सिंह खैरा और पटियाला से धर्मवीर गांधी शामिल हैं। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से उज्जवल रेवती रमण सिंह को चुना है। इस बीच, कांग्रेस ने आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 75 उम्मीदवारों के नाम भी जारी किया है।

# बारह लाख की अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

**अजमेर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

ब्यावर जिला के जवाजा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अन्जाम देते हुए 12 लाख 50 हजार रुपए कीमत की दो किलो 430 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह चौधरी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाये जा रहे सघन जांच अभियान में उक्त अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी तस्कर चटाई की आड़ में अफीम की तस्करी किया करता था।

# तृणमूल सरकार अपनी कुर्सी बचाने की राजनीति में शामिल : राजनाथ

**अलीपुरद्वार 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार वर्तमान स्थिति में जनता के हित के लिए नहीं बल्कि अपनी कुर्सी बचाने के वास्ते राजनीति कर रही हैं। भारत एवं भूटान के अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र जयगांव में आज श्री सिंह ने अलीपुरद्वार के भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिग्गा की चुनाव प्रचार के क्रम में सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी देश में राजनीति करती है तो देश के लिए राजनीति करती है। पश्चिम बंगाल सरकार ने वर्तमान स्थिति में जनता के हित के लिए नहीं बल्कि उनकी कुर्सी बचाने के लिए राजनीति कर रही है।



श्री सिंह ने कहा कि लोगों की स्वास्थ्य उपचार के लिए केंद्र सरकार ने एक योजना बनाई है जो है कि आयुष्मान भारत योजना है लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता सरकार ने इस योजना को लागू करने से लोगों से वंचित कर रखा है। केंद्र सरकार ने दी गई यह योजना के तहत लोगों को पांच लाख तक की स्वास्थ्य बीमा योजना प्राप्त होता है, मगर पश्चिम बंगाल में सरकार जनता के समक्ष लागू करने से इनकार करके जनता को हक से वंचित कर दिया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता दीदी (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) ने जनता के अधिकारों को छिनने का काम कर रही है। वहीं, प्रधानमंत्री जनता के हित में काम करते रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना जो प्रधानमंत्री ने पक्का घर बनाने की योजना लागू की है जिसको यह पश्चिम बंगाल की जनता के समक्ष नहीं पहुंचने दे रही है। पश्चिम बंगाल में अगर भाजपा की सरकार बनती है तो यहां की जनता के लिए अवश्य ही पक्का घर योजना को लागू किया जाएगा।


श्री सिंह ने इस चुनावी जनसभा में उन्होंने ममता दीदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनती है तो यह तय है कि 2026 में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनेगी। इस अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र के बारे में उन्होंने कहा है कि इस क्षेत्र के उम्मीदवार अगर जीतकर संसद में आते हैं तो उन्होंने इस क्षेत्र के विकास के मुद्दे को लेकर संसद में आवाज उठाने में सक्षम होंगे। श्री सिंह ने कहा कि भारत के समक्ष दुनिया के विभिन्न शक्तिशाली देश डरते हैं,मगर इससे पूर्व की सरकारों से कोई नहीं डरता था। उन्होंने कहा कि जब से मोदी सरकार आई है तब से ही विभिन्न देशों का प्रतिनिधि व शक्तिशाली देश भी आज कांपने लगे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के समक्ष भारत का एक अलग सी पहचान है,पिछले कांग्रेसियों के समय में भारत में विभिन्न देशों से सामग्री निर्यात करना पड़ता था मगर आज भारत विदेशों में अपने देश में स्वदेशी पर बनाई गई सामग्री निर्यात करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, इस अंतरराष्ट्रीय भूटान बॉर्डर से मैं यह कहना चाहता हूं चीन हो या पाकिस्तान, भारत किसी से डरता नहीं है बल्कि आंखों में आंख मिलाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने की क्षमता रखता है। रक्षा मंत्री ने जनता के समक्ष अंत में यह कहा है कि पश्चिम बंगाल में आने वाले दिन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार निश्चित है। उन्होंने इसके लिए भाजपा की बहुमत की सरकार को 400 पार की सरकार बनाने की भी अपील की। इस चुनावी जनसभा में लगभग हजारों के तादाद में मोहम्मद सफीकुल इस्लाम के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की घोषणा की गई।

# आयकर अधिकारियों ने अभिषेक के हेलिकॉप्टर की तलाश ली: तृणमूल

**कोलकाता, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि आयकर अधिकारियों के एक समूह ने पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी की हल्दिया दौरे से एक दिन पहले परीक्षण के लिए यहां के बेहाला फ्लाइंग क्लब में आए हेलिकॉप्टर पर छापा मारा और तलाशी ली। एक बयान में, तृणमूल ने कहा, आईटी कर्मियों ने बनर्जी के सुरक्षा कर्मियों को रोका, प्रत्येक बैग को खोला, हेलिकॉप्टर के हर कोने की तलाशी ली और जब आयकर अधिकारियों को कुछ भी नहीं मिला, तो श्री मोदी की निराश टीम के लोगों ने काफी देर तक हेलिकॉप्टर को उड़ने नहीं दिया।

सत्तारूढ़ दल ने दावा किया कि जब बनर्जी के सुरक्षा कर्मियों ने कारण पूछा, तो वे (आयकर अधिकारी) मौखिक विवाद में पड़ गए और हेलिकॉप्टर को अवैध रूप से हिरासत में लेने की धमकी दी। बयान में कहा गया है, ये कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि जब बंगाल की बात आती है तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांप जाती है। वे किसी भी तरह से फिर से सत्ता में आने के लिए पूरे विपक्ष का सफाया करना चाहते हैं। तृणमूल ने आरोप लगाया, लेकिन पार्टी बंगला-बिरोधी भाजपा का मुकाबला करेगी और हम दिल्ली आकाओं के निर्देश पर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की गई इन डराने वाली रणनीति के कारण एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जब सुरक्षाकर्मियों ने वीडियो रिकॉर्ड किया, तो आयकर अधिकारियों ने उसे जबरदस्ती डिलीट करवा दिया और बहसबाजी भी की। पार्टी के राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने आरोप लगाया, अपनी हताशा में श्री मोदी और श्री शाह अब मतदान से सिर्फ पांच दिन पहले एक उम्मीदवार को प्रचार करने से रोकने के लिए आयकर विभाग का बेशर्मी से इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग, हमेशा की तरह, उस व्यक्ति की सेवा कर रहा है जिसने उन्हें व्यक्तिगत रूप से चुना और नियुक्त किया और आंखें मूंद लीं।




# महिला जनप्रतिनिधि पर हमला कर रहे झामुमो के गुंडे :बाबूलाल मरांडी

**रांची, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।**

झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गीता कोड़ा पर हुए हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अपनी हार की निश्चितता देख कर झामुमो के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गीता कोड़ा और उनकी सहयोगियों पर चुनाव प्रचार के दौरान जो कायराना हमला किया है उसकी जितनी निंदा की जाय कम हैं।

श्री मरांडी ने आज कहा कि दरअसल झामुमो और उनके सहयोगी दलों को पता है कि वे चुनाव में भाजपा के खिलाफ बुरी तरह हार रहे है, और इसी कुंठा में भाजपा के जुझारू कार्यकर्ताओं पर हमले कर रहे हैं। कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा का दावा करने वाली जेएमएम की सरकार के गुंडे जब महिला जनप्रतिनिधि पर हमला करते हुए नहीं डर रहे है तो जरा सोचिए की राज्य में जनता की क्या हालत होगी? कहा कि ये हमला सिर्फ गीता कोड़ा पर ही नहीं बल्कि सिंहभूम की जनता पर भी है जो गीता कोड़ा जी को अपना नेता मान चुकी है और सिंहभूम की जनता इसका सही सही जवाब देगी। श्री मरांडी ने कहा कि सरायकेला मुख्यमंत्री का गृह जिला भी है और इस कृत्य में उनकी भी संलिप्तता का हमें संदेह हैं। दरअसल जबसे गीता कोड़ा जी बीजेपी में शामिल हुई हैं और कांग्रेस और झामुमो की सरकार नाकामियां और भ्रष्टाचार पर मुखर रूप से बोलने लगी है उस दिन से हेमंत सोरेन और उनकी षडयंत्रकारी कोटरी ने पहले सोशल मीडिया पर और अब सामने से हमले शुरू कर दिए हैं। कहा कि झामुमो के सभी लंपटो और दंगाइयों को बता समझ में आना चाहिए कि गीता कोड़ा जी अब भाजपा की सिपाही है, उनके ऊपर हुआ हर हमला,लोकतंत्र पर हमला करना होगा और हम उसका माकूल जवाब देंगे।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, Reena spouse of Army No.JC733676P Nb/Sub Bijendra Kumar, R/o.Vill and Po:Rankhandi, Teh:Deoband, Dist:Saharanpur, U.P have changed my name from **REENA** to **REENA DEVI** vide affidavit sworn before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Army No.6940803W Hav M Venkatesan of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad ,Telangana hereby state that my daughter name is Changed From **V. DIVEYA** to **V. DIVYA.**

**CHANGE OF NAME**

I, Nagamani Kondababu Medasetti spouse of Army No.JC733249Y Sub KondababuMedasetti, R/o.H.No. 6-43, Vill&Po:Thadi Colony, Teh:Parawada, Dist:Visakhapatnam, Andhra Pradesh have changed my name from **Nagamani Kondababu Medasetti** to **NAGAMANI MEDASETTI** vide affidavit sworn before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Didyarani Devi spouse of Army No.6940535X LoitongbamIbomcha Singh, R/o.Vill:MalomTulihal Awang Leikal, Teh:Wangai, Dist:Imphal West, Manipur have changed my name from **DIDYARANI DEVI** to **LOITONGBAM BIDYARANI DEVI** vide affidavit sworn before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

# उमिया माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विधिविधान से जारी





**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज हैदरावाद सिकंदराबाद के तत्वावधान में उमिया धाम मेडचल मे निर्माणाधीन दक्षिण भारत के प्रथम मां उमिया माता के भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मे प्रतिष्ठा विधान आदि कार्यक्रम विधी विधान के साथ जारी है।

श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज के प्रचार-प्रसार संयोजक जसवंत सुराणी ने बताया कि समाज अध्यक्ष कांतीलाल गोर-णी एवं मंत्री हंसराज दडगा के नेतृत्व मे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मे आज शनिवार रात्रि गुजराती लोक डायरो का आयोजन किया गया जिसमे विख्यात संगीतकार गीताबेन रवारी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। अवसर पर तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का की धर्मपत्नी नंदिनी विक्रमार्का, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल उपस्थित थे। वहीं रविवार को प्रातः 5 बजे से प्रतिष्ठा विधिविधान प्रारंभ हुए। सुबह 9.30 बजे से श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज के डायमंड जुबली अंतर्गत समाज के पूर्व अध्यक्ष, मंत्री, वरिष्ठ सदस्यगण आदि का अभिनंदन किया गया। वहीं 11 बजे से आयोजित समारोह मे विशेष रूप से पूर्व मंत्री मल्ला रेड्डी, पूर्व मंत्री टी. पद्मा राव गौड ने भाग लिया। संस्था की ओर से सभी का अभिनंदन किया गया। 11.30 बजे से प्रेरक प्रवचनकार काजल हिन्दुस्तानी ने अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होने धमाकेदार अंदाज मे कहा कि वह सनातनी हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए वह खुद का जीवन समर्पित करने को तैयार है। उन्होने हिन्दू युवतियों से लव जिहाद से दूर रहने का आह्वान किया। इसके लिए नारी शक्ति को आगे आने की लिए विशेष आग्रह किया और युवा बेटियों को समर्थन करने और हिन्दू संस्कृति मे बलिदान करने वाली महान नारियों को याद करते हुए नारी को अपने अंदर की शक्ति को उजागर करने का निवेदन किया। अवसर पर सनातन धर्म पत्रिका के डॉ. विठ्ठलभाई भावाणी को जयंत सेठीया, आल इंडिया कच्छ कडवा पाटीदार यूथ सोसायटी के पाटीदार संदेश के शामजीभाई पटेल, श्री अखिल भारतीय कच्छ कडवा पाटीदार महिला संघ अध्यक्ष जशोदाबेन नाकराणी का सम्मान चंदाबेन लींबाणी द्वारा किया गया।

कांतीलाल पटेल ने पधारे सभी का स्वागत करते हुए कहा कि श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज हैदराबाद सिकंदराबाद के तत्वावधान मे श्री उमिया धाम, मुनीराबाद रोड, गुसाइगुडा विलेज के पास, नेल्लुकुन्टे के पीछे पुदुर, मेडचल मे दक्षिण भारत मे प्रथम वार पाटीदार बंधुओ की कूलदेवी माँ उमिया माता के विशाल मंदिर के साथ साथ श्री लक्ष्मीनारायण भगवान, श्री देवाधिदेव महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। उन्होने दरबार के भव्य शिखरबद्ध मंदिर मे आयोजित महापूजा तथा शिलान्यास विधी (खात मुहूर्त), धार्मिक समारोह व सभा, महाप्रसाद के सम्बंध मे विस्तृत जानकारी दी।

उन्होने श्री उमिया माताजी मंदिर उमिया धाम मेडचल तेलंगाना सोमवार को प्रातः से आयोजित कार्यक्रम मे तेलंगाना के राज्यपाल डॉ. सी.पी. राधाकृष्णन, केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, केन्द्रीय मंत्री परश-ोत्तम रूपाला, तेलंगाना स्पीकर गड्डम प्रसाद कुमार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, पूर्व सांसद जी. विवेक, पूर्व मंत्री इटेला राजेन्द्रा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम मे लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमतभाई पटेल, संयोजक दामोदर पटेल, केशवलाल पटेल, भगवानदास पटेल, जयंत पटेल, दयाराम मेघजी दिवाणी, नारायण हिरजी रवाणी, शामजी करशन जबुवाणी, जयंतीलाल रामजी सुराणी व शिवजी कानजी लींबाणी, करमशी डाह्या पाचाणी व गोविन्द रतनशी सोमजीयाणी, हंसराज नानजीभाई दडगा, रमेश विश्राम राजाणी व पुरूषोत्तम करशन रामाणी, नानालाल राजाराम सोमजीयाणी, पुरूषोत्तम तेजालाल रवाणी, केशवलाल चौधरी, अरविंद चौधरी, शामजी जशा पोकार, अंबालाल पटेल, प्रकाश वोरा आदि उपस्थित थे।

# वैदिक वाचनालय घांसी बाजार की कार्यकारिणी सभा आयोजित



**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

वैदिक वाचनालय घांसी बाजार की कार्यकारिणी सभा रविवार को वैदिक वाचनालय भवन घांसी बाजार में सम्पन्न हुई। प्रारंभ में संस्था के संयुक्त मंत्री आनंद अग्रवाल के निघन पर 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात अध्यक्ष मनीष सरायवाला ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तथा मानद मंत्री जितेंद्र मित्तल ने गत बैठक की कार्यवाही के अंश पढ़ कर सुनाए जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इसके बाद 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन पर चर्चा की गई तथा इसे भव्य रूप से वीर हनुमान मंदिर में मनाने का निर्णय लिया गया।

इसमे प्रसाद सजावट तथा साउंड सिस्टम लगवाने तथा अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु मनीष अग्रवाल को अधिकार दिए गए। कोषाध्यक्ष शेष कुमार गोयल और कार्यकारिणी सदस्य दीपक सरायवाला ने इस कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा सदस्यों से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सपरिवार ईष्ट मित्रो सहित उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं। भगवान हनुमान की आरती सायं 7 बजे की जाएगी।






# अग्रवाल समाज बालानगर की श्रावण की सैर बनारस और अयोध्या में होगी



**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज तेलंगाना की बालानगर शाखा की श्रावण की सैर के बारे में शाखा संस्थापक प्रमोद मोदी के ऑफिस में शाखा के सदस्यों द्वारा श्रावण की सैर 14 अगस्त बुधवार सुबह 9:30 बजे सिकंदराबाद से बनारस और अयोध्या में करने का निर्णय लिया गया।

श्रावण की सैर के इंचार्ज सुरेश गर्ग, सुनील मित्तल, ललित अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, योगेश अग्रवाल एवं विनीत खेतान को नियुक्त किया गया।

इस सभा में प्रमोद मोदी, सुरेश गर्ग, सुनील मित्तल, अशोक अग्रवाल, ओमप्रकाश भडुन्दा वाले, ललित अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, नारायण श्रॉफ, योगेश अग्रवाल, पवन चौधरी, विनीत खेतान एवं अन्य ने भाग लिया।

***केसीआर ने शुरू किया पार्टी का चुनाव प्रचार अभियान, कहा***

# कांग्रेस और भाजपा ने तेलंगाना के लोगों को धोखा दिया


**हैदराबाद, 14 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत राष्ट्र समिति (बीआ-रएस) के अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव ने राज्य में अगले महीने होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रचार अभियान शुरू किया और लोगों से कांग्रेस और भाजपा दोनों को खारिज करने की अपील की। हैदराबाद के पास चेवेल्ला निर्वाचन क्षेत्र में प्रजा आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने तेलंगाना के लोगों को धोखा दिया है और दावा किया कि केवल बीआरएस ही लोगों के हितों की रक्षा कर सकती है क्योंकि पार्टी का जन्म तेलंगाना के लिए हुआ था।

बीआरएस प्रमुख ने लोगों से मतदान करते समय सोच-समझकर निर्णय लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान लोग कांग्रेस के झूठे वादों का शिकार हो गए और परिणामस्वरूप उन्हें पीने और सिंचाई के लिए पानी मिलने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। केसीआर ने कहा कि टैंकर वापस आ गए हैं जबकि



पानी की आपूर्ति की कमी और निर्बाध बिजली प्रदान करने में सरकार की विफलता के कारण 20 लाख एकड़ से अधिक फसलें सूख गई हैं। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि अगर वे कांग्रेस या भाजपा को वोट देते हैं, तो ये पार्टियां लोगों के लिए कुछ नहीं करेंगी क्योंकि उन्हें लगता है कि लोगों ने झूठे वादे करने और उन्हें धोखा देने के बावजूद उन्हें वोट दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर लोग सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बीआरएस उम्मीदवारों को चुनते हैं, तो उनके पास सरकार से सवाल पूछने और अपनी समस्याओं का समाधान करने के लिए एक मजबूत विपक्ष हो सकता है। उन्होंने पूछा कि लोगों को कांग्रेस और भाजपा को वोट क्यों देना चाहिए और उनसे बीआरएस उम्मीदवारों को चुनने की अपील की क्योंकि वे ही लोगों की ओर से संसद में आवाज उठा सकते हैं।बीआरएस प्रमुख ने कहा कि लोगों को चुप नहीं रहना चाहिए बल्कि लड़ना चाहिए। उन्होंने उनसे कहा कि अगर वे चुप रहेंगे तो उनकी समस्याएं हल नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों को प्रलोभन देकर सत्ता में आई है। चार महीने के शासन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार लोगों के कल्याण के प्रति ईमानदार नहीं है। केसीआर ने भी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने तेलंगाना के लिए की गई एक भी प्रतिबद्धता पूरी नहीं की और राज्य की उपेक्षा की।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.